राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-183
लखनऊ, मंगलवार 20 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बिजली उत्पादन में पावर सरप्लस स्टेट बनेगा यूपी 03

पीएम के नेतृत्व में देश आज किसी भी आपदा से निपट सकता है : शाह 12


## संक्षिप्त समाचार

### शाहजहांपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 12 गौवंशों की मौत

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर विचरण कर रहे गौवंशों का एक झुंड ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में करीब एक दर्जन गौवंशों की मौत हो गई और एक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। राष्ट्रीय गौरक्षक दल के मंडल कोषाध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब पांच बजे रोजा थाना क्षेत्र में बिलिंदापुर गौटिया के पास गौवंश ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे बारह गौवंशो की मौत हो गई और एक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि सूचना पर राष्ट्रीय गौरक्षक दल के कई पदाधिकारी और रोजा पुलिस मौके पर पहुंची।जिनकी मदद से शवों को हटवाया गया। रोजा प्रभारी निरीक्षक ने बताया की बाहर गौवंशों की हादसे में मौत हो गई है। पशु चिकित्सक द्वारा शवों का परीक्षण किया गया और जिसके बाद सभी शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### सिद्दारमैया को राहत, कार्यवाही पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं पर 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन से संबंधित एक मामले शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली श्री सिद्दारमैया और अन्य की याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने उच्च न्यायालय के आपराधिक कार्यवाही पर रोक के साथ-साथ याचिकाकर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने की राशि पर भी रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने इस मामले के अन्य आरोपियों और मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडलीय सहयोगियों -एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी राहत दी।

### एक करोड़ 14 लाख की मार्फिन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना रामनगर की पुलिस द्वारा एक तस्कर को पकड़ कर उसके पास से एक करोड़ 14 लाख कीमत की अवैध मार्फीन बरामद की है। सोमवार को एडिशनल एसपी दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि रामनगर थाना प्रभारी रत्नेश पांडे के द्वारा की जा रही गस्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मिला पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो वह कुछ बता नहीं पाया। शंका होने पर पुलिस द्वारा उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास 1 किलो 40 ग्राम स्मैक मादक पदार्थ बरामद हुआ। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत एक करोड़ 14 लाख रुपए बताई गई है। रामनगर पुलिस ने बरियारपुर गांव के पास से पकड़े गए तस्कर का नाम रंजीत बताया है जो जिले के ही थाना कोठी के महरून पुर मजरे अकनपुर का रहने वाला है।

### राष्ट्रपति ने कांस्टेबल को जीवन रक्षा पदक से किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के कांस्टेबल शशिकांत कुमार को वर्ष 2023 के लिए प्रतिष्ठित 'जीवन रक्षा पदक' से सम्मानित किया। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि एक महिला रेल यात्री के जीवन को बचाने में उनके अद्वितीय साहस, सोच और त्वरित कार्रवाई की वजह से उन्हें ये सम्मानित पहचान मिली। शशिकांत कुमार ने 8 जून, 2023 को प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर उस समय असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन किया, जब उन्होंने एक महिला यात्री को गंभीर खतरे में देखा। महिला यात्री चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रही थी।

### एडी बेसिक का लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**आजमगढ़ ।** एंटी करप्शन आज़मगढ़ की टीम ने छापेमारी कर आजमगढ़ जिले के एडी बेसिक कार्यालय में तैनात लिपिक मनोज कुमार श्रीवास्तव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन टीम ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई की और लिपिक को गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम आजमगढ़ के प्रभारी सुखवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि लिपिक के अलावा एडी बेसिक मनोज कुमार मिश्रा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की 10 लाख करोड़ रुपए की 14000 परियोजनाओं की शुरुआत, कहा

# यूपी में बना व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों के चौथे भूमि पूजन समारोह में सोमवार को पूरे उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की 14000 परियोजनाओं की शुरुआत की। हम आपको बता दें कि ये परियोजनाएं विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, आईटी एवं आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, आवास एवं रियल एस्टेट, आतिथ्य एवं मनोरंजन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई उद्योगपति, शीर्ष वैश्विक और भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि और राजदूत भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का यूपी को फायदा हो रहा है जिससे प्रदेश में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद वहां लगाये गये स्टॉलों का भी अवलोकन किया और बाद में रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर प्रधानमंत्री का स्वागत-अभिनंदन किया। इसके बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर राज्य को उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी में उद्योग जगत के लिए अनंत अवसर की बेला है।



प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद वहां लगाए गए स्टॉलों का भी किया अवलोकन और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, आईटी व आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, आवास व रियल एस्टेट, आतिथ्य व मनोरंजन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं यह परियोजनाएं**

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यूपी के सामर्थ्य और डबल इंजन सरकार के परिश्रम पर पूरा विश्वास है। मैं योगी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। उद्योग जगत के साथियों के लिए यूपी में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से यूपी अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी।

### यूपी की तस्वीर बदल देंगे उद्योग

अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि यूपी में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में ना केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। बीते सात साल में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यहां आए सभी निवेशकों के बीच आशावाद दिख रहा है। डबल इंजन सरकार ने दिखाया है कि अगर बदलाव की सच्ची नीयत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता। बीते कुछ वर्षों में यूपी से होने वाला एक्सपोर्ट दोगुना हो चुका है। यूपी वो राज्य है जहां देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं। यहां सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। यहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। वेस्टर्न और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का बड़ा नेटवर्क यूपी से गुजरता है। नदियों के नेटवर्क का भी मालवाहक जहाजों के लिए उपयोग किया जा रहा है। ट्रांसपोर्टेशन सस्ता हुआ है।

### यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। सीएम योगी ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम की है, गोपेश्वर श्रीकृष्ण की है, बाबा विश्वनाथ की है। आज उत्तर प्रदेश भारत के श्रम शक्ति पुंज को एक अर्थशक्ति पुंज के रूप में बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमने स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

### यूपी सहित पूरा देश कर रहा प्रगति : राजनाथ सिंह



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यूपी समेत पूरा भारत प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री जी का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। जहां सामान्य जनप्रतिनिधि समस्या देखता है, वहां प्रधानमंत्री समाधान की ओर देखते हैं। जहां सामान्य जनप्रतिनिधि त्वरित लाभ की तरफ अपना ध्यान आकर्षित करता है, वहीं पीएम की दूरदर्शिता उन्हें चीजों को दूरगामी दृष्टि से आने वाले हजार साल के दृष्टिकोण से देखने को प्रेरित करती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री विश्व के नेतृत्व नभ में सबसे दैदीप्यमान नक्षत्र के रूप में दिखाई देते हैं।

### देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपी : नंदी



उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लिए विशेष है। आज का सुबह नया सवेरा लेकर आया है। आज हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। यूपी की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन है, जो भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री ने श्रीकल्कि धाम मंदिर की रखी आधारशिला

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (सोमवार) उत्तर प्रदेश के संभल जिले में श्रीकल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने श्रीकल्कि धाम मंदिर के मॉडल का अनावरण भी किया। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर अवधेशानन्द गिरि, वृन्दावन के सदगुरु ऋतेश्वर जी महाराज और महामण्डलेश्वर कैलाशानन्द गिरि महाराज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्रीकल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि त्रेत्रा में राम के रूप में, द्वापर में कृष्ण के रूप में और कलियुग में कल्कि के रूप में आयेंगे। भगवान राम के सारे काज नरेन्द्र मोदी के हाथों हुए हैं। राम मंदिर के रूप में करोड़ों करोड़ लोगों की आकांक्षा पूरी हुई है। कल्किधाम में भगवान आयेंगे। श्रीकल्कि धाम का निर्माण श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट करवा रहा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

## जौनपुर में दर्शनार्थियों से भरी बस पलटी, 28 श्रद्धालु घायल

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र स्थित त्रिलोचन बाजार के पास स्थित भवनाथपुर ग्राम में एक दर्शनार्थियों से भरी बस के पलट जाने से करीब 28 श्रद्धालु घायल हो गए, जिसमें पांच श्रद्धालुओं की हालात गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। यह घटना उक्त थाना क्षेत्र के एनएच 56 वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर रविवार को देर रात हुई। दुर्घटना की खबर मिलते ही रात में पुलिस प्रशासन के अधिकारी पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंच कर रेसक्यू किया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया है। जहां से पांच गंभीर रूप से घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। सोमवार सुबह पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ.अजय पाल शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश के जनपद शिप्रा (शिवपुरी) से बस संख्या यूपी 82 टी 9724 से बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आये थे।

## आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जी प्रश्नपत्र बेचने वाले तीन युवक गिरफ्तार

फर्जी प्रश्नपत्र, चार मोबाइल व नौ हजार रुपए बरामद

समृद्धि न्यूज

**मीरजापुर।** जिगना पुलिस ने क्षेत्र के मनकठी गांव से पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जी प्रश्नपत्र तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से फर्जी प्रश्नपत्र बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक जिगना चन्द्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि रविवार की देर रात पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जी प्रश्नपत्र तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को मनकठी गांव से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपितों के पास से कूटरचित दस्तावेज (प्रश्नपत्र), चार मोबाइल व नौ हजार रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेजा गया।

### पेपर लीक प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच की मांग

**लखनऊ।** एक्स प्लेटफार्म पर पुलिस भर्ती पेपर लीक व धांधली प्रकरण छाया है, अभी तक एक्स प्लेटफार्म पर 4 मिलियन से ज्यादा पोस्ट हो चुके हैं। पेपर लीक व धांधली के मामले की गंभीरता को देखते हुए युवा मंच ने हाईकोर्ट के निर्देशन में समयबद्ध उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई, जिससे लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षा माफियाओं समेत इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो सके और अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। इस संबंध में युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने मुख्यमंत्री के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर अभ्यर्थियों के पेपर लीक व धांधली के आरोपों को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। अभ्यर्थियों ने 17 व 18 फरवरी के द्वितीय पाली में परीक्षा पूर्व साल्वड पेपर के लीक होने व इसके सोशल मीडिया में वायरल होने का आरोप लगाया है।

## लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने संभाला थल सेना उप प्रमुख का पदभार

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेनाध्यक्ष उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। थल सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल बेहद चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल में 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू और कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था। उन्होंने बाद में इस इकाई की कमान संभाली। जनरल ऑफिसर को उत्तरी और पश्चिमी दोनों थिएटरों को संभालने का अनुभव है। अपने 39 वर्षों के करियर के दौरान उन्होंने देश भर में फैले चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण में कमांड नियुक्तियों पर काम किया है।

## लोकसभा चुनाव : सपा ने जारी की दूसरी लिस्ट

11 प्रत्याशी के नाम पर लगी मुहर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने कई बड़े चेहरे पर विश्वास जताया है।

सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी को उम्मीदवार बनाया है।



इसके अलावा मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, प्रतापगढ़ से एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा और चंदौली से वीरेंद्र सिंह को कैंडिडेट घोषित किया है। आप को बता दें कि सपा इससे पहले 16 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। सपा ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से इसके अलावा पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी ने राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### केंद्रीय मंत्री ने डीडी न्यूज के नए न्यूज प्रोडक्शन रूम का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी।** केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को गुवाहाटी में दूरदर्शन केंद्र के न्यूज प्रोडक्शन रूम का उद्घाटन किया। नए न्यूज़रूम में मल्टीमीडिया प्रोडक्शन की सुविधाएं हैं, जो क्षेत्र में डीडी न्यूज़ असम के न्यूज प्रोडक्शन की गुणवत्ता को बढ़ाएगी और समाचार बुलेटिन चलाने का समय बढ़ाने में भी मददगार होंगी।

### संदेशखाली मणिपुर दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली मामले में दायर याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि संदेशखाली मणिपुर नहीं है। मामले पर हाईकोर्ट ने स्यू मोटो (स्वतः संज्ञान) लिया है। वे ही इस पर ऑर्डर देंगे। याचिका पीड़ित महिलाओं की तरफ से एक वकील ने दायर की थी। संदेशखाली में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। अब कुछ महिलाओं ने मीडिया से कहा यहां रहना खतरनाक है। राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं, उन्हें हमारी आवाज उठानी चाहिए, लेकिन वे हमलावरों की आवाज उठा रही हैं। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लयू) की प्रमुख रेखा शर्मा सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने कहा- पिछले हफ्ते ही एनसीडब्लयू के दो लोग इस इलाके का दौरा करने आए थे।

## सीएम धामी ने 892 वन आरक्षी व 104 सहा. लेखाकारों को बांटे नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने सोमवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र गढ़ीकैंट में वन विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 892 वन आरक्षी और 104 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि त्वरित रूप से विभागों के अन्तर्गत रिक्त पदों पर प्रदेश के होनहार नौजवानों को अवसर प्रदान किया जा रहा है।

नियुक्ति पाने वाले 104 सहायक लेखाकारों में 59 वन और 45 तकनीकि शिक्षा विभाग के शामिल हैं। वन विभाग के अधीन अप्रैल 2017 से अब तक समूह ग के विभिन्न 4406 पदों पर नियुक्ति की गई है, जिसमें जुलाई 2021 से अब तक 2528 नियुक्तियां शामिल हैं।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी नव नियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी सच्ची लगन और मेहनत से अपने कार्य को निपुणता से करेंगे, इसकी उन्होंने अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि वन विभाग के जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं,उन पर प्रदेश के वन क्षेत्रों की सुरक्षा की बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

फैसला

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक निर्णय में कहा

## बेटे की सरकारी नौकरी पर भी मृत कर्मी की बेटी अनुकंपा की पात्र

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक निर्णय में कहा कि यदि मृत कर्मचारी का पति या पत्नी पहले से ही सरकारी रोजगार में है तो अनुकम्पा नियुक्ति नहीं देने की वैधानिक शर्त केवल पति या पत्नी तक ही सीमित है और इसे मृत कर्मचारी के बच्चों तक नहीं बढ़ाया जा सकता। न्यायालय ने माना कि अपने पिता की मृत्यु के समय बेटे का सरकारी नौकरी में होना अप्रासंगिक होगा। क्योंकि उसकी कमाई का उपयोग उसके अपने परिवार पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण के लिए किया जा सकता है।



सरकारी कर्मचारियों के लिए बनी मृतक आश्रित नियमावली 1974 के नियम 5 में मृत सरकारी कर्मचारी के परिवार से एक सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान है। हालांकि, यूपी सरकार द्वारा नियम में संशोधन किया गया। मरने वाले सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (पांचवां) संशोधन नियम 1999 में यह शर्त शामिल की गई कि मृत सरकारी कर्मचारी का जीवनसाथी सरकारी रोजगार में नहीं होना चाहिए। यह आदेश जस्टिस मंजीव शुक्ला ने कुमारी निशा की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने इस संशोधन को ध्यान में रखते हुए कहा कि विधायिका 1974 के नियमों के नियम 5(1) में संशोधन करते समय इस तथ्य के प्रति सचेत है कि यदि मृत सरकारी कर्मचारी का बेटा सरकारी नौकरी में है तो उसकी कमाई शेष के जीवन यापन के लिए उपलब्ध नहीं हो सकती। मृत सरकारी सेवक के परिवार के सदस्य इस कारण से कि बेटे की कमाई उसके अपने परिवार (उसकी पत्नी और बच्चों) के जीवित रहने के लिए होती है। इसलिए केवल निषेध शामिल किया गया कि यदि मृत सरकारी सेवक का जीवित पति या पत्नी किसी सरकारी नौकरी में है तो परिवार के अन्य आश्रित सदस्य अनुकम्पा नियुक्ति के हकदार नहीं हैं। मामले के अनुसार याची के पिता की प्राथमिक विद्यालय मनिकापुर ब्लॉक बेलघाट जिला गोरखपुर में हेडमास्टर के रूप में काम करते समय मृत्यु हो गई। वे अपने पीछे विधवा (याचिकाकर्ता की मां) दो अविवाहित बेटे और अविवाहित बेटी छोड़ गए। याचिकाकर्ता 75 प्रतिशत स्थायी रूप से दिव्यांग है और पूरी तरह से अपने पिता की कमाई पर निर्भर थी। याचिकाकर्ता ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। आवेदन के साथ उसने शपथ पत्र भी दिया कि उसका बड़ा भाई सरकारी नौकरी में है, लेकिन परिवार से अलग रहता है। यह भी कहा गया कि यदि याचिकाकर्ता को उनके पिता की मृत्यु के बदले अनुकम्पा नियुक्ति दी जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

# सड़क हादसे में मासूम के साथ महिला की मौत

## आनन-फानन में कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई पुलिस

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



अपने पौत्र के साथ बाइक से तीन वर्षीय पोती को लेकर दवा लेने जा रही महिला और पोती की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाईक चला रहा पोता बाल बाल बच गया। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी जोगेन्दर कनौजिया की 50 वर्षीय पत्नी गीतादेवी तीन वर्षीय पोती पीहू को लेकर पोते विकास के साथ मोटरसाइकिल से सोमवार को दवा लेने रामनगर जा रही थी। बदोसरांय कस्बे में मलामतशाह तकिया गेट के पास पीछे से गिट्टी लादकर आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने मोटरसाइकिल में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार दादी और पोती डम्फर के नीचे आ गई और दोनों की मौत मौके पर ही हो गई। गाड़ी चला रहा पोता उछल कर दूर जा गिरा जिससे उसे मामूली चोट लगी है। दादी पोती को कुचलने के बाद ड्राइवर डम्फर लेकर भागने लगा। जिसे ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने मरकामऊ से पकड़ कर कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बाईक चालक विकास के भाई संदीप की शिकायत पर बदोसरांय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक भाजपा जिलामंत्री रामसागर कनौजिया के चचेरे भाई की पत्नी और पोती है। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व सांसद बैजनाथ रावत के पुत्र भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुषार निगम, अमित पाण्डेय, प्रहलाद कनौजिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए। जिसके बाद बदोसरांय पुलिस ने आनन-फानन आवश्यक कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जांच पड़ताल के साथ ही कार्यवाही में जुट गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बदोसरांय प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि डम्फर और चालक को पकड़ कर कार्रवाई की जा रही है।

## प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का पूर्व चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला शाहकटरा मे आयोजित प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर मे पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रियाज़ अहमद ने आज कस्बे के मोहल्ला शाहकटरा मे आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहाकि खेल से शरीर मे ऊर्जा बनती है। यह खेल एक लोकप्रिय खेल है। जिसे देखने हेतु लोग अपना कीमती समय लगाकर भी आनंद लेते है। इस खेल से आपसी एकता प्रेम भाईचारा बना रहता है और लगन व मेहनत मे डटे रहे वही लोग एक दिन पूरी दुनियां मे अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। इस मौके पर वकील खजूर,सहवार हुसैन, जाकिर पूर्व सभासद, शहंशाह, गुलफान, जमील सहित तमाम सम्मानित लोग भी मौजूद थे।

# सांसद ने किया नवनिर्मित पुल का उद्घाटन

> सिंचाई और जल संसाधन विभाग ने 3 महीने के संघर्ष के बाद तैयार किया पुल

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



बांदा बहराइच राजमार्ग पर हैदरगढ़ चीनी मिल के निकट बने नवनिर्मित पुल का उद्घाटन सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार बांदा बहराइच राजमार्ग पर ग्राम पंचायत पोखरा के निकट पड़ने वाला यह पुल बीते माह अक्टूबर नवंबर के दौरान भारी वाहनों के आवागमन के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। सिंचाई और जल संसाधन विभाग द्वारा 3 महीने के संघर्ष के बाद यह पुल तैयार किया गया। जिस पर आवागमन सोमवार बाराबंकी जनपद के सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा शुभारंभ के बाद शुरू हो गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लक्ष्मन बाबू, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू आशु बाबू महामंत्री संतोष श्रीवास्तव सहित, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ राम देव सिंह, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आशुतोष अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष हैदरगढ़ कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू भैय्या , मण्डल अध्यक्ष त्रिवेदीगंज सचिन वर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुबेहा राम सागर मौर्या, पूर्व नगर अध्यक्ष शेखर मिश्रा, प्रधान पोखरा लक्ष्मन बाबू, मण्डल उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा, अतुल रावत, अधिशाषी अभियंता नवनीत कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# थाना जैदपुर पुलिस ने नौ जुआरियों को किया गिरफ्तार

**जैदपुर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

> जामातलाशी में 5070 रूपये बरामद

जुये की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा आज सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे नौ को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। जानकारी के अनुसार जैदपुर पुलिस द्वारा जूये की फढों पर अंकुश लगाने में लगातार दौड़ भाग में आज सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नौ जुआरियों को धर दबोचा। जुआरियों में सुफियान पुत्र मो0 रईस निवासी मेंहदी कटरा कस्बा व थाना जैदपुर दानिश पुत्र वसीर अहमद शबीब पुत्र वसीर अहमद निवासी उपरोक्त शरीफ पुत्र रकीब लुकमान पुत्र इरफान निवासी जावेद पुत्र आबिद. अता पुत्र रऊफ अहमद अनीस पुत्र वसीर निवासीगण बड़ापुर कस्बा व थाना जैदपुर कलामुद्दीन पुत्र मो. वसीम निवासी छेदा कटरा कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व जामातलाशी के कुल 5,070/- रूपये बरामद कर जुआरियों के विरुद्ध थाना जैदपुर में सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि नौ जुआरियों को गिरफतार कर कार्यवाही की गयी है। आगे भी जुआ खेलते हुये पाये गये किसी भी जुआरी को बख्सा नहीं जायेगा।

# प्रत्येक क्लास में एक छात्रा को मिलेगी पावर एंजिल की जिम्मेदारी

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



> मास्टर ट्रेनर पारुल शुक्ला और अमिता रस्तोगी ने बताया कि भविष्य के लिए उड़ान भरेगीं

जूनियर परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को अब पावर एंजल के रूप में निखारा जाएगा। प्रत्येक जूनियर विद्यालयों में पावर एंजल का गठन किया जा रहा है। इसे लेकर प्रशिक्षण आज से शुरू किया गया। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए सुगमकर्ता शिक्षको का तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज से बंकी, बनिकोडर और पूरेडलइ विकास खण्ड के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुरुवात हुई। प्रशिक्षण के उद्घाटन के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को खुद को सशक्त बनाने के साथ अन्य बालिकाओं को भी आत्मनिर्भर और शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि छात्राओं को योग के महत्व, कानूनी अधिकारों पर चर्चाओं, बालिका शिक्षा के माध्यम से जीवन में आने वाले बदलावों और मीना मंच के कार्य दायित्व में पावर ऐंजल की जिम्मेदारी पर चर्चा की जाएगी। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण में 15 विकास खण्ड और नगर क्षेत्र के यूपीएस और कंपोजिट स्कूल के लगभग 838 सुगमकर्ताओं शिक्षको को प्रशिक्षण दिया जायेगा प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु बेसिक के जूनियर विद्यालय में 6, 7, 8 कक्षा से एक-एक पावर एंजल का चुनाव करना है उनके कार्य , दायित्व निर्धारण के लिए प्रगति के पंख नामक पत्रिका से सुगमकर्ताओं द्वारा बालिकाओं को बताया जाएगा।

मास्टर ट्रेनर पारुल शुक्ला और अमिता रस्तोगी ने बताया कि भविष्य के लिए उड़ान भरेगीं पावर एंजल इस प्रशिक्षण से जितनी भी पावर एंजल बनेंगी वे सभी भविष्य में अपनी उड़ान को प्राप्त करेंगी। जल्द से जल्द पावर एंजल का गठन कक्षावार करके, केस हिस्ट्री पर भी काम शुरू किया जाएगा।

# रफी अहमद की जयंती पर मकबरे पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रफी अहमद किदवाई की जयंती के मौके पर कस्बा मसौली स्थित उनके मकबरे पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। रविवार की भोर मजार पर मिलाद एवं पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफी अहमद किदवाई ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अम्मार रिजवी अम्मार रिजवी ने कहा कि देश की आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्व रफी साहब द्वारा किए गए संघर्ष को भूला पना सम्भव नहीं है। यह वह सरजमी है जहां ऐसे शख्स ने जन्म लिया था। जिसने हिन्दुस्तान को सियासी ताकत एवं राजनीतिक सुझबुझ से मुल्क एकसूत्र में बंधाने कार्य किया है।जब भी इतिहास के पन्नों को पलटगे तो उनकी हमेशा यादें ताजी हो जायेगी। ट्रस्ट के सचिव रामनगर विधायक फ़रीद महफूज किदवाई ने कहा कि संघर्ष पूर्ण जीवन रहा है। जिससे हम लोगों को सीख लेने की जरूरत है उन्होंने कहा कि रफी साहब ने देश की आजादी के साथ सच्चाई का साथ देने वाले शख्स थे। जिनके द्वारा किए गए कार्यों को आज भी भुला पाना मुश्किल होगा।हम यही चाहते है कि विद्यालय के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें।अपने गांव और माता पिता का नाम रोशन करे। ट्रस्ट ने छात्राओं के लिए कम्पयूटर सेन्टर, सिलाई कढ़ाई के आलावा डिग्री कालेज के लिए बिल्डिंग का निर्माण करा रही है।

# खबरें एक नजर में

## युवक गिरफ्तार, कब्जे से चाकू बरामद

**जैदपुर, बाराबंकी।** पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्त मो0 सलमान पुत्र निवासी बुनकर कालोनी कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को काशीराम कालोनी जैदपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना जैदपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी है।

## भावनात्मक अनुरोध से प्रेरित होंगे मतदाता

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विधानसभा हैदरगढ़ में उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के नेतृत्व में इस बार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दूसरे नवाचार के अंतर्गत विधानसभा के मतदाताओं को भावनात्मक रूप से आगामी लोकसभा में अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए सुनियोजित अभियान 19 फरवरी से प्रारंभ कर दिया गया है। इस नवाचार का संचालन कर रहे मतदाता जागरूकता नोडल प्रभारी राहुल कुमार शुक्ल एसआरजी बाराबंकी ने बताया कि विगत माह सबसे बड़ा मतदाता जागरूकता लोगो बनाकर रिकॉर्ड बनाते हुए जनपद के मतदाताओं को शत प्रतिशत नैतिक मतदान हेतु प्रेरित किया गया था अब 19 फरवरी से 29 फरवरी तक 9 कार्य दिवसों में विधानसभा हैदरगढ़ के अंतर्गत ऐसे मतदेय स्थल जहाँ पिछले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था।

## डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट से संबंधित वेयर हाउसों का मासिक निरीक्षण सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, एडीईओ तौसीफ अहमद और राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद ने 114 किसानों को दी अनुदानित

**लखीमपुर खीरी।** कृषकों की कृषि भूमि कि सिंचन क्षमता में वृद्धि कर कृषि उत्पादकता बढ़ाने हेतु उथले, मध्यम गहरे एवं गहरे नलकूप का निर्माण करने के उद्देश्य संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत सोमवार को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा ने ब्लॉक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी महेंद्र बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख बेहजम प्रतिनिधि राम शंकर राज, सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) रामेश्वर सिंह संग संसदीय क्षेत्र धौरहरा के विभिन्न ब्लॉकों के 114 कृषकों को पूर्व निर्मित (2015-16 से) उथले नलकूपों के लिए अनुदानित डीजल पम्पसेट का प्रमाण-पत्र और अनुदानित डीजल पम्पसेट प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रेखा अरूण वर्मा ने कृषकों की आय दो गुना करने हेतु विभिन्न प्रकार की कृषकों को दी जा रही सहायता से अवगत कराया तथा कृषको का आह्वाहन किया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ का लाभ प्राप्त करे तथा किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अवगत कराये योजनाओ का लाभ लेने हेतु कृषको को स्वयं जागरूक होना चाहिये, जिससे समय से एवं अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में मानक विहीन सामग्री से हो रहा निर्माण

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जहाँ एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के दावे कर रही है, वहीं ग्राम पंचायतों में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कर करके सरकारी बजट का बंदर बांट किया जा रहा है। वहीं पंचायतों में हर काम में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। खाऊ कमाऊ नीति के चक्कर में कायदे कानून ताक पर रखकर नियमों के पालन से बेपरवाह हैं। लगातार खबरे समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बावजूद भी अधिकारी अनियमितताओं को अनदेखा कर मौन बने बैठे हैं। वही जब मीडिया कर्मियों द्वारा जानकारी लेने के जब फोन लगाया जाता है तो साहब का फ़ोन नही उठता। ताजा मामला विकास खण्ड बिजुआ की ग्राम पंचायत पिपरिया धनी का है, इन दिनों बन रही इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके सहूलियत के लिए बन रही इंटरलॉकिंग मे खुलेआम अव्वल ईंट की जगह घटिया ईंटों एवं मौरंग के स्थान पर बालू का प्रयोग किया जा रहा है। इंटरलॉकिंग की एजिंग मे नाम मात्र का मशाला लगाया जा रहा है जो जरा से वाहन निकलते ही एजिंग बिखर जायेगी।

## जेबीएस महाविद्यालय में ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक सेमिनार आज

**बाराबंकी।** कृषि में जोखिम को कम करने व कृषि को आपदा से बचाने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग तथा, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा समय समय पर मौसम के पूर्वानुमान की सूचना जारी की जाती है, जो वर्तमान में लगभग सत्य सिद्ध हो रही हैं। मौसम आधारित कृषि परामर्श के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड पुरेडलई क्षेत्र की जेबीएस महाविद्यालय दुलहदेपुर, टिकैतनगर में आज मंगलवार को ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

## जनपद में 214 उद्यमों की स्थापना से 1 लाख से अधिक लोगों को मिल सकेगा रोजगार



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

उप्र सरकार द्वारा आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन करते हुए निवेश करने वाले उप्र के समस्त उद्यमियों को सम्बोधित किया गया। इस कार्यक्रम को लाइव प्रसारण देखा गया। जनपद में रिटज् कान्टीनेंटल रिजार्ट में खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत की उपस्थिति में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 आयोजन किया गया। जनपद में कुल 381 एम.ओ.यू. हस्ताक्षिरत हुए, जिनके सापेक्ष रू0 23,034.21 करोड़ के निवेश प्रस्ताव एवं 145107 के रोजगार प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्राप्त 381 एम.ओ.यू. के प्रस्तावों में से 214 इकाईयां, जिनका कुल निवेश रूपये 11926.00 करोड़ तथा प्रस्तावित रोजगार 110255 है, का आज निवेश कार्यकम के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में रू0 10.00 करोड़ के कम लागत के विभिन्न निवेशकों प्रतिभाग किया गया। जनपद के रू0 10.00 करोड़ से अधिक के निवेशकों द्वारा जनपद लखनऊ के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-चतर्थ के उद्घाटन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। निवेशकों तथा आई.आई.ए. के जनपद स्तरीय चेयरमैन राजेश तिवारी तथा मण्डलीय चेयरमैन प्रमित सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अभूतपूर्व सहयोग उल्लेख करते हुए बाराबंकी में औद्योगिक हित में तैयार वातावरण के संबंध में विचार व्यक्त किए गए तथा यह भी अवगत कराया गया कि उनकों संबंधित विभागों द्वारा समस्त सहमति / अनापत्तियां ससमय प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि उद्यम स्थापनार्थ संबंधित समस्त आवश्यकताओं से समय पूर्ण किया गया है।

# 50 जोड़ों का दहेज रहित विवाह संपन्न, आठ ने किया रक्तदान



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी के बोध दिवस व कबीर साहेब के निर्वाण दिवस के के उपलक्ष्य में सतलोक आश्रम शामली में गरीब दास जी महाराज की वाणी का खुला पाठ ,दहेज मुक्त विवाह, रक्तदान शिविर,निशुल्क नाम दीक्षा, शुद्ध देसी घी के भंडारे का 4 दिवसीय आयोजन सतलोक आश्रम शामली सहित 10 बड़े आश्रमों किया जा रहा है जिसमें भारत के राज्यों के अलग अलग जिलों के अनुयाई भाग ले रहे हैं। भंडारे के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश के जिलों से हजारों की संख्या में अनुयाई सतलोक आश्रम शामली पहुंचे। शामली आश्रम में भारी संख्या में अनुयाई भाग लिए, और जगत गुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने सैकड़ों यूनिट रक्तदान अपनी स्वेच्छा से किया जो राजकोष में जमा किया गया। आश्रम में आध्यात्मिक प्रदर्शनी लगाई गई जिसमे पवित्र चार वेद,18 पुराण, गीता जी, बाईबल, कुरान शरीफ, गुरु ग्रन्थ साहिब आदि पुस्तके प्रमाण के लिए रखी गई। स्टेट कार्डिनेटर भगत हरदेश दास ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज के बोध दिवस व कबीर परमेश्वर के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में शामली सहित 10 बड़े आश्रमों में समागम मनाया जा रहा है जिसमे उत्तरप्रदेश के समस्त जिलों से संत रामपाल जी के अनुयाई बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। आज 50 जोड़ों का विवाह बिना बैंड बाजा, बिना घोड़ी, बिना बारात, बिना कोई ताम झाम के गरीब दास जी महाराज की वाणी द्वारा मात्र 17 मिनट में सम्पन्न हुआ और 250 यूनिट रक्तदान किया गया। समागम के तीसरे दिन भी भारी संख्या में परमात्मा के शिष्यों ने भंडारा प्राप्त किया। इसी मौके पर लखीमपुर के आठ लोगों ने रक्तदान किया। इस बात की जानकारी जिला लखीमपुर खीरी के कोऑर्डिनेटर रवि वर्मा ने दी।

## व्यापारी से डेढ़ लाख रुपए की ठगी मामला, पुलिस की हिरासत में आरोपी

**सिगाही खीरी।** कस्बे में विकलांग बिजली के दुकानदार से ग्रामों उद्योग योजना के तहत लोन करने के बहाने पैसे ठगने की डेढ़ लाख रुपए की ठगी ठगी के आरोपी को पीड़ित ने अपने साथियों के साथ पड़कर सिंगाही पुलिस के हवाले किया है। कस्बे के राजेंद्र बहादुर कनौजिया उर्फ महातिया निवासी वार्ड नंबर 3 सिंगाही महारानी सूरत कुमारी रोड पर बिजली की उपकरण बेचने की दुकान है और वह विकलांग व्यक्ति है। पीड़ित राजेंद्र दीपावली के दिन अपनी दुकान पर बैठा प्रकाश के पर्व का सामान बेच रहा था तभी प्रमोद पांडे निवासी महुआ रकेहटी दुकान पर आया और प्रधानमंत्री ग्राम उद्योग योजना के तहत बैंक लोन करने का प्रपोज समझा कर एक लाख रुपए नगद ले लिए और सारे कागजात भी ले गया और धीरे-धीरे दस दस हजार करके ?50000 और ले लिए। जब पीड़ित का लोन नहीं हुआ तो राजेंद्र ने 10 जनवरी को सिंगाही थाने में तहरीर देकर ठगी करने के आरोपी को पकड़ने की मांग की थी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। ठगी का आरोपी रविवार को कस्बे में दिखाई दिया जिसकी सूचना राजेंद्र को मिली तो राजेंद्र ने अपने साथियों को आगे किया और उसको ढूंढ कर पकड़ लिया और सिंगाही पुलिस के हवाले कर दिया है। सिंगाही थाना अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि ठगी का मामला नहीं है यह आपसी लेनदेन का मामला है जिसको एसआई देख रहे हैं।

कार्यक्रम

## कुल 6 विद्यालयों से लगभग 100 से ज्यादा बच्चों ने किया प्रतिभाग

# दौड़, कूद,कबड्डी जैसी तमाम प्रतियोगिताएं ग्राम रसूलपुर में हुई आयोजित

**गोला गोकरननाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**





> खंड विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बोले परिषदीय विद्यालयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएं बहुत ही सराहनीय हैं

गोला गोकर्णनाथ के ब्लाक कुंभी गोला की ग्राम पंचायत लाल्हापुर के संविलियन विद्यालय रसूलपुर जंगल में दो दिवसीय परिषदीय विद्यालय वार्षिकोत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा द्वारा मशाल जलाकर की गई।

खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएं बहुत ही सराहनीय हैं। आने वाले समय में पूरे ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों में इसी प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। बता दे संविलियन विद्यालय मे 4 प्राइमरी विद्यालय व 2 जूनियर विद्यालय समेत कुल 6 विद्यालय के लगभग 600 से ज्यादा बच्चे शामिल रहे जिसमें लगभग 100 से 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 19 फरवरी 2024 से 20 फरवरी 2024 तक आयोजित रहेगी। जिसमें प्रथम दिन की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा चुकी हैं वही दूसरे दिन 20 फरवरी को प्राइमरी मे सामान्य ज्ञान जूनियर सामान्य ज्ञान, निबंध, चित्रकला;बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण, योगा प्रदर्शन का आयोजन होना है।

**प्रथम दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताएं:** प्राइमरी बालक वर्ग में दौड़ 50 मीटर दौड़ 100 मीटर, कबड्डी, रस्सा कसी, ब्लूरेस, बस्ता प्रतियोगिता, इसी प्रकार बालिका वर्ग मे दौड़ 50 मीटर, दौड़ 100 मीटर, कबड्डी, रस्सा कसी, ब्लूरेस, बस्ता प्रतियोगिता। वही जूनियर ;बालक वर्ग मे दौड़ 100 मीटर, दौड़ 200 मीटर, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद थ्रो, रस्सा कसी व बालिका वर्ग मे दौड़ 100 मीटर, दौड़ 200 मीटर, कबड्डी, खो-खो ऊंची कूद,लंबी कूद, थ्रो, रस्सा कसी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।

**इनकी रही मौजूदगी:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, ग्राम प्रधान लाल्हापुर जनार्दन गिरी, खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी ललित वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक केतन सक्सेना समेत कई संभ्रांत व्यक्ति शामिल रहे।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का ब्लॉक में देखा गया सीधा प्रसारण

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु आज लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हैदरगढ़ के ब्लॉक सभागार भवन में देखा गया। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ सोमवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिए प्रदेश भर में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे. इसके साथ ही प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे. प्रधानमंत्री मोदी सीएम योगी के साथ यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे. साथ ही मुख्य जीबीसी हैंगर में वो प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए इन परियोजनाओं की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देंगे। प्रसारण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी खंड विकास अधिकारी संदीप गुप्ता अदिति श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष हैदरगढ़ कृष्ण कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष सुबेहा रामसागर मौर्य सेक्रेटरी उदय शुक्ला पवन कुमार राजेश मौर्य सहित ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी एवं प्रधानगण उपस्थित रहे।

# राजधानी में सीएनजी की सप्लाई बंद, हजारों लोग हो रहे परेशान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ग्रीन गैस लिमिटेड की उदासीनता के चलते राजधानी लखनऊ में सीएनजी की सप्लाई प्रभावित चल रही है। ग्रीन गैस सीएनजी की सप्लाई नहीं कर पा रहा है जिससे शहर की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बाधित होने के साथ ओला उबर,रैपिडो चालकों के सामने आय की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। रात के दौरान आवागमन के लिए यात्रियों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो गयी है।

बीते कई दिनों से लखनऊ के सीएनजी स्टेशनों पर सप्लाई रात में 12 से सुबह 6 बजे तक बंद कर दी जा रही है जिसके कारण राजधानी लखनऊ के हजारों टैक्सी चालक परेशान हैं। ऐसा कई दिनों से हो रहा है।

सीएनजी ना मिलने से जहां चालकों की आय प्रभावित हो रही है वहीं ओला उबर की बुकिंग करने वाले यात्रियों को भी रात में टैक्सी नही मिल पा रही है। ग्रीन गैस लिमिटेड बिना किसी नोटिस के सीएनजी की सप्लाई अचानक बंद कर दे रहा है जिसके कारण चालक परेशान हैं। ग्रीन गैस लिमिटेड जल्द से जल्द आपूर्ति को सामान्य करे और यदि सप्लाई बंद करना है तो इसका नोटिस हर स्टेशन पर चस्पा करे। आपूर्ति बाधित रहने से कार्मिशियल संचालकों के सामने आय की समस्या प्रभावित हो गई है।

# देश के उत्थान में व्यापारियों ने हमेशा से दिया महत्वपूर्ण योगदान

▸ राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की विशाल व्यापारी रैली

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** देश के उत्थान में हमेशा व्यापारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है, चाहे आजादी की लड़ाई हो या राम जन्म भूमि पर मंदिर के निर्माण की बात हो, दोनो ही जगह व्यापारियों का योगदान सराहनीय रहा है। यह बात आज राजधानी के रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की विशाल व्यापारी रैली में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने आगे कहा कि इस देश के उत्थान में व्यापारियों का अप्रतिम योगदान रहा है, उनके कारण ही मंदिर का भव्य निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने व्यापारियों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने व्यापारियों की मांगों से सहमति जताते हुए कहा कि आज की सरकार में व्यापारियों का हित सुरक्षित है। पहले गरीब को मिटाने की बात होती थी, आज गरीब के कल्याण की बात होती है। पहले भ्रष्टाचार से व्यापारी पीड़ित थे, आज सुरक्षित माहौल में व्यापार कर रहे हैं।

रैली में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने अपने संबोधन में देश के 11 करोड़ खुदरा व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं को महामहिम के सामने रखते हुए खुदरा व्यापार मंत्रालय के गठन की मांग रखी। उन्होंने काफी बड़ी संख्या में व्यापारियों की कर्जदारी का मामला उठाते हुए कहाकि इस समय सरकारी और प्राइवेट माध्यम से क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन काफी संख्या में बांटे जा रहे हैं, इस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरूरत है क्योंकि इसके जाल में फंसकर व्यापारी आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने दया शंकर सिंह और कपिल देव अग्रवाल को एक सुझाव पत्र सौंपा, जिसमें जी एस टी का स्लैब कम करने, जी एस टी अदा करने वाले व्यापारियों को जब वे साठ वर्ष से ऊपर या काम करने में अशक्त हो जाएं पेंशन देने ,जी एस टी का सरलीकरण करने, विधान परिषद और राज्य सभा में व्यापारियों को नामित करने प्रदेश के निगमों में व्यापारियों को नामित करने ,दो लाख तक के ऋण माफ करने, ऑनलाइन बिजनेस पर रोक लगाने, व्यापारियों के लिए दैवीय आपदा कोष बनाने की मांग की गई है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने मनीष पटियानी को लखनऊ महानगर का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर महेश गोयल, ओंकारनाथ केशरी, जगत नारायण, रितेश अग्रवाल, शिवम विश्नोई, मनीष अग्रवाल, गोविंद बाबू टाटा, अश्विनी गुप्ता, अनीता अग्रवाल और कुसुम केशरवानी सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये तमाम व्यापारी उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### केजीएमयू का सर्वर ध्वस्त-ट्रामा लारी में काम-काज रुका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को प्रात: साढे आठ बजे से केजीएमयू के मुख्य सर्वर के ठप पड़ जाने से सारा काम काज रुक गया। दोपहर तीन बजे तक हालात वैसे ही बने रहे। सर्वर ठप होने से मेडिकल कॉलेज के पीआरओ काउंटर पर पैसा जमा कराने वालों की लंबी लाइनें लग गयीं। साथ ही ट्रामा सेंटर लारी आदि में मरीज की भर्ती की प्रक्रिया सहित मरीजों के सैंपल आदि कलेक्ट करना और सैंपल की जांच आदि भी भी बंद हो गया। इससे मरीज व तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच कई गंभीर मरीज के तीमारदारों ने निजी एंबुलेंस से निजी अस्पतालों का रुख कर लिया। मेडिकल कॉलेज प्रबन्धन भी समस्या का समाधान करने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। सूत्रों के अनुसार ऐसी स्थिति में आकस्मिकता में ये काम मैनुअल किये जा सकते है परंतु यहां के कर्मचारियों को किसी की परेशानी से कोई मतलब नहीं है परंतु काम न करने के बहाने अनेक है। इतने महत्वपूर्ण मेडिकल कालेज में इतने लबें समय तक मुख्य सर्वर का ठप पड़ना प्रशासन की घनघोर लापरवाही को दर्शाता है।

### बसपा के बिना कुछ पार्टियों की नहीं गलेगी दाल : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया मायावती ने सोमवार को अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी। कहा कि आए दिन गठबंधन सम्बंधी अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहां दाल गलने वाली नहीं है। सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा कि आगामी लोकसभा आमचुनाव बीएसपी द्वारा किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की बार-बार और स्पष्ट घोषणा के बावजूद आए दिन गठबंधन सम्बंधी अफ्वाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहां सही से दाल गलने वाली नहीं है, जबकि बीएसपी को अपने लोगों का हित सर्वोपरि है। उन्होंने लिखा कि अत: सर्वसमाज के खासकर गरीबों, शोषितों एवं उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनजर बीएसपी का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा आमचुनाव लड़ने का फैसला अटल है। लोग अफवाहों से जरूर सावधान रहें।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा रोकने के लिए प्रार्थना पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विकास नगर अंतर्गत कुर्सी रोड टेढ़ी पुलिया स्थित एवन प्लाजा के पीछे सरकारी जमीन पर दंबग द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि रहमत उल्लाह द्वारा सरकारी जमीन पर दबंगई से कब्जा किया जा रहा है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर मार्केट की सीडीओ का अवैध निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दबंग ने अपने दुकान से लगी हुए सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहा है। स्थानीय लोगों ने एकत्रित होकर दबंग के खिलाफविकास नगर थाना प्रभारी को कार्रवाई करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। जिसके बाद निर्माण कर्ता ने दिन में निर्माण बनाकर रात में निर्माण शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने कहां है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष को मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत करेंगे। स्थानीय लोग निर्माण कर्ता के खिलाफसंबंधित अधिकारियों से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देंगे।

### नावेद बने सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी की प्रदेश कार्यकारिणी में नावेद अहमद को उपाध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है। नावेद अहमद उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के बाद मित्र और समर्थकों में खुशी और हर्ष का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर नावेद अहमद ने कहा कि भाजपा के शासन में किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र सभी वर्गों के लोग दुखी है। महंगाई दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। अब भाजपा की विफलताओं और सपा की जन कल्याणकारी नीतियों से जनता को अवगत कराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। पार्टी से इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन करेंगे। संगठन को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के विचार और नीतियों को सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाकर समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

### शराब पीने का पत्नी ने किया विरोध तो पेट में मार दी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस चौकी हंसखेड़ा क्षेत्र की नई कांशीराम कॉलोनी के 28/12 ब्लॉक निवासी विमल कुमार यादव शराब पीने का आदी है। रविवार रात भी वह शराब पीकर घर पहुंचा था। करीब 10 बजे पत्नी सोनी (30) से शराब पीने को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच काफी देर कहा सुनी होती रही। इससे मामला बढ़ गया। आक्रोशित विमल ने लाइसेंसी रिवाल्वर से जान से मारने की नीयत से पत्नी के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही सोनी खून से लथपथ होकर गिर गयी। गोली की आवाज सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन सोनी को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। सोनी के एक पुत्र अभिषेक व एक बेटी अनन्या है। पड़ोसियों का कहना है कि सोनी ने विमल से लव मैरिज शादी की थी। सोनी उदयगंज की रहने वाली है। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। महिला के पेट में गोली लगी है।

### यूपी की अर्किता ने मास स्टार्ट स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की अर्किता वर्मा ने खेलो इंडिया महिला रोड साइकिलिंग लीग (ईस्ट जोन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। कोलकाता में 17 व 18 फरवरी को आयोजित लीग में अर्किता ने सब जूनियर ग्रुप की 10 किमी. रोड मास स्टार्ट स्पर्धा में 45 मिनट 47.099 सेकेंड के समय के साथ यह सफलता हासिल की। अयोध्या की रहने वाली अर्किता ने इससे एक दिन पहले सब जूनियर 10 किमी.व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में 18 मिनट, 55.288

# बिजली उत्पादन में पावर सरप्लस स्टेट बनेगा यूपी

▸ कुल निवेश के 22.50 प्रतिशत पर ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा विभाग का कब्जा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की कार्यक्षमता के बल पर उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक ऊर्जा की मांग को पूरा करने वाला राज्य बना, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में भी ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने सर्वाधिक 22.50 प्रतिशत का निवेश के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर है। प्रधानमंत्री के द्वारा आज लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दौरान 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं को धराताल पर उतारा गया है, जिसमें से ऊर्जा विभाग के 61,942 करोड़ रूपये के 09 प्रोजेक्ट्स भी शामिल है। वहीं अक्षय ऊर्जा,नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी यूपीनेडा की 182 परियोजनाओं की शुरुआत हुई। ये परियोजनाएं 1.30 लाख करोड़ रूपये से अधिक की है। बुंदेलखंड नई ऊर्जा का नया श्ऊर्जांचलश् बनने जा रहा है। यहां अक्षय ऊर्जा से संबंधित 15 हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतारी गई, जिससे विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि पावर सरप्लस स्टेट भी बनने की राह में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में विकास के साथ-साथ ऊर्जा की मांग में भी अनवरत बढ़ोत्तरी हो रही है। ऊर्जा के परम्परागत स्रोत सीमित होने तथा उनके दोहन से पर्यावरणीय प्रदूषण का भी खतरा मंडरा रहा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाने को लेकर प्रदेश सरकार प्रयासरत है। ऊर्जा विभाग के 61,942 करोड़ रूपये के 09 प्रोजेक्ट्स में एनटीपीसी के तीन प्रोजेक्ट रू सोनभद्र जिले में अनपरा 2 गुणा 800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल अनपरा ई थर्मल पावर प्लांट और 2झ800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ओबरा श्डीश् थर्मल पावर प्लांट। ओबरा के साथ ही सिंगरौली चरण-तीन, 1600 मेगावाट के 51,010 करोड़ रूपये के निवेश को धरातल पर उतरा गया है। आरईसी लिमिटेड द्वारा मौजूदा थर्मल पावर प्लांटों के आर एंड एम के साथ-साथ ओबरा सी, जवाहरपुर, पनकी एक्सटेंशन की थर्मल पावर परियोजनाओं की स्थापना गयी जिसकी कुल लागत 4,889.63 करोड़ रूपये है। पीएफसी लिमिटेड द्वारा मौजूदा थर्मल पावर प्लांटों के आर एंड एम के साथ-साथ ओबराश्सी, जवाहरपुर और पनकी की थर्मल पावर परियोजनाओं की स्थापना 2,779.09 करोड़ रूपये की लागत से की गयी है। गैर समझौता ज्ञापन परियोजनाएं अंतर्गत टीएचडीसी खुर्जा में 220 केवी एआईएस सबस्टेशन, तिर्वा कन्नौज और संबंधित लाइनों और 400 केवी अलीगढ़-शामली के एलआईएलओ का निर्माण 136.59 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। 400केवी मेरठ-शामली ट्रांसमिशन लाइन 164.53 करोड़ रूपये, 220 केवी वाराणसी कैंट, खागा फ्तेहपुर वसुंधरा गाजियाबाद 400 केवी एस, एस जेवर, जलपुरा, मेट्रो डिपो जीबी नगर और उनकी एसोसिएटेड लाइन्स आदि का निर्माण 1,551.47 करोड़ रूपये से कराया जा रहा है। वहीं 400 केवी गोंडा और 765 केवी मैनपुरी सबस्टेशन और एसोसिएटेड लाइनों का निर्माण 1,409.65 करोड़ रूपये से कराया जा रहा है।

### यूपी में विकसित हुआ बिजनेस कल्चर : मेश्राम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मुकेश मेश्राम ने कहा कि पर्यटन और संस्कृति विभाग की भूमिका भी कम नही है। उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।वन ट्रिलियन इकोनामी के लक्ष्य को उत्तर प्रदेश अवश्य हासिल करेगा। पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं और तमाम कार्य हो रहे हैं। यूपी भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बन रहा है। आज तमाम लोग वाराणसी, मथुरा और अयोध्या आना चाहते है। देश प्रदेश ही नही बाहरी मुल्कों में भी अयोध्या दर्शन की ललक पैदा हुई है। हर दिन लाखों लोग अयोध्या दर्शन के लिए आ रहे हैं। पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आमद को देखते हुए वहाँ के होटलों, रिसार्ट, हैरिटेज भवनों को विकसित किया जा रहा है ।यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन आदि की स्थिति बेहतर हुई है। हमारा लक्ष्य है कि हम अयोध्या आने वालों को रामयुग कैसा रहा होगा, ऐसा अनुभव वर्तमान में करा सकें। यूपी में छोटे उद्यमियों, एयरलाइन्स कंपनियों, होटल, रेस्टोरेंट वालों को अभूतपूर्व अवसर मिला हैं। यूपी में इज ऑफलिविंग और इज ऑफ्डूइंग बिजनेस पर जोर है। इन्वेस्टर समिट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर कहा कि इससे यूपी की ओर लोगो को और आकर्षण बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश में बिजनेस कल्चर विकसित हुआ है। निवेशकों को बिना परेशानी के जरूरी सुविधाये मिले तो निवेशकों का रूझान बढ़ता है। सरकार पूर्ण सहयोग दे रही है इसलिए निवेशक उत्तर प्रदेश की ओर रूख कर रहे हैं।

# यूपी को पहले कोई देखता नहीं था अब निवेश का महाकुंभ है : स्वतंत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का भव्य आयोजन किया जा रहा है।10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं में से सबसे अधिक यूपीसीडा की करीब 1.50 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला यहां पर रखी गई।

इसी के साथ ही इस सेरेमनी में यूपी को रिन्यूएबल एनर्जी के सेक्टर में भी अब तक का सबसे बड़ा निवेश मिलने जा रहा है। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में जीबीसी में 1.41 लाख करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ।

रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र की ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड और पूर्वांचल में लगाई जाएंगी तो वहीं कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं।उन्होंने कहा कि यह निवेश का महाकुंभ है।पहले उत्तर प्रदेश को कोई देखता नहीं था लेकिन मुख्यमंत्री योगी और पीएम मोदी के आने के बाद निवेश बढ़ा है।आज देश, दुनिया से लोग यहां निवेश के लिए आ रहे हैं।

### देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है यूपी : संजय प्रसाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि ये ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी बीते सात वर्षों में प्रदेश में जो इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव पूंजी में निवेश किया गया है उसका परिणाम है। इस आयोजन में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होगा। उन्होंने कहा कि यूपी अब देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

### यूपी में निवेश का अच्छा माहौल : यूसुफ

**लखनऊ।** लूलू ग्रुप के प्रबंध निदेशक एमए यूसुफका कहना है कि हम लखनऊ में भारत का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल बना चुके हैं। इसी तरह कई छोटे शॉपिंग मॉल प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में बनाए जाएंगे। वहीं, नोएडा में हमारे फूड प्रोसेसिंग प्लांट का 30 फीसदी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यूपी में निवेश का अच्छा माहौल है।

# शोधकर्ताओं ने पेटेंट को सुरक्षित रखने की समझाई पूरी प्रक्रिया

▸ एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों में नवाचार, पहुंच तथा लाभ बंटवारे तथा प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण विषय पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन आज संस्थान में आयोजित किया गया।

कार्यशाला के आरंभ में संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई के प्रभारी डॉ. लाल सिंह गंगवार ने आमंत्रित व्याख्याताओं, निदेशक एवं उपस्थित वैज्ञानिकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा किसानों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डॉ. जे.पी. मिश्रा, पूर्व सहायक महानिदेशक (बौद्धिक सम्पदा अधिकार एवं केंद्र राज्य समन्वयन), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. विवेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ नेबौद्धिक सम्पदा अधिकारों के पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क्स, इंडस्ट्रियल डिजाइन, ट्रेड सीक्रेट्स, पादप किस्में, भौगोलिक संकेतों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. श्रीपति राव कुलकर्णी, प्रधाव वैज्ञानिक, सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ने आविष्कार, सुरक्षा एवं प्रबंधन विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शोधकर्ताओं द्वारा अपने शोध को पेटेंट के रूप में सुरक्षित रखने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई।

डॉ. कुलकर्णी ने बताया कि किसी भी नवीनतम शोध को पेटेंट करने हेतु उस उत्पाद एवं प्रक्रिया में नवीनता, गैर स्पशता तथा उपयोगिता जैसी कसौटी पर खरे उतारने चाहिए। डॉ. विकास भाटी, सहायक आचार्य,डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार मूलभूत एवं समकालीन मामले एवं चुनौतियाँ विषय पर व्याख्यान देते हुए पेटेंट एक्ट 1970, पीपीवी एंड एफआरए 2001 टाथा कॉपीराइट एक्ट 1957 के विशेष प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया।

चुनाव | **अधिसूचना से पहले कई विपक्षी दलों के पदाधिकारी भाजपा में होंगे शामिल**

# लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने विपक्षी दलों में छेड़ा सेंधमारी अभियान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने विपक्षी दलों में सेंधमारी अभियान छेड़ दिया है। भाजपा अब सपा, कांग्रेस और बसपा की जमीन कमजोर करने में जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो संसद में भी कह चुके हैं कि विपक्ष अगली बार दर्शक दीर्घा में बैठेगा। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले सपा के कुछ विधायक, बसपा के सांसद और विपक्षी दलों के पदाधिकारियों को भाजपा में शामिल होंगे। कई पाला बदल भी चुके हैं। भाजपा की विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विपक्षी दलों के बूथ, वार्ड, मंडल, सेक्टर स्तर के एक से दो हजार कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल कराने की तैयारी है। रणनीति है कि विपक्षी पार्टियों का बूथ स्तर पर बस्ता लेने वाला भी न बचे। भाजपा का राज्यसभा चुनाव में आठवां प्रत्याशी उतारना सामान्य बात नहीं बल्कि बड़ी रणनीति का हिस्सा है। राज्यसभा के चुनाव में सपा के कुछ विधायक भाजपा के प्रत्याशी को मतदान करेंगे। सपा के कुछ विधायकों और बसपा के एक-दो सांसदों को पार्टी में शामिल कराने के लिए प्रदेश सरकार के तीन चार मंत्री जुटे हैं। सूत्रों की माने तो सपा के विधायक, पार्टी में शामिल होने पर उचित सम्मान और समायोजन चाहते हैं। बसपा सांसद लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते हैं। भाजपा को तो यह भी उम्मीद है कि चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक का वोट भी बीजेपी को मिलेगा। राज्यसभा चुनाव में आठ सीटें जीतकर न सिर्फ भाजपा राज्यसभा में मजबूत होगी बल्कि प्रदेश में विपक्षी दलों के खिलाफ माहौल बनेगा और सीधा असर चुनाव में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर ज्वाइनिंग के कार्यक्रम होंगे। हर कार्यक्रम में विपक्षी दलों के एक से दो हजार लोगों को भाजपा में शामिल कर क्षेत्र में माहौल बनायेंगे पार्टी की योजना लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों की जमीनी स्थिति को कमजोर करने की है। बूथ से लेकर विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराया जाएगा। बीजेपी के सांसद, विधायक, पदाधिकारियों के साथ वैचारिक संगठनों के पदाधिकारी अभियान में लगे हैं। राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के रूप में आठवीं सीट पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। इसे जीतने के लिए एक छोर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह वोटों की गणित सेट करने में जुटे हैं। दूसरे छोर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भी वोट जुटाने में लगे हैं। आठवां प्रत्याशी उतारने का निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के स्तर से हुआ है इसलिए उनका निर्णय सही साबित करना है।


आर्थिक विकास और सामाजिक उत्थान
नये उत्तर प्रदेश की यही पहचान

उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उद्योगों में अपार संभावनाओं पर मंथन

उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश

एफडीआई (FDI) कॉन्क्लेव
समय : प्रात: 10:00 बजे

एवं

एआई (AI) कॉन्क्लेव
समय : अपराह्न 4:00 बजे

स्थान : मेन हैंगर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ

मुख्य अतिथि
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

पीयूष गोयल
मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा, भारत सरकार

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

तथा

सामाजिक विकास में उद्योगों की भूमिका के प्रोत्साहन हेतु
'इंपैक्ट होराइजन'
सीएसआर (CSR) कॉन्क्लेव
उद्योग जगत एवं सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा
'कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' के रोडमैप पर प्रस्तुतीकरण
समय : अपराह्न 2:00 बजे
स्थान : मर्करी हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ

औद्योगिक विकास परियोजनाओं की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0
UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE लखनऊ
दिनांक : 20 फरवरी, 2024

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड के मुसापुर पंचायत भवन में शुक्रवार को डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। सहायक डाक अधीक्षक लालगंज राजेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राकेश द्विवेदी, हरी शंकर, शिव कुमार, के साथ ही ग्राम प्रधानों, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्तियो व ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना के खातों की पासबुक व ग्रामीण डाक जीवन बीमा धारकों को पालिसी बांड व पास बुक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सहायक डाक अधीक्षक लालगंज राजेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए डाक विभाग में आकर्षक योजनाओ की शुरुवात की गयी है। जिसमे 0 से 10 वर्ष तक कि लड़कियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र जिसमें महिलाएं एक हजार से 2 लाख रुपये तक प्रतिवर्ष जमा कर सकती है।

इस योजना में चक्रवृद्धि ब्याज के साथ ही बैंक की अपेक्षा ज्यादा ब्याज मिलता है। जिसमे आप कम से कम 250 रुपये प्रतिमाह का खाता खोलकर अधिक लाभ ले सकते है। बैंक के सापेक्ष पोस्ट आफिस में रुपया जमा करने से आपका रुपया सुरक्षित होता है। इसमें ब्याज



अधिक मिलता है। इसमें जमा किया गया रुपया से कभी कोई फाड नही कर सकता है। बिना अंगूठा लगाए कोई रुपया निकाल नही सकता है। आपका अंगूठा ही आपकी पासबुक है। पोस्टआफिस में जमा धनराशि की भारत सरकार की गारंटी होती है। पोस्ट आफिस के द्वारा इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता खोलने पर उसके माध्यम से अपने किसी बैंक के खाते का दस हजार रुपया तक डाकिया के माध्यम से अपने दरवाजे निकाल सकते है। वही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बृद्धावस्था, बिधवा व बिकलांग पेंसन, मनरेगा मजदूरी सहित बिभिन्न सरकारी योजनाओ का रुपया बहुत आसानी से कम समय मे इस खाते में आ जाता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जिस पोस्ट आफिस में जितना रुपया जमा होगा।

उक्त धनराशि का खाताधारकों को बैंक की अपेक्षा अधिक ब्याज मिलने के साथ ही उसका 90 प्रतिशत रुपया उस ग्राम सभा के विकास कार्यो में लगाया जाएगा। इस योजना से आपके लाभ के साथ ही ग्राम सभा में अधिक विकास कार्य हो जायेगे। इस मौके पर डाक विभाग के मेल ओवरसियर देवेश चौधरी, प्रदीप मिश्र,संतराम श्रीवास्तव, संतोष पांडे, विनीत कुमार, अभिनव सिंह, कुमारी आकांक्षा, आदि सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किसान को किया सम्मानित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में बजा महराजगंज विकासखंड के किसान का डंका उत्कृष्ट खेती कर क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने वाले एवं किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने पुरासी गांव निवासी गंगा सागर पांडे का हुआ सम्मान।

राजभवन में प्रदेश के 12 किसानों का सम्मान किया गया है जिसमें प्रथम स्थान रखने वाले महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के पुरासी गांव निवासी एवं मौजूदा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगासागर पांडे को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगासागर पांडे को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तो राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर



उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान गंगा सागर पांडे को सम्मानित किया।वही गंगासागर पांडे ने कहा कि प्रदेश में प्रथम स्थान पाने पर गर्व महसूस हो रहा है साथ-साथ मुख्यमंत्री और राज्यपाल के हाथों जो सम्मान मिला है इससे हौसला बड़ा है किसान गंगा सागर पांडे ने बताया कि एप्पल बेर ताइवान अमरूद की खेती करने पर मुझे सम्मानित किया गया है मैं अन्य किसानों से भी अपील करता हूं कि आप अपने यहां ऐसी खेती करें जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन जाए गंगासागर पांडे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया ।गंगा सागर पांडे को सम्मान मिलने पर ग्राम प्रधान क्षेत्र के संभ्रांत लोगों एवं किसानों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## खबरें एक नजर में

### रोहिताश्व सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लिया भाग

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के बरहा गांव निवासी उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहिताश्व सिंह तूफानी ने लखनऊ में सोमवार को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। उनकी इस उपलब्धि पर संगठन से जुड़े उद्यमियों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ किया। आयोजन में देश–विदेश की तमाम बड़ी कंपनियों के सीईओ व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मौके पर 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं की शुरुआत की गई। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से रायबरेली जनपद के बरहा के रहने वाले औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष रोहिताश्व सिंह तूफानी को भी बुलावा पत्र मिला था। शासन की ओर से औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि के रूप में आमंत्रित किए जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उद्यमियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि परियोजनाओं के शुभारंभ होने से प्रदेश देश में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, वहीं देश के जीडीपी में प्रदेश का बड़ा योगदान होगा। युवाओं के लिए 35 लाख से अधिक नौकरियों के अवसर खुलेंगे। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, 25 से अधिक निवेश फ्रेंडली नीतियां और प्रदेश की जनसंख्या उद्यमियों को परियोजनाएं स्थापित करने के लिए आकर्षित कर रही हैं। कहा कि उद्यमियों के हित में वह निरंतर प्रयास रत रहते हैं। इसी का नतीजा है कि शासन की ओर से उन्हें औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि के रूप में बुलाया गया। उनकी इस उपलब्धि पर हरि नारायण सिंह रिंकू, निशांत पांडेय, शिव प्रताप सिंह नाती, अखिलेश तिवारी, राजहंस विश्वकर्मा, शिवम शुक्ला, बिन्नू चौहान सहित तमाम उद्यमियों ने खुशी का इजहार किया।

### लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा काटा हंगामा

**राठ, समृद्धि न्यूज।** एबीएसए कार्यालय में तैनात लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिक्षकों ने हंगामा काटते हुए जमकर नारेबाजी की। शिक्षकों का आरोप है कि मानव संविदा आईडी स्थानांतरण के लिए लिपिक द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। इस दौरान शिक्षकों का हंगामा देख खंड शिक्षा अधिकारी मौके से भाग खड़े हुए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सरकार ने शिक्षकों को जिले के अंदर पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधा दी है। जिसका शिक्षकों ने दिल खोलकर स्वागत किया। बताया स्थानांतरित शिक्षकों की मानव संपदा आईडी एक ब्लाक से दूसरे ब्लाक में स्थानांतरित की जानी है। यह काम खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से होता है। आरोप लगाया कार्यालय में तैनात लिपिक रिश्वत की मांग करता है। रिश्वत न देने पर आईडी स्थानांतरित नहीं कर रहा। जिसको लेकर शिक्षक एक माह से भटक रहे हैं। सोमवार को संघ के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे शिक्षकों ने एबीएसए संतोष कुमार वर्मा से शिकायत की। एबीएसए का कहना था कि लिपिक उनकी बात भी नहीं मानता। जिसके बाद आक्रोशित शिक्षकों ने नारेबाजी की। नारेबाजी होते देख खंड शिक्षा अधिकारी मौके से भाग खड़े हुए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा मामले की शिकायत जिलाधिकारी व बीएसए से करेंगे। विनय राजपूत, अनिल, योगेश, आशीष राजपूत, श्रीकुमार, हेमंत पटेल, हामिद हुसैन, कामायनी, पुष्पेंद्र कुमार, रोहित कुमार, अनिल कुमार, विजय, रामकुमार, संदीप आदि शिक्षक रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा वह प्रश्नपत्र के काम में व्यस्त हैं।

### नौकरी दिलाने के नाम पर वसूले एक लाख, केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये वसूल लिए। पीड़ित को जब नौकरी नहीं मिली तो पैसा वापस मांगने लगा। पैसा न देने पर पीड़ित ने सीओ कैसरगंज को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। सीओ के आदेश पर कैसरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कैसरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम नौगंइयां निवासी सुनील कुमार गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रुपेन्द्र कुमार गौड को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका लड़का शिक्षित बेरोजगार है। उसे रमेश यादव ने बताया कि उसकी ट्रामा सेन्टर में काफी जान पहचान है और लखनऊ में कई लोगों की नौकरी लगवा चुके हैं। हमे एक लाख रुपये दीजिए। हम वहाँ पर खर्चा देकर तुम्हारे लड़के की नौकरी लगवा देगें। इनकी बातों पर विश्वास करके 26 दिसम्बर 22 को 50 हजार रुपये खाते पर और 10 जनवरी 23 को 50 हजार रुपये नगद दे दिया। काफी समय बीत जाने के बाद काम न होने पर जब पैसा वापस मांगा तो वह हीला हवाली करता रहा। पैसा मांगने पर न देने और फौजदारी को आमादा होकर गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रुपेन्द्र कुमार गौड ने कैसरगंज थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह ने बताया कि सीओ के आदेश पर रमेश यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी ग्राम चन्दीपुर, बिराहिमपुर बेल्हौरा के विरुद्ध धारा 406,504 का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### छावनी में नाले के किनारे मिला युवक का शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के छावनी चौराहे से दरगाह जाने वाले मार्ग पर महाराष्ट्र बैंक के सामने रविवार शाम लोगों ने नाले के किनारे एक युवक की लाश पड़ी देखी। सूचना पर सालारगंज पुलिस चौकी प्रभारी मदन लाल पुलिस बल के साथ पहुंचे। शव की पहचान नही होने पर फोटो व वीडियो ग्राफी कराकर शव पहचान को मार्च्युरी में रखवाया गया है। दरगाह थाना क्षेत्र के छावनी चौराहे से दरगाह जाने वाले मार्ग पर लोगों ने महाराष्ट्र बैंक के सामने स्थित नाले के किनारे युवक की लाश दिखाई पड़ने पर लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने थाने पर सूचना दी। सालारगंज पुलिस चौकी प्रभारी मदन लाल ने बताया कि शव की पहचान नही हुई है। शव की फोटोग्राफी कराकर पहचान को मार्च्युरी में रखवाया गया है। नियमानुसार 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**परिजनों में मचा कोहराम**


**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन मजरे हाजीपुर गाँव में सोमवार की सुबह एक 25 वर्षीय युवक का शव गाँव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध अवस्था में लटकता मिला इससे हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया। सूचना पर पहुंची ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोमवार की सुबह क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन का पुरवा मजरे हाजीपुर गाँव निवासी सूरज गुप्ता (25) पुत्र स्व. रामप्रसाद गुप्ता का शव संदिग्ध अवस्था में गाँव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान की बीम से रस्सी के फंदे से लटकता पाया गया।

### परिवारजन जता रहे हत्या की आशंका

मृतक की मां सावित्री के अनुसार सूरज शादी पार्टियों आदि में खाना बनाने का कार्य करता था। रविवार की शाम वह घर से किसी शादी समारोह में काम करने जानें की बात कहकर निकला था। देर शाम सूरज की पत्नी नीलम ने उसे फोन किया तो उसने सुबह घर लौटने की बात कही थी। अपने पिता की मौत के बाद से सूरज ही परिवार के सभी दायित्व निभा रहा था। घर में भी किसी बात को लेकर कोई क्लेश नहीं था तो फिर भला वह आत्महत्या क्यों करेगा। जरूर किसी ने उसे मारकर टाँगा है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक सूरज के दोनों पैर जमीन पर रखे थे। घटनास्थल के पास ही दो प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास पड़ी थी, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि घटनास्थल पर दो व्यक्तियों ने शायद शराब आदि का सेवन किया होगा।



घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के उपरान्त शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूरज की मौत से उसकी माँ सावित्री, पत्नी नीलम व दो वर्षीय बेटा नीलेश के साथ ही परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि प्रभम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है, बाकी मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनें के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत





**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के बंधवा मुजरे अरखा का है। जहां सोमवार सुबह 6:00 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग रामसेवक उम्र 70 वर्ष निवासी बंधवा अरखा और महिला को फूल कली उम्र 60 वर्ष निवासी बंधवा को जोरदार टक्कर मार दी ग्रामीणों द्वारा दोनों घायलों को आनंद फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने बुजुर्ग रामसेवक को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल महिला के मामूली चोट आने पर इलाज किया गया। वही टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार होने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस गश्त के दौरान पकड़ा गया सरिया चोर

**पुलिसकर्मियों ने 15 किलोमीटर चोरों का पीछा करने के बाद पाई सफलता**

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली पुलिस ने बहादुरी का परिचय देते हुए पीआरबी वैन से 15 किलोमीटर पीछा करने के बाद मय माल के चोर को दबोचा मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के देर रात 1755 पीआरबी वैन गश्त कर रही थी, तभी दो युवक बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से सामान लादकर जाते हुए दिखाई पड़े जिस पर पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने मोटरसाइकिल का पीछा शुरू कर दिया पुलिस को अपने पीछे आता देख दोनों बाइक सवार युवक भागने लगे पुलिस ने लगभग 15 किलोमीटर पीछा करने के बाद बाइक सवार को दबोच लिया वही अंधेरे का फायदा उठाकर एक युवक मौके से फरार हो गया तलाशी लेने पर उनके



पास से बड़ी मात्रा में सरिया बरामद हुई, पकड़े गए युवक की पहचान मुकेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी रामनगर दातपुर के रूप में हुई मैं उसका दूसरा साथी मनीष निवासी सुहाखेड़ा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया पूछताछ में युवक ने बताया कि वह दोनों ऐहार गांव के पास से सरिया चोरी करके ले जा रहा था पुलिस ने सरिया चुराने वाले चोर को हिरासत में लेकर थाने ले आई, वहीं फरार दूसरे आरोपी की तलाश शुरू करती है इसी बीच पुलिस के पीछा करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

# प्राथमिक विद्यालय बछरावां में सेवानिवृत शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बछरावां नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी द्वारा किया गया। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को समाज का महत्वपूर्ण अंग बताया और यह भी अवगत कराया की शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होता है आजीवन अपने ज्ञान के माध्यम से समाज की सेवा करता रहता है। वही इस कार्यक्रम की



अध्यक्षता राम फेर वर्मा ने की वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने गुरुजनों को माल्यार्पण व अंग वस्त्र प्रदान करके आशीर्वाद लिया। वही वही इस सम्मान समारोह के दौरान शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन प्राथमिक विद्यालय बछरावां के प्रधानाध्यापक बुद्धि प्रकाश अवस्थी ने किया। इस मौके पर उमाशंकर अवस्थी, बालकृष्ण चौधरी, जगन्नाथ वर्मा, रामसेवक, रामखेलावन वर्मा, विद्यावती पाल, शांति देवी, चंपा देवी, सावित्री देवी, रामकिशोर वर्मा, रामखेलावन यादव, राम प्रसाद, अब्दुल मोबिन, गया प्रसाद व जगदीश प्रसाद मिश्र मौजूद रहे।

# कोर्ट में पेशी के कारण रायबरेली देर से पहुंचेगी न्याय यात्रा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रायबरेली में पहुंचने के समय में बदलाव किया गया है। 20 फरवरी मंगलवार को रायबरेली पहुंच रही राहुल गांधी की यात्रा 2 बजे तक पहुंचने का समय दिया गया है। यह बदलाव सुल्तानपुर सत्र न्यायालय द्वारा जारी किए गए वारंट के कारण किया गया है। 2018 में मानहानि का एक मामले में राहुल गांधी सुल्तानपुर कोर्ट में पेशी पर रहेंगे। यह जानकारी कांग्रेस उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी सीपी राय ने दी।

सीपी राय ने यह भी बताया रायबरेली, अमेठी में यात्रा में शामिल होने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुद कहा था । आज उन्होंने कहा कि जब सीट फाइनल होगी तब वह शामिल होंगे। जब यात्रा शुरू की गई थी तब यह बताया गया था कि यह इंडिया की यात्रा है। देश को बचाने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। अखिलेश जी है तय करें कि वह लोकतंत्र बचाने के साथ हैं या नहीं। प्रियंका गांधी के यात्रा में शामिल न होने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी तबीयत सही न होने के कारण वे यात्रा में शामिल नहीं हो पाई हैं। राहुल गांधी के साथ राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्रा मोना, सुप्रिया श्रीनेत के साथ साथ, जय राम नरेश, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी इसमें शामिल होंगे।

### बीती रात चोरों ने किराना की दुकान में चोरी की घटना को दिया अंजाम

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बीती रात चोरों ने किराना की दुकान को निशाना बनाते हुए दुकान में रखे हजारों रुपए सामान पार कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक बीती रात शशिकांत वर्मा पुत्र राजा राम वर्मा निवासी पिण्डौली की मचौटी पुलिया निकट बहुदा खुर्द मोड़ के पास उनकी नितिन ट्रेडर्स के नाम से दुकान है रोज की तरह पीड़ित शाम को दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे सोमवार की सुबह लगभग 7:00 बजे पीड़ित के मोबाइल पर सूचना मिली की बहुदा खुर्द मोड स्थित पीड़ित की दुकान का ताला टूटा पड़ा है जब पीड़ित दुकान पर पहुंचा तो देखा कि उसकी दुकान में रखा 5 बोरी पशु आहार व 4 बाल्टी रसायनिक उर्वरक गायब थी पीड़ित ने आस पास के लोगों से जानकारी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

# ओला शोरूम में ग्राहक हो रहे ठगी का शिकार

**एक्स-1 एक्स प्लस इलेक्ट्रॉनिक बाइक लेना युवक को पड़ रहा है भारी**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ओला शोरूम पर ग्राहक हो रहे हैं परेशान लगातार पैसा भी दे रहे हैं फिर भी चल रहे हैं पैदल । महराजगंज क्षेत्र के दुसौती गांव निवासी कुणाल सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर 2023 को रायबरेली के कानपुर रोड पर स्थित अमरीश पुरी कॉलोनी शोरूम में मैं इलेक्ट्रॉनिक बाइक की




गाड़ी की जानकारी के लिए गया वहां पर हमें बाइक की अपेक्षा स्कूटर की जानकारी विशेषताओं की जानकारी दी गई और लच्छेदार भाषा में ऐसा लुभाया गया कि मैं तुरंत ही गाड़ी की बुकिंग के लिए मजबूर हो गया मैं एक गाड़ी ओला ×1 एक्स प्लस वहां पर बुक कराया बुकिंग अमाउंट के बाद 19 जनवरी 19 जनवरी को शोरूम के द्वारा गाड़ी प्राप्त हुई किंतु शोरूम से गाड़ी निकालने के बाद ही रास्ते में रास्ते में 20 बार गाड़ी बंद हुई और चालू करने के बाद दो-चार किलोमीटर चलकर बंद हो जाती थी क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक बाइक नई थी उसकी जानकारी कम होने के कारण दो-तीन दिन में इस बात को समझ नहीं पाया गाड़ी के अंदर कमी है जिसका अनुभव होने पर मैंने शोरूम में फोन के द्वारा जानकारी दी तब वहां से एक मिस्त्री हमारे घर भेजा गया जिसने गाड़ी में कुछ काम किया और कहा कि यह गाड़ी ठीक हो गई है उसके जाने के बाद जब गाड़ी चलाई गई तो समस्या जहां की तहां थी दोबारा संपर्क करने पर 25जनवरी को ग्राहक को शोरूम पर बुलाया गया और गाड़ी जमा करवा ली गई और यह कहा गया कि खराब पार्ट बदलकर एक हफ्ते में गाड़ी आपके घर डिलीवर कर दी जाएगी ग्राहक की किस्तें बराबर जा रही है किंतु न गाड़ी प्राप्त प्राप्त हुई ना राहत ऐसे में ग्राहक का ओला कंपनी से विश्वास उठ चुका है और वह कोर्ट जाने को मजबूर हो रहा है।

# 11 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गंगा तट डलमऊ पर स्थित महेश गिरी मठ संकट मोचन में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के क्रम में सोमवार को तीसरे दिन 11 बटुकौ का विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ हिंदू रीति रिवाज के तहत यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मैथ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में प्रतिदिन होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के क्रम में सोमवार को 11 बटुको का विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञोपवीत कराया गया और परिजनों द्वारा रीति रिवाज के तहत यज्ञोपवीत के कार्य कराए गए कार्यक्रम में गोविंद द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, तीर्थ पुरोहित संजय तिवारी और सचिन तिवारी, रानू तिवारी, कुश कुमार, अनिकेत, आकाश, तीर्थ पुरोहित मनीष, तीर्थ पुरोहित आयुष मिश्रा अभिषेक मिश्रा आदि 11 बटुक पवित्र यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया इस मौके पर राम चैतन्य सुशील शास्त्री स्वामी गीतानंद पंडित हरिश्चंद्र आदि के साथ बटुकों के परिजन मौजूद रहे।

# दबंगों ने दो महिलाओं और एक युवती को जमकर पीटा युवती की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जमकर चले लाठी डंडे दो महिलाएं एवं एक युवती हुई घायल युवती की हालत गंभीर जिला अस्पताल हुई रेफर। मामला कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा मजरे डोमापुर थाना महराजगंज कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बिशुना देवी निवासी भटपुरवा ने बताया कि प्रार्थनी उपरोक्त पते की निवासिनी है प्रार्थनी अवगत कराना चाहती है कि घटना दिनांक 18/2/24 लगभग 12:00 बजे छज्जा व पनारा का विवाद कई दिनों से चल रहा था । विपक्षीगण दबंग व सरहगं है कई दिनों से जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। प्रार्थनी के घर में घुसकर मारपीट की जान से मारने के इरादे से धारदार हथियार से मारा जिसमें प्रार्थनी के सर पर चोटें आई व प्रार्थनी की लड़की आरती पुत्री रामसनेही व भतीजी बबूला पुत्री सूरजपाल को गंभीर चोटे आई हैं। यदि बचाव ना करती तो सभी की जान भी जा सकती थी ।विपक्षीगण अत्यंत दबंग प्रवृति के व्यक्ति हैं वह कई दिनों से जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे लेकिन प्रार्थनी को शंका नहीं थी कि विपक्षीगण जान से मारने का षडयंत्र कर रहे हैं। प्रार्थनी व प्रार्थनी का परिवार गंभीर चोटों से लिप्त है । प्रार्थनी न्याय चाहती है। व प्रार्थनी का परिवार खून से लथपथ है उक्त विवाद पर मौका पाकर बगल की जमीन पर भी पिलर करवाने लगे जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कोतवाली पुलिस ने रामनरेश सुरेश पुत्रगण रामपाल रमेश कुमार राजेश कुमार सुमित कुमार पुत्रगण ओरीलाल व रामजियाई पत्नी ओरीलाल निवासी भटपुरवा मंजरे डोमापुर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और घायलों का इलाज चल रहा है।

# योजनाओं का लाभ पाने के लिए अफसरों की चौखट के चक्कर काट रहा नेत्रहीन

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत देवगांव का एक नेत्रहीन शासन की तमाम योजनाओं से अभी तक वंचित है। आवास, शौचालय, दिव्यांग पेंशन आदि तमाम सुविधाएं इससे कोसों दूर है। शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह अपने नाबालिग पुत्र को साथ लेकर अधिकारियों की चौखटों में मारा मारा घूम रहा है। सोमवार को दोपहर में विकासखंड कार्यालय आए देवगांव निवासी नेत्रहीन कामता प्रसाद पाल पुत्र सुखलाल पाल ने बताया कि वह जन्मांध है। उसके छह संताने हैं। जिसमें पांच लड़कियां और एक पुत्र है। कुछ उबड खाबड़ खेतिहर जमीन है। जिसमें खेती–बाड़ी कराकर परिवार का भरण पोषण करता है। पत्नी गांव में मजदूरी करती है। नेत्रहीन ने बताया कि उसको आज तक किसी भी तरह की सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। कहा कि गांव के सभी गरीबों को पीएम आवास, शौचालय आदि योजनाओं का लाभ दिया गया है। लेकिन उसको अभी तक किसी योजना का लाभ नहीं दिया गया है। सोमवार को वह दिव्यांग आवास के लिए ब्लाक कार्यालय आया हुआ था। लेकिन खंड विकास अधिकारी के क्षेत्र में जाने के कारण वह कार्यालय प्रांगण में ही बैठकर उनके आने का इंतजार कर रहा था। उधर ग्राम पंचायत अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि वह तीन माह पूर्व ही इस गांव में आए है। इनका नाम दिव्यांग आवास सूची में शामिल है। शौचालय के लिए आवेदन करें तो उसका भी लाभ दिया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बांदा बहराइच हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गए ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार को देर शाम 7:30 बजे सुधीर कुमार पुत्र रंगी लाल निवासी ग्राम में मवइया व सूरज पुत्र रामानंद पाल निवासी रतनापुर थाना निगोहां जनपद लखनऊ मोटरसाइकिल से घर जा रहें थे तभी अचानक थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बांदा बहराइच हाइवे गुड़िया गढ़ी मजरे खजूरों के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक घायल हो गए।

घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया गया दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं सीएचसी शिवगढ़ के ईएमओ डॉ प्रेम शरण ने बताया की दोनो घायल युवकों को शिवगढ़ पुलिस सीएचसी लेकर आई थी जिसमे सुधीर के कान से ब्लड आ गया था तो दूसरे सूरज का दाहिना पैर फैक्चर था दोनो का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरविंद सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई थी लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित

**कल्याणी शंकर**

कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं। भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नये मुख्यमंत्री कौन होंगे, इसे लेकर अटकलें तेज हैं। भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक राज्य में जीत हासिल की है। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हराकर जीत हासिल की है। हालांकि भाजपा ने उत्तर भारत में खुद को मजबूत कर लिया है, दक्षिण में उसे अभी भी पैर जमाना बाकी है। भाजपा की सफल चुनावी रणनीति ने उसके समर्थकों को एकजुट किया और आंतरिक संघर्षों को कम किया। संसद सदस्यों को उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने से पार्टी को तीन प्रमुख राज्यों में आंतरिक तोड़फोड़ को कम करने में मदद मिली। अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस को तेलंगाना में बढ़त मिली। पार्टी को कई नेताओं के दलबदल से भी बहुत फायदा हुआ, जो इसे एक व्यवहार्य दावेदार के रूप में देखने लगे, खासकर कर्नाटक में इसकी सफलता के बाद। एक बार जब यह स्पष्ट हो गया कि यह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) के लिए एक गंभीर चुनौती है, तो मतदाता कांग्रेस की ओर स्थानांतरित हो गये। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। दोनों पार्टियों को यह तय करना होगा कि स्थापित नेताओं को जारी रखना है या नये नेतृत्व की तलाश करनी है। कांग्रेस को तय करना होगा कि रेवंत रेड्डी को नियुक्त किया जाये या किसी नये चेहरे को। भाजपा के पास कई संभावित उम्मीदवार हैं, इसलिए मुख्य सवाल यह है कि नये नियमों को कैसे लागू किया जाये। भाजपा वसुन्धरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह जैसे पुराने नेताओं को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने के पक्ष में है, जो अपनी पारी खेल चुके हैं। नये उम्मीदवारों का चयन करते समय एक अन्य महत्वपूर्ण कारक उनकी जाति है। जातियों का विविध मिश्रण आवश्यक है, इसे राजपूतों या अगड़ी जातियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। साथ ही उनके प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जायेगा।

# क्या चुनावी मैदान जीतेंगे राहुल

**प्रो. रविकान्त**



**80 लोकसभा सीटों वाले उत्तरप्रदेश में जो पार्टी चुनाव जीतती है, वही देश पर राज करती है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि बीजेपी अगले 50 साल तक देश में राज करेगी। यानी भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की राजनीति, नितांत राज करने की नीति है। लोगों के साथ न्याय करना, उन्हें अधिकार सम्पन्न और आत्मनिर्भर बनाना, भारत को समृद्ध और सशक्त करना नरेंद्र मोदी एंड कंपनी का कोई उद्देश्य नहीं है। यही वजह है कि मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता, जब नीरव मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या जैसे धनकुबेर देश का करोड़ों रुपया लेकर फरार हो जाते हैं। नरेंद्र मोदी को नहीं फर्क पड़ता, जब किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ किसानों की मौत हो जाती है। रेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब देश का मान ऊंचा करने और तिरंगे को सम्मान दिलाने वाली महिला पहलवान न्याय की गुहार लगाते हुए दिल्ली की छाती पर धरना देती है**

पूरब से पश्चिम को जोड़ने वाली राहुल गांधी की न्याय यात्रा बीजेपी और संघ के सबसे मजबूत गढ़ में प्रवेश कर चुकी है। 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई मुम्बई तक 6700 किलोमीटर की होने वाली इस यात्रा में राहुल गांधी नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और बिहार होते हुए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय के लिए संकल्पबद्ध राहुल गांधी मान्यवर कांशीराम की कर्मभूमि उत्तर प्रदेश पहुंच चुके हैं। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा सूबा है, जो देश की तकदीर लिखता है।

80 लोकसभा सीटों वाले उत्तरप्रदेश में जो पार्टी चुनाव जीतती है, वही देश पर राज करती है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि बीजेपी अगले 50 साल तक देश में राज करेगी। यानी भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की राजनीति, नितांत राज करने की नीति है। लोगों के साथ न्याय करना, उन्हें अधिकार सम्पन्न और आत्मनिर्भर बनाना, भारत को समृद्ध और सशक्त करना नरेंद्र मोदी एंड कंपनी का कोई उद्देश्य नहीं है। यही वजह है कि मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता, जब नीरव मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या जैसे धनकुबेर देश का करोड़ों रुपया लेकर फरार हो जाते हैं। नरेंद्र मोदी को नहीं फर्क पड़ता, जब किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ किसानों की मौत हो जाती है। नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब देश का मान ऊंचा करने और तिरंगे को सम्मान दिलाने वाली महिला पहलवान न्याय की गुहार लगाते हुए दिल्ली की छाती पर धरना देती हैं। जब गुजरात के ऊना में दलित नौजवानों को नंगा करके पीटा जाता है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता। जब मणिपुर में पागल नफरती भीड़ दो महिलाओं को नंगा करके हांककर ले जाती है और सामूहिक बलात्कार करके हत्या कर देती है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता। जब चीन गलवान घाटी में घुसपैठ करता है, अरूणाचल प्रदेश में बस्तियां बसा लेता है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता। नोटबन्दी में सैकड़ों लोग लाइन में लगकर मर जाते हैं, कोरोना में लाखों लोग बेमौत मारे जाते हैं तब भी नरेंद्र मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता। नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता जब तालाबंदी में करोड़ों लोगों के पैर लहूलुहान हो जाते हैं, और हजारों गरीब मजदूर रास्ते में दम तोड़ देते हैं। नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब आंध्र प्रदेश से लेकर विदर्भ, बुंदेलखंड में आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से दबा हुआ किसान आत्महत्या करता है और बेरोजगारी की मार से बदहाल नौजवान सड़क पर बदहवास घूमता है। नरेंद्र मोदी ने देश को हिंदुत्ववादी उपनिवेश में तब्दील कर दिया है। 50 साल तक राज करने के लिए लोकतंत्र का गला घौंटा जा रहा है। मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है। चुनाव आयोग रीढ़विहीन केंचुआ बन गया। रिजर्व बैंक, नरेंद्र मोदी की पोशाक वाले रंगों के नोट छापने की मशीन हो गया। सरकारी एजेंसियां विपक्ष को ठिकाने लगाने का हथियार बन गई। आज देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। देश बदलाव की बाट जोह रहा है, न्याय की पुकार लगा रहा है। ऐसे समय में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। राहुल गांधी, जो निश्चित तौर पर चांदी की नहीं बल्कि सोने की चम्मच लेकर के पैदा हुए हैं। जिसके परिवार में एक नहीं तीन-तीन प्रधानमंत्री हुए, जिसने अपने पिता और अपनी दादी को खोया, जिसने अपनी मां को प्रधानमंत्री नहीं बनने के लिए प्रेरित किया, जो सत्ता नहीं बल्कि देश बनाने के लिए राजनीति में आया। वह व्यक्ति पिछले दो दशक से लोगों के लिए और लोगों के साथ पूरी शिद्दत के चल रहा है।

इसी उत्तर प्रदेश की जमीन पर राहुल गांधी ने किसानों को न्याय दिलाने के लिए भट्टा पारसौल में संघर्ष किया था। इसी तरह राहुल गांधी 2021-22 में दिल्ली की सरहदों पर हुए किसान आंदोलन के समर्थन में खड़े रहे। जब हाथरस में एक दलित बेटी के बलात्कार और उसकी मौत के अपराधियों को भाजपा का सत्ता तंत्र बचाने की कोशिश करता है तो राहुल गांधी वहां भी पहुंचते हैं। पुलिस वालों के धक्के और अपमान सहते हुए भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हाथरस की उस बेटी के न्याय के लिए अड़े रहे। राहुल गांधी ने कभी किसी पद और प्रतिष्ठा के लिए राजनीति नहीं की। उन्होंने संसद और सरकार का उपयोग कभी अपनी छवि चमकाने के लिए नहीं किया। राहुल गांधी सत्ता में रहते हुए भी निर्लिप्त और अहंकार मुक्त रहे। जब नरेंद्र मोदी की तानाशाही सत्ता देश की गरिमा और लोकतंत्र का गला घोंटने पर उतारू हो गई तो निर्द्वन्द्व और निर्भीक होकर राहुल गांधी निकल पड़ते हैं डगर-डगर भारत जोड़ो यात्रा पर। 2023 में दक्षिण के रामेश्वरम से लेकर के उत्तर के कश्मीर तक करीब 4000 किलोमीटर पैदल चलते हुए राहुल गांधी देश की धड़कन सुनते हैं। देश में बढ़ती नफरत और हिंसा को रोकने के लिए राहुल गांधी मुहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं। श्डरो मतश् नारे के साथ राहुल गांधी जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं देश का जनमानस उनके साथ बढ़ चलता है। महात्मा गांधी के जनसंघर्ष की यादें ताजा हो जाती हैं। गांधी जी विदेशी गोरों के खिलाफ सत्याग्रह कर रहे थे तो राहुल गांधी देशी संघी सत्ता के खिलाफसड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने संविधान और लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत किया। स्मरणीय है कि भारत के विचार पर हमेशा से संघियों की टेढ़ी नजर रही है। दलितों-वंचितों को सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने वाले समावेशी राष्ट्र की जगह वे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना देखते रहे हैं। नागपुर कार्यालय पर आजादी के बाद चार दशक तक तिरंगा नहीं फहराने वाले संघी आज भी संविधान से बेपनाह नफरत करते हैं! समता, न्याय, बंधुत्व, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता आदि संवैधानिक मूल्यों के प्रति आरएसएस का कोई विश्वास नहीं रहा है। संघी और उनसे जुड़े अन्य हिंदुत्ववादी संविधान के इन बुनियादी मूल्यों को चिन्दी-चिन्दी करके ध्वस्त करना चाहते हैं। इन्हीं मूल्यों को बचाने के लिए राहुल गांधी एक बार फिर सड़क पर हैं। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि अगर सड़कें सूनी हो जाएगी तो संसद आवारा हो जाएगी।श् आज संसद को बंधक बना लिया गया है। विपक्षी सांसदों के माइक बन्द करना आम बात है। उनका उपहास उड़ाया जाता है और अपमान किया जाता है। संसद में धार्मिक नारेबाजी की जाती है। बिना बहस के कानून पारित होते हैं। धार्मिक कर्मकांड के जरिए उनके विवेक पर हमला किया जा रहा है।

**विचार**

# चुनावी बॉड्स पर सुप्रीम रोक, ऐतिहासिक फैसला




**स्टेट बैंक ऑफइंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था। इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है। इस योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वोटर को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आ रहा है। उसने यह भी कहा कि यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है।**

सर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआमथुरा ईदगाह पर सर्वोच्च न्यायालय का आदेश अदालती रूख में कोई बदलाव नहीं सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को सुनाए अपने ऐतिहासिक फैसले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जारी किये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉड्स योजना पर रोक लगा दी है, जो संविधानसम्मत होने के साथ जनअपेक्षाओं के अनुरूप भी है। कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी आदेश दिया है कि वह 6 मार्च, 2024 तक उन सभी राजनीतिक दलों के नाम व प्राप्त राशि निर्वाचन आयोग को बतलाये जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाया है और इस जानकारी को आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर साझा करे।

इस जानकारी से ज्ञात होगा कि किस दल ने किससे और कितनी राशि प्राप्त की है। इस तरह सूचना के अधिकार की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पारदर्शिता एवं चुनावी सुधार की चारों दिशाओं के क्षितिजों का स्पर्श करने वाला यह निर्णय संसदीय प्रणाली के शुद्धिकरण की राह में मील का पत्थर कहा जा सकता है। इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमुख न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय बेंच ने एकमत से इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह सूचना के अधिकार के नियम का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने 2017 में यह योजना एक वित्त अधिनियम के रूप में लोकसभा से पारित कराई गई थी, जिसे 29 जून, 2018 को कानूनन लागू किया गया था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था। इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है। इस योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वोटर को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आ रहा है। उसने यह भी कहा कि यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है, जिसके कारण संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में उल्लिखित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ता है। सुनवाई के दौरान सरकार की दलील थी कि इससे राजनैतिक दलों की फंडिंग में काले धन का इस्तेमाल रुकेगा तथा फंडिंग साफ सुथरी होगी।

कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए कहा कि उसके दूसरे तरीके भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जानकारी जनता को न देने की सरकार के अटॉर्नी जनरल की यह दलील खारिज कर दी जिसमें कहा गया कि उचित प्रतिबन्धों के अधीन हुए बिना कुछ भी और सब कुछ जानने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि इस योजना में किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया। इस तरह सरकार ने इसे जनता की पहुंच से दूर रखा है जिसके कारण इसकी विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता दोनों ही संदेहों के घेरे में रही। इस योजना के नियमों के अनुसार एसबीआई की निर्दिष्ट शाखाओं से 1000 रुपये, 10,000 रुपओ 1 लाख, 10 लाख और एक करोड़ रुपए तक के बॉड्स खरीदे जा सकते हैं। इसकी वैधता 15 दिनों की है जिस अवधि में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत पंजीकृत एवं पिछले चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट पाने वाले दलों को प्राप्त सहयोग राशि का इस्तेमाल करना जरूरी है। इस बाबत कई वकीलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सिविल सोसायटियों तथा चुनावी सुधार के पक्षधरों ने आरोप लगाया था कि इसके माध्यम से कार्पोरेट घराने, व्यवसायी एवं वे लोग जो सरकारों से अपने काम कराना चाहते हैं, ये बॉड्स खरीदकर राजनीतिक दलों से नजदीकियां बढ़ा सकते हैं। इस बात पर इसलिये सहज विश्वास किया जा सकता है क्योंकि भाजपा सरकार की कारोबारी व उद्योग जगत से नजदीकियां ज्ञात हैं। बाद में यह बात सही भी साबित हुई क्योंकि भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा प्राप्त हुआ- करीब 5300 करोड़ रुपये। लोग जानना चाहते हैं कि चंदा देने वाले कौन हैं और उन्होंने कितना चंदा दिया है। इन्हीं शंकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट को दो याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। एक तो थी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (2017) की एवं दूसरी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (2018) ने दाखिल की थी। इन दोनों में ही कहा गया कि इससे देशी-विदेशी चंदे की बाढ़ आ जायेगी जिसके जरिये चुनावी भ्रष्टाचार को वैध बनाया जायेगा। इसे रिश्वतखोरी भी कहा गया। इस योजना के कारण भाजपा ने जो सम्पत्ति बटोरी है उसके कारण उसे चुनाव लड़ने में विरोधी दलों के मुकाबले बढ़त मिल जाती है। भाजपा को मिली उपरोक्त राशि के मुकाबले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को केवल 952 करोड़, तृणमूल कांग्रेस को लगभग 768 करोड़ तथा एनसीपी को सिर्फ63.75 करोड़ रुपए मिले हैं। सही है कि इलेक्टोरल बॉड्स योजना से कमोबेश अनेक दल लाभान्वित हुए हैं लेकिन माना जाता है कि इस फैसले से सबसे ज्यादा अड़चन भाजपा को ही होगी क्योंकि यह निर्णय ऐसे वक्त पर आया है जबकि लोकसभा के चुनाव कुछ ही महीनों की दूरी पर हैं।

# कांग्रेस कमल छाप नस्ल से निजात पाए

ऐसे वक्त में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तमाम सांगठनिक तकलीफों के बावजूद देश में लोकतंत्र को बचाने एवं लोकहित की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है, कई कांग्रेसी नेता पार्टी को अलविदा कर रहे हैं। छोड़ने के अलग-अलग कारण हैं, परन्तु एक बात जो सभी में एक सरीखी है वह यह कि इन सारे नेताओं को कांग्रेस ने ऊंचे पद, रसूख, सम्मान, दौलत, शोहरत सब कुछ दिया है। कई को यह पारिवारिक विरासत के रूप में मिला तो कई अयोग्यता के बावजूद दशकों तक संगठन द्वारा ढोये जाते रहे। सत्ता सुख के आदी हो चुके ये परजीवी जाते हुए बेशक दल का नुकसान तो कर रहे हैं, परन्तु नयी पौध भी संगठन के भीतर लहलहा रही है जो हर तरह की मुश्किलों से लड़ते हुए उन लक्ष्यों की ओर सतत बढ़ रही है, जिसे पाने के लिये दल ने खुद को तकरीबन 140 साल पहले स्थापित किया था, स्वतंत्रता के लिये 60 वर्षों से अधिक लम्बी लड़ाई लड़ी और देश निर्माण में कभी सत्ता पक्ष के रूप में तो कभी विपक्ष बनकर अपनी निर्धारित जिम्मेदारियां निभाई- संसद से लेकर विधानसभाओं और स्थानीय संस्थाओं तकय और बाहर सड़कों पर भी। जिन विभिन्न चुनौतियों से कांग्रेस आज जूझ रही है, उनमें कुछ बाहरी तो कई अंदरूनी हैं। सत्ताएं गंवाना, चुनाव हारना, उसके नेताओं व सदस्यों का दमन-उत्पीड़न जैसे संकटों को तो वह झेल ही रही है, लेकिन जो अलग किस्म की परेशानियों से वह दो-चार हो रही है, वह है कांग्रेस में बने रहकर अन्य दलों की ओर आकर्षित होना या छोड़ना। ऐसे नेता बड़ी संख्या में हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कई बार के सांसद रहे कमलनाथ ने भी संकेत दे दिये हैं कि वे कांग्रेस को टा...टा, बाय-बाय करने जा रहे हैं। अकेले नहीं, पुत्र नकुलनाथ के साथ। नाथ पिता-पुत्र फिलहाल दिल्ली में हैं। शायद वे भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे। वैसे पार्टी छोड़े जाने सम्बन्धी सवालों पर कमलनाथ ने यह कहकर शंका को बढ़ा दिया है कि श्वे वक्त आने पर पत्रकारों को सूचित करेंगे। कमलनाथ ने, जो नौ बार सांसद रहे, प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा इंदिरा गांधी जिन्हें राजीव संजय के बाद अपना तीसरा बेटा कहती थी, यह नहीं कहा है कि वे पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं। छिंदवाड़ा के उद्योगपति-नेता कमलनाथ का यह व्यवहार एक नेता के रूप में जिम्मेदारीपूर्ण नहीं कहा जा सकता। उल्लेखनीय है कि 2019 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने जब पार्टी अध्यक्ष के पद से यह कहकर इस्तीफा सौंपा था कि श्चुनाव में कई बड़े नेता पार्टी को जिताने की बजाय अपने बेटों को जिताने के लिये मेहनत कर रहे थे, तो उनका संकेत कमलनाथ व उनके जैसे लोगों की ओर ही था। बालाकोट व पुलवामा के मुद्दों पर लड़े गये उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सीट सारी सीटें जीत गई थी, सिवाय उस सीट के जिस पर नकुलनाथ खड़े थे। कहते हैं कि भाजपा ने वहां जान-बूझकर कमजोर उम्मीदवार खड़ा किया था। 2023 के नवम्बर में जब राज्य विधानसभा के चुनाव हुए थे तो पराजय की शाम को समीक्षा की बजाय कमलनाथ अपने बेटे के साथ गुलदस्ता लेकर निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के घर पहुंचे थे। उनके साथ हास-परिहास वाले वीडियो वायरल हुए थे। उस चुनाव में पहले ही कमलनाथ ने खुद को भावी मुख्यमंत्री बतलाना शुरू कर दिया था। कांग्रेस में कमलनाथ अकेले नहीं है। अभी मुश्किल से 3 दिन पहले ही महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपायी हो गये हैं। आदर्श हाउसिंग घोटाले के मुख्य आरोपी अशोक के पिता शंकरराव चव्हाण भी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बहुत पुरानी बात नहीं जब मुंबई प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वर्षों अध्यक्ष तथा दक्षिण मुंबई के सांसद रहे मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद ने भी पार्टी छोड़ी। उन्हें भी पार्टी ने इसी सीट पर लोकसभा भेजा था। पिछले कुछ समय में जिन लोगों ने दल छोड़ा, उनमें प्रमुख हैं मध्यप्रदेश के ही ज्योतिरादित्य सिंधिया (केंद्रीय मंत्री रहे माधवराव के पुत्र), जितिन प्रसाद, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुष्मिता देव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के पुत्र सुनील जाखड़, जो पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल, पार्टी के बड़े नेता कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, कांग्रेस शासनकाल में रक्षा मंत्री रहे।



# राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह:-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़ें।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# चुनावों के लिए भाजपा तैयार




**चुनावों के दिनों में ऐसा हर प्रधानमंत्री करते रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है लेकिन जो बात उन्हें अन्य राजनीतिज्ञों से अलग दिखाती है वह यह है कि 2047 तक विकसित भारत की रूपरेखा प्रस्तुत करना। प्रधानमंत्री लगातार इस बात पर बल दे रहे हैं कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत की नींव रखी जाएगी। यह एक नए कालचक्र का प्रारम्भ है। हमें अपनी चेतना का विस्तार देव से देश और राम से राष्ट्र तक करना है। यह भारत का समय है और भारत आगे बढ़ रहा है। श्रीराम मंदिर और विकसित भारत के संकल्प के पीछे उनका लक्ष्य बहुमत को अपने साथ लाना है। भाजपा 2024 के चुनाव में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक को खत्म करने और भाजपा शासित राज्यों द्वारा समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने तथा अन्य अपने वादे पूरा करने को लेकर जनता के बीच जाएगी।**

आगामी लोकसभा चुनावों में 370 से अधिक सीटें हासिल करने के लक्ष्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में अपनी रणनीति तय कर ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को न केवल जीत का मंत्र दिया बल्कि चुनावों के लिए पार्टी का एजेंडा भी तय कर लिया। अधिवेशन में प्रस्तुत भाजपा के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और राम मंदिर संबंधी प्रस्तावों से पार्टी का चुनावी एजेंडा स्पष्ट हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भारतीय के जीवन को बदलने के लिए अभी बहुत सारे निर्णय बाकी हैं। दस साल में जो गति हासिल की है उसे और तेज करना है। हमारे सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी। इसे हासिल करने के लिए भाजपा की सत्ता में वापसी जरूरी है। भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में राजनीतिक विश्लेषकों के बीच इस बात को लेकर आम सहमति है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हैट्रिक बनाना निश्चित है। हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों की जीत के बाद प्रधानमंत्री खुद यह भविष्यवाणी करने से पीछे नहीं हटे कि वे ही 2024 के चुनावों में भारी बहुमत से जीत कर सरकार बनाएंगे। सभी प्रमुख विपक्षी दलों का बना इंडिया गठबंधन खंडित हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में बड़े पैमाने पर सत्ता विरोधी लहर के कारण सत्ता में आए थे जबकि 2019 में उनकी दोबारा जीत लगभग तय थी। चुनावों से ठीक पहले पुलवामा के आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। उसके बाद नरेन्द्र मोदी के समर्थन में राष्ट्रीय सुरक्षा की भावना का तूफान खड़ा हो गया था, जिसके चलते उन्हें दोबारा शानदार जीत हासिल हुई। इस बार भारत को वैश्विक शक्ति के तौर पर उभारने का श्रेय उन्हें पूरी तरह जाता है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन चुनावों में छाया रहने वाला सबसे बड़ा मुद्दा है और सबसे बड़ा मुद्दा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का संकल्प। भाजपा ने कर्म और धर्म को मिलाकर अपना एजेंडा तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने भाषणों में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख कर अपने 10 वर्ष के शासन की उपलब्धियों को दोहराते हैं। चुनावों के दिनों में ऐसा हर प्रधानमंत्री करते रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है लेकिन जो बात उन्हें अन्य राजनीतिज्ञों से अलग दिखाती है वह यह है कि 2047 तक विकसित भारत की रूपरेखा प्रस्तुत करना। प्रधानमंत्री लगातार इस बात पर बल दे रहे हैं कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत की नींव रखी जाएगी। यह एक नए कालचक्र का प्रारम्भ है। हमें अपनी चेतना का विस्तार देव से देश और राम से राष्ट्र तक करना है। यह भारत का समय है और भारत आगे बढ़ रहा है। श्रीराम मंदिर और विकसित भारत के संकल्प के पीछे उनका लक्ष्य बहुमत को अपने साथ लाना है। भाजपा 2024 के चुनाव में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक को खत्म करने और भाजपा शासित राज्यों द्वारा समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने तथा अन्य अपने वादे पूरा करने को लेकर जनता के बीच जाएगी। भाजपा हमेशा चुनावी मूड में रहती है और उसके कार्यकर्ता वोटरों तक पहुंचने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी का कद ऊंचा होना भी भाजपा के लिए एक प्रीमियम की तरह है। देश की राजनीति में आजादी के बाद थोड़े समय को हटा दें तो चार दशकों तक कांग्रेस ने राज किया। कांग्रेस को उच्च जातियों, मुसलमान और दलितों का साथ मिला। हालांकि 70 के दशक में कांग्रेस को राज्यों में चुनौती मिलने लगी थी। फिर आया 90 का दशक। इसमें एक तरफ मंडल था दूसरी तरफ कमंडल यानि बीजेपी की हिंदूवादी राजनीति। इसने देश में गठबंधन राजनीति का दौर शुरू किया जो 2014 तक कायम रहा। 2014 आते-आते बीजेपी पूरी तरह से नए कलेवर में थी। अब तक उच्च जातियों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा ने 2014 में बता दिया कि उसने मंडल की काट ढूंढ़ ली है। नरेंद्र मोदी ब्रांड बनकर उभरे और उनके नेतृत्व में न सिर्फ केंद्र बल्कि राज्यों में भी बीजेपी का परचम लहराया। हिंदुत्व प्लस मोदी ब्रांड की सबसे खास उपलब्धि रहा। यूपी जहां बीजेपी बस सांस ले पा रही थी। दो बार से प्रचंड बहुमत से सरकार में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा को दक्षिण भारत के राज्यों में मजबूत करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# विभाग की मिलीभगत से काटे जा रहे हरे पेड़

▸ कस्वे के दर्जनों स्थानों पर हरे वृक्ष काट कर किये गये डम्प





**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक क्षेत्र मे हर वर्ष पर्यावरण को सुदृढ वनाने के लिए वन विभाग की ओर से नाना प्रकार के पौधो का वृक्षारोपण विभाग की भूमि एव ग्राम पंचायत की भूमि पर किया जाता है इसी के साथ जागरूक ग्रामीणो को भी प्रत्सोहित कर वृक्ष रोपण करा पर्यावरण का स्वरूप वनाने के प्रयास तेजी लाकर करोडो रुपये खर्च किये जाते है।परन्तु इस सवके वावजूद ब्लाक क्षेत्र मे हरे पेडो की कटान जोरो पर चलने के सवव क्षेत्र के जंगल पूरे साफ होते चले जा रहे है विभाग के जिम्मेदारो की मिली भगत का आरोप ग्रामीण लगा रहे है।

जानकारी मे वताया जा रहा है कि क्षेत्र के किसान अपने खेतो मे खडे विना प्रतिवन्धित ववूल आदि पेडो की कटान खसरा खतोनी वन विभाग को सौप कटवा रहे है परन्तु यह मान लिया जाये कि किसानो ने परमीशन लेकर विना वैन वाले पेडो पर कुल्हाडा चल रहा है। प्रति दिन सैकडो टेक्टर लकडी कस्वे मे वने एक दर्जन से अधिक अलग अलग स्थानो मे डम्प कर टृको मे लोड की जा रही है ।वाहनो मे लदी लकडी का न तो कोई गेट पास है और नही वन विभाग का कोई प्रपत्र दिखा पाते है। मजे दार वात जव देखने को मिली कि विना प्रतिवन्धित के साथ प्रतिवन्धित पेडो पर भी धडल्ले से आरा चलाया जा रहा है लकडी कटान के सम्वन्ध मे वन रेन्ज अधिकारी से इस सम्वन्ध मे जानकारी माँगी उनका कथन था कि किसानो के खेतो मे विना प्रतिवन्धित पेडो को खसरे के आधार पर काटने का परमीशन दिया गया गेट पास आदि प्रपत्रो के सम्वन्ध मे पूछा तव अधिकारी सवाल को टाल मटोल उत्तर दिया

ग्रामीणो का आरोप है कि विभाग की मिली भगत से क्षेत्र के जंगल साफ कर पेड विहीन वनाये जा रहे है।ग्रामीणो का यह भी आरोप है कि उच्चधिकारी इस पर शीध्र अपना ध्यान आकृष्ट नही करते है तव पर्यावरण को भारी क्षति पहुँचेगी।

## विवरण उपलब्ध नहीं कराया तो निरस्त हो सकता है लाइसेंस

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त लखनऊ ने जरूरी निर्देश जारी किए है। औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों को प्रदेश से बाहर से क्रय किए जा रहे कोडीन युक्त कफ सीरप, लिंक्टस की सूचना संबंधित फर्म, व्यक्ति कार्यालय को साप्ताहिक रूप से प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध करायेगा। औषधि निरीक्षक आशुतोष कुमार चौबे ने बताया कि सूचना न उपलब्ध कराए जाने पर संबंधित क्रेता इन औषधियों का विक्रय नहीं कर सकेगा। उसे उनका विवरण, पूर्व में क्रय किए गए कोडीनयुक्त कफ सीरप, लिंक्टस का विवरण उपलब्ध कराना होगा। सुनिश्चित करना होगा कि वह जिस कफ सीरप का विक्रय कर रहा है वह भौतिक रूप से अस्तित्व में है और संचालित हो रही है। यदि जांच में यह अस्तित्वहीन पाया गया या नियमित रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है तो विक्रेता फर्म का लाइसेंस निरस्त हो सकता है। साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोजन कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता को जारी किया कारण बताओ नोटिस

▸ मुख्य अभियंता ने किया महोबा का निरीक्षण



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य अभियन्ता (वितरण) दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. बांदा क्षेत्र, बांदा द्वारा महोबा का राजस्व एवं तकनीकी कार्यों की समीक्षा हेतु औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य अभियन्ता( वितरण) द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान प्राप्त प्रगति पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया। माह फरवरी 2024 में 18 फरवरी तक खंडवार राजस्व वसूली के आंकड़ों के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि विद्युत वितरण खंड महोबा में राजस्व लक्ष्य 10.77 करोड़ था। जिसमें 01.80 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। 16.71 प्राप्ति प्रतिशत रहा। विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय, महोबा में राजस्व लक्ष्य 17.80 करोड के सापेक्ष 02.10 करोड की प्राप्ति हुई जबकि 11.79 राजस्व प्रतिशत रहा। मुख्य अभियन्ता द्वारा अवर अभियन्ताओं अशोक कुमार वर्मा, अवर अभियन्ता चरखारी ईश्वर सिंह यादव, अवर अभियन्ता पनवाड़ी अनीश अली, महोबकंठ रामकरण, उपखण्ड अधिकारियों आशुतोष वर्मा, उपखण्ड अधिकारी, महोबा शहर राकेश कुमार आदि को असंतोषजनक राजस्व वसूली, विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता तथा लापरवाही हेतु चार्जशीटेड किया गया। मुख्य अभियन्ता द्वारा ई आरएस गौतम, अधीक्षण अभियन्ता को खराब राजस्व वसूली होने पर शो कॉज नोटिस(कारण बताओ नोटिस) जारी किया तथा समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि विभागीय नियमानुसार अधिकाधिक विद्युत बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन विच्छेदित कराएं तथा न्यूनतम तीन दिवस तक कटे संयोजनों की गोपनीय तौर पर मॉनिटरिंग करें और पुनः संयोजन जुड़ा पाये जानें पर विभागीय नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाए।

## खबरें एक नजर में

### चुनाव में लगे वाहन प्राप्त करें किराया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2017 को सम्पन्न कराये जाने में प्रयुक्त भारी/हल्के वाहनों के स्वामियों को सूचित किया है कि जिन वाहन स्वामियों को वाहन किराया प्राप्त नहीं हुआ था उन वाहनों का किराया परिवहन शाखा पुलिस लाइन, जनपद इटावा को प्राप्त हो गया है। उन्होंने विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2017 में प्रयुक्त वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि वह तत्काल उप निरीक्षक, परिवहन शाखा पुलिस लाइन, जनपद इटावा को गाड़ी की आरसी, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या एवं आईएफसी नम्बर उपलब्ध करा दें जिससें कि वाहन किराये का भुगतान किया जा सके।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में समस्याओं व मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने जिलाध्यक्ष विनोद सिंह वर्मा की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंच मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। जिसमें सभी मांगों के निराकरण की आवाज उठाई। सीएम को भेजे ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने मांग की ग्रामीण सफाई कर्मियों को आन लाइन उपस्थिति से मुक्त रखा जाए, वेयरहाउस में ईवीएम मशीनों की साफ सफाई मैनटिनेंस आदि कार्य टीम बनाकर लगातार तीन माह तक लिया जाता है ऐसे में उपस्थिति लगाना संभव नहीं है, कभी कभी उच्चधिकारियों द्वारा फोन के माध्यम से ड्यूटी तैनाती ग्राम से देर दराज क्षेत्र में लगा दी जाती है, जिले में 250 ग्रामीण सफाई कर्मचारी अधिकारियों के कार्यालय व आवासों में संबद्ध है, कर्मियों को सेवा में आए 15 वर्ष हो गए लेकिन विभागीय सेवा नियमावली अभी तक नहीं बनी है जल्द नियमावली बनाने की मांग की, सफाई कर्मियों की पदोन्नति की अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है पदोन्नति की व्यवस्था की जाए, ग्रामीण सफाई कमियों की मृत्यु होने पर मृतक आश्रित को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाए, पुरान पेंशन बहाल की जाए आदि। इस दौरान जिला मंत्री परमलाल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रशिक्षण का आयोजन




**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से सहयोग के द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम 7 के अन्तर्गत प्रशिक्षण कराया जा रहा हैं। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण की प्रशिक्षक (संन्दर्भदाता) नेहा सिंह प्रा.वि. विगहना,ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान बढ़ाने, सकारात्मक दुष्टिकोण विकसित करना, 10–19 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के बीच सूचिट, जिम्मेदार और स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जीवन कौशल का निर्माण करना हैं। ये प्रशिक्षण 4–4 दिवसीय 4 बैच में सम्पन्न होगा। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के दो प्रशिक्षक और शिक्षा विभाग की ओर से एक प्रशिक्षक को नियुक्त किया गया है।नेहा सिंह एडी बेसिक शिक्षा विभाग जबकि डा0 शिवदत्त और विमलेन्द्र प्रताप सिंह को स्वास्थ्य विभाग की ओर से बतौर प्रशिक्षक नियुक्त किया गया था। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के सैकड़ों अध्यापक अध्यापिका मौजूद रहे।

### केंद्रों के स्ट्रांग रूम में सीज किए गए बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र




**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्र आते ही उनको केंद्रों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील करके रखा गया है। आगामी 22 फरवरी से शुरू हो रही हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र सोमवार को कड़ी सुरक्षा में परीक्षा केंद्रों में पहुंचाये गए। केंद्रों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में इनको केंद्र प्रभारियों की देखरेख में रखवाकर स्ट्रांग रुमो को सील किया गया है। 22 फरवरी को परीक्षा आरंभ होने पर स्ट्रांग रुमो को खोलकर इनको निकाला जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह ने बताया कि उन्हें स्थैटिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उन्होंने अपनी देखरेख में कस्बे के मधु महाराज इंटर कालेज में प्रश्न पत्र पहुंचकर स्ट्रांग रूम को सीज कराया है। इस मौके पर केंद्र व्यवस्थापक वंदना मिश्रा, सह केन्द्र व्यवस्थापक रंजना रघुवंशी मौजूद रही।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा के देवरी दाई मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुना कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुंडेरा के ग्रामीणों ने गांव के देवरी दाई मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा, रामलीला आदि का आयोजन कराया है। कथा के छठवें दिन कथा व्यास बिहारी जी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के परीक्षित शिवशंकर गुप्ता ने बताया कि कथा का समापन 21 फरवरी को होगा। इसके बाद 22 से 24 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रामलीला होगी। 24 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन होगा। इस मौके पर रमाकांत द्विवेदी, अनुरुद्ध सिंह, पप्पू सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# पीड़ित किसान ने लगाई मुआवजा दिलाने की गुहार



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

किसान की तीन एकड़ में खड़ी चने की फसल मौसम की मार से पूरी तरह से नष्ट हो गई। किसान ने प्रशासन से गुहार लगाकर फसल बीमा की धनराशि दिलाए जाने की मांग की है। जिले के कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के सुगिरा गांव में किसान आदर्श तिवारी के खेत में चने की फसल खड़ी थी, जो अभी बीते कुछ दिनों में खराब मौसम की वजह से लगभग तीन एकड़ की चने की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। किसान ने सम्बन्धित लेखपाल से शिकायत करते हुए बताया कि फसल पकने से पहले ही पूरी तरह सूख चुकी है। कहा कि इसी फसल से वह पूरी तरह आश्रित था। लेकिन अब भविष्य अंधेरे में दिख रहा है। किसान ने सरकार से मांग की है कि उसकी तीन एकड़ की चने की फसल में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई सरकारी मुआवजा या बीमा कंपनी द्वारा दिए जाने वाले सहायता राशि से हो सकती है। बता दें कि लगातार खराब मौसम के चलते कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। लगातार किसान परेशान होकर अपनी शिकायतें प्रशासन को दे रहे हैं। ऐसे में देखना यह होगा कि सरकार व प्रशासन किसानों को किस तरह से मदद पहुंचा सकते हैं।

# झांसी ने बलरामपुर को हराकर जीता फाइनल मुकाबला

▸ अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट का हुआ समापन
▸ एसडीएम चरखारी ने किया फाइनल मुकाबले का शुभारंभ





**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कस्बा चरखारी में चल रहे अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट का समापन हो गया। फाइनल मुकाबला डीएचए झांसी व स्टार एलेविन बलरामपुर के बीच हुआ। मैच को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक उमड़े।

झांसी ने बलरामपुर को 2-0 के अंतर से हरा दिया। बुंदेली कश्मीर चरखारी के मिनी स्टेडियम डाक बंगला मैदान में आयोजित 79वें अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड हाकी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीएचए झांसी व स्टार एलेविन बलरामपुर की टीमें आमने-सामने थी। कड़े मुकाबलें के बीच यह हाकी टूर्नामेंट जबरदस्त रोमांचकारी रहा। जिसमें पहले हाफ के पांच मिनट के अंदर डीएचए झांसी के खिलाड़ी शिवम ने व दूसरा गोल सुशील महर्षि ने कर मैच को एक तरफ कर दिया। लेकिन इसके बाद बलरामपुर के खिलाड़ियों ने मेहनत कर टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया। बलरामपुर को चार पेलान्टी कार्नर मिले। लेकिन गोल में तब्दील नहीं कर सके। बलरामपुर टीम से आये हाकी नेशनल खिलाड़ी सौरभ, आनंद झांसी के खिलाड़ी, प्रदीप खुराना को बेस्ट खिलाड़ी का अवार्ड दिया हैं।

विजेता टीम के कप्तान को 50 हजार रुपए दिए गए। इस दौरान एसडीएम डा. प्रदीप कुमार ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत, तारा पाटकर, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, डा. ओमशंकर, ब्लाक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत, डीएसपी रविंद्र पाठक, समाजसेवी तारा पाटकर, शिवकुमार गोस्वामी, जयती सिंह बुंदेला, टूर्नामेंट समिति अध्यक्ष कुलदीप भटनागर, महासचिव सादिक इस्लाम सहित भारी संख्या में हाकी प्रेमी मौजूद रहे। फाइनल मैच को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक उमड़े और सभी ने खिलाड़ियों की जमकर हौसलाफजाई की।

# पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/ सर्विलांस टीम एवं थाना बढ़पुरा पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार कर कब्जे से 7 पुलिस परीक्षा अभ्यर्थी एडमिट कार्ड, एक प्रश्न पुस्तिका, 2 आधार कार्ड, एक आधार कार्ड की छायाप्रति, 52 हजार रुपये, 8 फोन-पे डेविट/क्रेडिट हिस्ट्री स्लिप, एक कूटरचित मार्कशीट छायाप्रति, एक स्विफ्ट कार तथा 4 मोबाइल फोन बरामद किये।

थाना बढ़पुरा पुलिस शाकुन्तलम इन्टरनेशनल स्कूल पर डियूटीरत थी,इसी दौरान एसओजी/सर्विलांस टीम शाकुन्तलम इन्टरनेशनल पर आयी और अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा में एक साल्वर गैंग सक्रिय है जो इसी स्कूल में किसी अभ्यर्थी की जगह बैठकर उसकी परीक्षा देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस कर्मियो द्वारा मुस्तैदी से निगरानी की जाने लगी।

इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि 3 व्यक्ति पैसों के लेनदेन को लेकर कृष्णानगर पुल के पास आपस में वाद-विवाद कर रहे हैं सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसओजी/ सर्विलांस टीम एवं थाना बढ़पुरा पुलिस टीम द्वारा कृष्णा नगर पुल के पास से 3 आरोपियों लोकेश यादव पुत्र मनोज कुमार निवासी परसउआ थाना जसवन्तनगर इटावा राजदीप पुत्र रणवीर सिंह निवासी नगला धीर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, हरी कुमार गुप्ता पुत्र इन्दल कुमार निवासी माधौपुर जिला मधुवनी थाना लोकहा विहार को गिरफ्तार किया गया।

इस सफलता में जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम तथा उप निरीक्षक गणेश शंकर द्विवेदी, उ.नि. अरूण कुमार, का. प्रवीण, का. जितेन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस ने खातों को फ्रीज करने के विरोध में किया प्रदर्शन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आयकर कार्यालय इटावा के सामने कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खातों को फ्रीज करने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव मोहम्मद राशिद ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार द्वारा बिना किसी वैद्य कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खातों को फ्रीज करके असंवैधानिक कदम उठाया है जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर चोट की है इस अन्यायपूर्ण निर्णय के सामने हम आत्मसमर्पण नहीं करने वाले हैं। धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा की अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रिज करना जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल हैं यह न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर हमला है बल्कि हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक जबरदस्त हमला है प्रमुख विपक्षी दल के कामकाज में बाधा डालना सत्ता के नशे में मदमस्त भाजपा सरकार की प्रतिरोध की भावना को प्रदर्शित करता है इस अन्यायपूर्ण निर्णय का मुकाबला हम मजबूती दृढ़ संकल्पता और अटूट भावना के साथ करेंगे। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा मोदी सरकार की इस हरकत न केवल हमें समान अवसर देने से वंचित करती है बल्कि उसका यह कृत्य उन लोकतांत्रिक मूल्यों पर कुठाराघात है जिन पर हमारा महान राष्ट्र खड़ा है ऐसे नाजुक मोड़ पर यह जरूरी है कि हम एकजुट हो और इस अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। धरना प्रदेश में प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, वाचस्पतिदुबे, सत्य प्रकाश राजपूत, ललित दुबे, सुनीता कुशवाहा, सरला जाटव, मिथिलेश कुमारी,आसिफ जादरान, सचिन संखवार श्याम सिंह कुशवाहा, सतीश शाक्य,लालमन बाथम, मनीष मिश्रा,पंकज यादव, अंसार अहमद उमेश बाबू, कृपाराम राजपूत,अमित अग्निहोत्री, सूर्य शंकर दीक्षित, पुनीत पाठक, सोहेल खान, विजेंद्र सिंह यादव, असित यादव, शिवा ठाकुर, विकास कुमार, अल्तमश खान, अभिषेक मिश्रा, नितिन यादव, नितेश कुमार, कन्हैया शर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे।

# मैनपुरी में रौनक इटावी को मिला सम्मान, इटावा के लोगों ने दी बधाई




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती साधना परिषद देवी रोड मैनपुरी में सम्मान समारोह में मशहूर शायर रौनक इटावी को नरेंद्र सिंह शास्त्री/लल्लू सिंह चौहान स्मृति सम्मान मुख्य अतिथि डॉ धर्मेन्द्र प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कृष्ण मिश्र एडवोकेट ने शॉल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।यह सम्मान जनचेतना, पूर्व विधायक व एम एल सी स्मृतिशेष लल्लू सिंह चौहान द्वारा अपने गुरुजन नरेंद्र देव सिंह शास्त्री की स्मृति में आयोजित यह पुरस्कार लल्लू सिंह के पुत्र अरुण चौहान द्वारा कविता के प्रशस्य हस्ताक्षर श्री रौनक को दिया गया। परिषद ने उनके जीवन की मंगलकामना की। सम्मान मिलने पर डॉ.कुश चतुर्वेदी, डॉ.राजीव राज, अनुराग असफल, माधव शुक्ला एडवोकेट, हरिओम विमल, साबिर इटावी, हाशिम नईमी, आरिफ सिद्दीकी नूर, यासीन अंसारी, रियाज़ इटावी, आमिर इटावी, इमरान अंसारी,नदीम अहमद एडवोकेट, इफ्तिखार मिर्ज़ा, सत्यदेव आज़ाद, ज़ीशान काविश, हाजी अज़ीम वारसी,वाई के शफी, चिश्ती, रईस भारती, इसरार, मो. औसाफ़, मो.शारिक, कासिम फारूकी व पहल साहित्यिक संस्था के सभी लोगों ने श्री रौनक को बधाई दी।

### कौमी एकता फाउंडेशन ने तीन पीड़ितों को किया रक्तदान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के सहयोग से तीन पीड़ितों को जिला अस्पताल में रक्तदान कर जीवनदान दिया गया। 25 वर्षीय पूजा यादव पति पुष्पेंद्र यादव निवासी चांदपुर ज़िला फतेहपुर को चौरादेवी निवासी समीर सिद्दीकी ने बी पाज़ेटिव ब्लड देकर दिया। फाउंडेशन के संस्थापक जिरगाम सिद्दीकी ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले दिनों लगाए गए रक्तदान शिविर में एकत्र ब्लड को 26 वर्षीय अश्वनी देवी पति सुनील निषाद निवासी पुराना जमुना घाट को वन पाज़ेटिव ब्लड देकर दिलाया गया। इसी तरह संस्था के सहयोग से तीसरा यूनिट ब्लड 30 वर्षीय माधवी देवी पति सुखवीर सिंह को ओ पाज़ेटिव ब्लड देकर जीवनदान दिया। इस मौके पर मो. तौसीफ, मोहित चौरसिया, अकील अहमद, शहजाद खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। रक्तदाता नायक समीर सिद्दीकी की बेटियों हिबा सिद्दीकी, हिफ़जा सिद्दीकी ने भी अपने जीवन में बड़े होकर रक्तदान करने की शपथ ली।

# रघुनंदन सिंह मेमोरियल स्कूल का हुआ भूमि पूजन

▸ शिक्षा के साथ संस्कार देगा रघुनन्दन सिंह मेमोरियल स्कूल : आशीष



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के नरायनपुर गांव के निकट सर रघुनंदन सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का भूमि पूजन करते हुए दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष सिंह गौतम ने कहा कि यह संस्था बच्चों में बुद्धि विकास के साथ हृदय का भी विकास करेगा। ताकि बच्चों में अपने कर्तव्यों के प्रति बोध होगा। जिला मुख्यालय में रघुनंदन सिंह आईटीआई संचालित करने वाली संस्था की मैनेजर प्रियंका सिंह व डा अवधेश कुमार सिंह ने नरायनपुर के निकट सर रघुनंदन सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का भूमि पूजन शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर किया। मुख्य अतिथि दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार भी देगा। जिससे बच्चों में अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण व संस्कृति के साथ कर्तव्यों के लिए हमेशा सजग रहेंगे। सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने विद्यालय की भूमि पूजन पर खुशी जताते हुए कहा कि वह हर संभव सहयोग करेंगे और हाईवे से स्कूल तक 300 मीटर सीसी रोड़ बनवाने की घोषणा की। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि यह विद्यालय बुंदेलखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के जिला संयोजक अभिषेक त्रिपाठी, सहसंयोजक सचिन सेंगर,मनु सिंह चौहान, लोकसभा प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा मुनीर खान,जान्हवी, रविराज बुंदेला,शिवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। विद्यालय के डा अवधेश सिंह ने कहा कि यह जुलाई 2025 में संचालित कर दिया जाएगा। संचालन गयादीन प्रजापति ने किया।

# खराब रैकिंग पर डीएम ने डीसीएनआरएलएम एवं एलडीएम का रोका वेतन

▸ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास में खराब प्रगति होने पर जताई कड़ी नाराजगी, दिए निर्देश




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/योजनाओं की प्रगति की रैकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की , जिसमें खराब रैकिंग पाए जाने पर डी0सी0एन0आर0एल0एम0 एवं एल0डी0एम0 का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास में खराब प्रगति होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दिए गए लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना सरकार व आम जनता के विश्वास को बनाये रखने के लिये लांच किया गया हैं। इसमें सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें । जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं ,कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों यथा उद्योग विभाग, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा करते प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की प्रगति में सुधार न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम, उपनिदेशक कृषि,जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह,जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में 16 निवेशक सम्मानित

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा 10 से 12 फरवरी 2023 को आयोजित किये गये उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने के पश्चात् कुल 10 लाख करोड़ के प्रस्तावों के संबंध में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 का आयोजन में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। जनपद जालौन के राजकीय मेडीकल कॉलेज आडीटोरियम में पूरे जनपद में हुये निवेश प्रस्तावों के भूमि के शिलान्यास का समारोह आयोजित किया गया। जिसमें इन्वेस्टर समिट के दौरान प्राप्त 85 निवेश प्रस्तावों में 52166 रुपए करोड़ का पूंजी निवेश तथा 17364 व्यक्तियों को रोजगार के संबंध में धरातल पर आये 39 परियोजनाओं के ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में 16 निवेशकों को सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण राजकीय मेडिकल कॉलेज में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान के साथ-साथ जनपद के निवेश से जुड़े हुए विभिन्न अधिकारी, प्रमुख निवेशक, प्रमुख उद्यमी तथा व्यापार मण्डल से जुड़े हुए पदाधिकारी तथा समाजसेवियों ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना। इसी प्रकार विधानसभा माधौगढ़ व विधानसभा कालपी में भी प्रधानमंत्री का संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि राजधानी लखनऊ में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को आप सबने न केवल सुना बल्कि उनके विजन को जाना भी, इस जीवन में आत्मसात करते हुए उसी रास्ते पर चलकर जनपद प्रदेश व राष्ट्र को आगे बढ़ने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जनपद के उद्यमियों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है, जनपद में निवेशकों द्वारा करोड़ों से निवेश किया जाएगा जनपद के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जनपद को विकास के न केवल पंख लगेंगे बल्कि करोड़ों के निवेश से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। सरकार की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में अनेक अनेक सरकार के महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी विकास के प्रोजेक्ट क्रियान्वित हैं, निवेशकों द्वारा जनपद में निवेश करने पर युवाओं को रोजगार से जनपद का विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का यही उद्देश्य के प्रदेश को एक उत्तम प्रदेश बनाया जाए जिससे रोजगार भी बढ़ेगा व प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी, जो विश्व में एक नई पहचान बनाएगी।

**करोड़ों के निवेश से हजारों युवाओं को रोजगार लेगा :गौरीशंकर**



## फांसी पर झूली कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा

**कोंच,जालौन।** कक्षा 12 में पढ़ने वाली 18 वर्षीय एक छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ निवासी हेमंत कुमार की 18 वर्षीय पुत्री अदृका कोंच के एक प्राइवेट विद्यालय में कक्षा 12 में पढ़ती थी। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे अदृका ने घर की छत पर बने कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे से फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे फांसी पर झूलता देखा तो हड़कंप मच गया। परिजन आनन फानन में उसे कोंच स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम लेकर गए जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भेंड़ चौकी प्रभारी रिंकू सिंह, दरोगा मंसूर अंसारी, विपिन द्विवेदी मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फरियादियों की समस्याओं को निस्तारण हमारी प्रथमिकता :सुशील कुमार



**कोंच (जालौन)।** कोंच में नवांगतुक उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सोमवार को जालौन से कोंच आकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 2023 बैच के पीसीएस सुशील कुमार इस जनपद में पिछले ढाई साल से सेवाएं दे रहे हैं। कुछ दिन उन्होंने कोंच में भी बतौर न्यायिक काम किया है। उन्होंने कहा, सभी का सहयोग लेते हुए काम करना है, उनका भरसक प्रयास रहेगा कि किसी को शिकायत का मौका न मिले। प्रशासनिक तौर पर काम में तेजी लाए जाने के दृष्टिगत उप जिलाधिकारियों के हुए फेरबदल में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने दो दिन पहले कोंच और जालौन एसडीएम की आपस में अदला बदली की थी। सोमवार को कोंच एसडीएम रहे अतुल कुमार ने चार्ज छोड़ दिया है और नवांगतुक एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने जालौन से यहां आकर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने अपनी वरीयताएं गिनाते हुए कहा, शासन की मंशा के अनुरूप जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना, क्षेत्र की समस्याओं का यथासंभव समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। न्याय के लिए किसी को भटकने नहीं दिया जाएगा।


## कार्यालय ग्रा0पं0 बुढ़नपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:01/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 19/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बुढ़नपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/02/2024 से 24/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर के गेट से डामर रोड तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4.02 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | पंचायत घर के प्रांगण में इंटरलाकिंग कार्य | 1.32 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (प्रेम सिंह) — ग्रा0पं0 बुढ़नपुर, शमशाबाद — सचिव (आदित्य वर्मा)


## भाजपा सरकार में युवाओं के साथ सबका विकासः अजीत रावत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सिर्फ नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा लाल सिंह आर्य और प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया के निर्देशानुसार में बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत सोमवार को जनपद सोनभद्र में अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा नगर पालिका वार्ड नंबर 4 में जो बस्ती में जाकर माननीय प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया लाभार्थियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना साथ ही माननीय प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं का पत्रक दिया आर्थिक रूप से गरीब अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए मैट्रिक उत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2025 26 तक लगभग 4 करोड़ विद्यार्थियों को लाभान्वित होंगे इसके लिए कुल 60000 करोड रुपए प्राविधान किया जाएगा जिसमें केंद्र की भागीदारी 60 होगी 2022-23 के बजट में 5660 करोड रुपए का बजट दिया गया है अनुसूचित जाति के प्रतिभावान छात्रों के लिए नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति के अंतर्गत 2021-22 के बजट में 37. 34 करोड रुपए आवंटित किए गए हैं 125 छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया अनुसूचित जाति के साथ छात्राओं के लिए निशुल्क कोचिंग के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति के उम्मीदवार उम्मीदवारों के लिए अच्छी गुणवत्ता की कोचिंग प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है अनुसूचित जाति के लिए उद्यम पूंजी को स्टैंड अप ऑफ इंडिया योजना साथ ही माताएं बहनों द्वारा प्रधानमंत्री जी को उनके किए गए कर्म के लिए आशीर्वाद दिया इस कार्यक्रम में गौरी शंकर मंडल अध्यक्ष राहुल पटेल , अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी संदीप कोल, मोतीलाल कोल, आलोक रावत, अनिल कोल, नरसिंह पटेल, विजय कोल, हीराकुल ,अनीता भारती, मनीष पासवान, राजमान कोल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मशीनें खराब होने से बाजार की निर्माणाधीन सड़क में काम हुआ ठप्प

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय नगर के मुख्य बाजार में पौने चार करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क में कार्यदायी संस्था तथा इंजीनियरों के कथित गलत रवैये तथा हीलाहवाली की वजह से काम में बहुत ही धीमी रफ्तार है। मिक्सर मशीन खराब होने से 5 दिनों से काम नहीं हो रहा है परिणामस्वरूप राहगीरों, दुकानदारों तथा वाहन चालकों को निकालना कठिन हो गया है। ज्ञात हो कि लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय उरई के नियंत्रण में अग्रवाल ठेकेदार कंपनी आगरा के द्वारा पौने दो किमी. लंबी सड़क नगर के मुख्य बाजार के बीचोबीच बनाई जा रही है। सीसी सड़क के निर्माण में लगी मिक्सर मशीन में सीमेंट बालू मसाला की कंक्रीट जम गई है। जिससे मसीन ने काम करना बंद कर दिया है। पिछले दिनों से बाजार की सड़क में छोटे तथा बड़े वाहनों का निकलना पूर्णता बंद हो गया है। निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ डेढ़ दो मीटर चौड़ी जगह को भी ठेकेदार ने साफ नहीं करवाया। विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी, सपा नेता शिवम यादव आदि ने जनहित में विभागीय अधिकारियों से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।


## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांक:-667/ न0पं नवाबगंज/ई0नि0सू0/2023-24 — दिनांक 19/02/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत नवाबगंज फर्रुखाबाद को उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन के क्रम में पत्र संख्या 45/2023/388 मु0मं0 न0सृ0यो0/नौ-2-2023/1775683 नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 30 दिसम्बर 2023 के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सजृन योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है व 15वां वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत नवाबगंज में वित्तीय वर्ष 2023-24 में समस्त ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई-टेण्डर की बेवसाइट WWW etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 20/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे से आमंत्रित की जाती है। बिना किसी कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदायें को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड का विवरण निम्न प्रकार है। विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र की वेबसाइट WWW etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | 667/न0पं0नवा0/2023-24 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bid | 20.02.2024 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Sumission of E-Bid | 29.02.2024 05:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bid | 01.03.2024 12:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bid | Nagar Panchayat Nawabganj, Farrukhabad |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत,नवाबगंज
जनपद, फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पंचायत,नवाबगंज
जनपद, फर्रुखाबाद।




## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

**माधौगढ़,जालौन।** कस्बा में 3 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा माधौगढ़ पुलिस ने कर दिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चोरी किया हुआ सामान भी बरामद कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 16-17 तारीख की रात में नगर के सुरेंद्र सिंह कुशवाहा पुत्र परमलाल कुशवाह निवासी मालवीय नगर के यहां चोरी हो गई थी। जिसमें दो बैग, साड़ी, लेडिस जैकेट, बिछिया व नगदी आदि चोरी कर ली गई थी। जिसकी शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना नगर इंचार्ज एसआई शैलेंद्र सिंह द्वारा की जा रही थी। घटना में महेंद्र प्रताप सिंह कुशवाहा पुत्र बृजेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला विजयनगर का नाम संदिग्ध रूप पर प्रकाश में आया था। जिस पर घेराबंदी कर उसको पकड़ लिया गया तो उसने चोरी की घटना को कबूल कर लिया और उसकी निशान देही पर चोरी किया हुआ पूरा सामान भी बरामद कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी एसके वाजपेई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पूरी घटना का विवरण साझा किया।

## केवाल गांव में मनबढ़ों ने मारपीट कर पति-पत्नी को किया घायल, सीएचसी में इलाज जारी

**दुद्धी, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

विंढमगंज थाना क्षेत्र के केवाल गांव में सोमवार की दोपहर को कुछ मनबढ़ किस्म के लोगों ने मारपीट कर पति पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय लालमणि पुत्र बोधा व पत्नी 28 वर्षीय मानमती देवी पत्नी लालमणि दोनों निवासी केवाल को कुछ मनबढ़ किस्म के लोगों ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था मे निजी वाहन की सहायता से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी पर भर्ती कराया गया जहाँ इलाज चल रहा है।



## ब्लॉक उतरौला में रोजगार मेला आयोजित

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड उतरौला में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के रोजगार मेले में विधायक राम प्रताप वर्मा ने 117 बेरोजगार युवाओं को नियंत्रित पर दिया। इस मेले में सात कम्पनियों ने अपनी भागीदारी की। विकास खण्ड उतरौला में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया। उसके बाद मेले में आए युवा बेरोजगारो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औघोगिक विकास योजनाओं की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख उतरौला प्रतिनिधि महिपाल चौधरी ने डबल इंजन की सरकार की विकास नीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार गांव गांव में रह रहे युवा बेरोजगार को नौकरी दिलाकर उनके जीवन में न ई प्रकाश ला रही है। खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने कहा कि सरकार ब्लाकों में कम्पनियों को बुलाकर इसी जगह नियुक्त पत्र दे रही है। इस अभियान में आई सात कम्पनियों के प्रतिनिधि के यहां 171 युवा बेरोजगारो ने अपना पंजीकरण कराया है और कम्पनियों ने 117 युवा बेरोजगारो को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पत्र का विवरण विघायक राम प्रताप वर्मा ने वितरण किया है। इस मेले में महिपाल कुमार सिंह, वकील अहमद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्य कुमार शुक्ला, सेवा योजन लिपिक रत्न कुमार समेत तमाम विभागीय व विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


## बुन्देलखण्ड हथकरघा खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महेवा, जिला महोबा उ.प्र.

**निविदा सूचना**

दिनांक-

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार) की विपणन अवसंरचना के लिए सहायता योजना के अन्तर्गत संस्थान बुन्देलखण्ड हथकरघा खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महेवा खादी भण्डार महोबा के निम्नलिखित खादी भण्डार के नवीनीकरण/सुस्जीकरण हेतु सरकार द्वारा पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| स्थान | सम्भावित धनराशि | ई.एम.डी. | निविदा जमा करने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| बुन्देलखण्ड हथकरघा खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महेवा खादी भण्डार महोबा | 5.92 | निविदा राशि का 2 प्रतिशत डिमाण्ड ड्राफ्ट | विज्ञापन की तिथि से 7 दिन तक |

इच्छुक फर्म/ठेकेदार उपरोक्त कार्य हेतु दिनांक 18.02.2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 04.00 बजे तक अधोलिखित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म रू0 500.00 (पांच सौ) का ड्राफ्ट नगद संस्था में प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक सायं जमा कराकर प्राप्त कर सकते है। निविदा कार्यालय के पते पर दस्ती अथवा डाक द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिनांक 25.02.2024 को सायं 03 बजे तक जमा कराई जा सकती है निविदा के साथ 2 प्रतिशत की जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट जो संस्था बुन्देलखण्ड हथकरघा खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महेवा के पक्ष में जारी हो जमा करना आवश्यक है। निविदायें 7वें दिन 26.02.2024 को सायं 03.00 बजे खोली जायेगी सशर्त अथवा नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। समस्त अथवा किसी भी निविदा को पूर्णरूपेण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार संस्था के मंत्री का होगा।

मंत्री - माता प्रसाद
संस्था बुन्देलखण्ड हथकरघा खादी
ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महेवा, जिला महोबा
मो0 9670395782


## मदरलैंड पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव आयोजित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

मदरलैंड पब्लिक स्कूल शंकरपुर विशुनीपुर निकट फुलवरिया बाई पास चौराहा बलरामपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रप्रकाश सिंह गुड्डू भैया के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के सांसद राम शिरोमणि वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि रविंद्र गुप्ता, बृजेंद्र तिवारी, आकाश पांडे, कृष्ण गोपाल गुप्ता, सुनील राजेश प्रताप सिंह रहें कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का विद्यालय की प्रबंधिका मीरा कश्यप जी एवं प्रधानाचार्य अतुल गौरव जी ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर के स्वागत किया। कार्यक्रम में बहुत सारी खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई जिसमें खो-खो प्रतियोगिता में लड़कियों की टीम में रोशनी, पलक, गार्गी,अभिषेक ओझा, हर्ष यादव, आलोक यादव एवं दिव्यांशु चौधरी रहे। रस्सी कूद में कक्षा 2 में प्रशांत जैसवाल, कक्षा 3 में आद्या साहू, कक्षा 4 में विशाल शर्मा, कक्षा 5 में अंशुमान तिवारी, कक्षा 6 में आशीष भारती, तथा कक्षा 7 में कमलेश कक्षा 8 में उत्कर्ष पांडे रहे।

## नगर पालिका उतरौला के अधिकांश वार्डो में हैण्डपम्प खराब

- नगर में लगे अधिकतर हैंडपंप रिबोर की बांट जोह रहे हैं
- मोहल्ला गांधी नगर, आर्य नगर ,रफी नगर व मोहल्ला सुभाष नगर में लगे कई हैंड पंप दूषित पानी दे रहे हैं

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

नगर के वार्डों में लगे अधिकतर हैंड पंप खराब होने के कारण यहां के बाशिंदों को पेयजल की समस्या सताने लगी है। बताते चलें कि एक तरफ फरवरी माह शुरू होते ही गर्मी अपना रूप दिखाने लगी है जिसके चलते लोगों को प्यास की शिद्दत महसूस होने लगी है। नगर में लगे अधिकतर हैंडपंप रिबोर की बांट जोह रहे हैं इसके बाद भी बढ़ती आ रहे गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या पर किसी का ध्यान नही जा रहा है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर,आर्य नगर ,रफी नगर व मोहल्ला सुभाष नगर में लगे कई हैंड पंप दूषित पानी दे रहे हैं तो कई जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खराब पड़े हैं। जिससे मोहल्ला के निवासियों को पेयजल की समस्या सताने लगी है। आलम यह है कि जो हैंडपंप सही हैं और पानी दे रहे हैं और जो खराब हैं उन पर लोगों को पानी भरने में परेशानी हो रही है। दिनो- दिन बढ़ रही गर्मी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन को जल्द से जल्द खराब हैंड पंपों को सही कराना चाहिए ताकि गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

### ब्लॉक उतरौला में अधिकांश राजकीय नलकूप खराब

**उतरौला,बलरामपुर।** विकास खंड उतरौला में लगे अधिकांश राजकीय नलकूप नाली दोष,विद्युत दोष व मोटर दोष के चलते काफी दिनों से बंद पड़े हैं। जिससे किसानों के समक्ष फसलों की सिचाई को लेकर समस्या बनी हुई है। किसानों ने बताया कि महुवा माधो,चीती में लगा राजकीय नलकूप खराब हो जाने से सिचाई ठप पड़ा है नलकूप के ठप रहने से वह सब्जी व गन्ने की सिचाई नही कर पा रहे हैं। जिससे उनकी खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में सिचाई के लिए स्थापित राजकीय नलकूप किसानों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। इतना ही नही नलकूप की सारी नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी है जिससे पानी कुलाबे तक नही पहुंचता। इस बारे में जब राजकीय नलकूप विभाग के अवर अभियंता से बात करने के लिए मोबाइल पर संपर्क साधा गया तो फोन नही उठा। किसानों ने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से नलकूप को ठीक कराने की मांग की है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, गैण्डास बुजुर्ग बलरामपुर

पत्रांक- 223/लेखा/पं.रा.वि./15वां.के.वि.आ./निविदा/2023-24 — दिनांक- 17.02.2024

**अति अल्पकालिक निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत गैण्डास बुजुर्ग के अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अधीन वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित निर्माण कार्यों के निमित्त किसी पंजीकृत कार्यदायी संस्था यथा-लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 24.02.2024 में 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा के अन्तर्गत परियोजना की लागत का 10 प्रतिशत धरोहर राशि नगद अथवा एफ.डी.आर. के रूप में जमा किया जायेगा, जिसमें 2 प्रतिशत की धनराशि अग्रिम स्वरूप नगद अथवा एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी,गैण्डास बुजुर्ग के पक्ष में बंधक युक्त जमा किया जाना अनिवार्य होगा। बिना अग्रिम धनराशि जमा किये निविदायें मान्य न होगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 27.02.2024 में 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा निविदादाताओं के उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। जिसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदादाताओं को दो दिवस पूर्व दे दी जायेगी। निविदा की बिक्री दिनांक 20.02.2024 से 24.02.2024 के अपरान्ह 03 बजे तक कार्यालय दिवस में की जायेगी।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | माप/संख्या | कार्य की लागत जी.एस.टी छोड़कर | धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रू. में) | निविदा फार्म मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मो. पुर बन्जरहा में समसुद्दीन बी.डी.सी. के घर से बब्बू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90 मी. | 523286.00 | 10466.00 | 500 | 2 माह |
| 2. | | ग्राम पंचायत रसूलाबाद में पंचायत भवन से पूर्व कैलाश चन्द्र तिवारी के खेत तक डामर सड़क के एक तरफ इंटरलाकिंग कार्य | 450 मी. | 802615.00 | 16052.00 | 500 | 2 माह |
| 3. | | खण्ड विकास अधिकारी आवास मरम्मत कार्य | 1 अदद | 841970.00 | 16839.00 | 500 | 2 माह |
| 4. | | ग्राम पंचायत बौडिहार कुडउ पूर्व प्रधान नबाब के घर से कलीमुल्ला के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 144 मी. | 828748.00 | 16575.00 | 500 | 2 माह |
| 5. | 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग | ग्राम पंचायत बौडिहार कुडउ में रमजान के खेत के पास आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य | 1X2.0 | 510500.00 | 10210.00 | 500 | 2 माह |
| 6. | | ग्राम पंचायत बौडिहार कुडउ में पूर्व प्रधान नबाब के घर से इरसाद के घर तक नाली निर्माण कार्य | 110 मी. | 203360.00 | 4067.00 | 500 | 2 माह |
| 7. | | विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग में पुलिस चौकी के सामने इण्टरलाकिंग कार्य | 25 मी. | 184700.00 | 3694.00 | 500 | 2 माह |

**नियम व शर्ते-**

1- निविदा समय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2- निविदा फर्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग/परिलेखन मान्य नहीं होगा।
3- बिना कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदादाता को निविदा के साथ पैन आधार,पंजीकृत प्रपत्र,जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5- किसी भी परियोजना पर अग्रिम भुगतान की कार्यवाही नहीं की जायेगी।
6- कार्य पूर्ण/निरीक्षण करने के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण पाये जाने पर ही भुगतान किया जाना सम्भव होगा।
7- कार्य मानक के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
8- कार्य स्वीकृति उपरान्त निविदादाता को एक सप्ताह के भीतर बाण्ड तैयार करवाया जाना अनिवार्य होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
गैण्डास बुजुर्ग , बलरामपुर

# जनपद में इण्डस्ट्रियल को बढ़ावा देने का किया जा रहा है प्रयासः असीम अरुण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**सोमवार को** जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित एक होटल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0)2024 के अंतर्गत आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कार्यक्रम का शुभारम्भ कराते हुए जिले के 29 व्यापारियों एवं उद्यमियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लखनऊ से प्रसारित प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि ग्रोथ क्या है और पैसा कहा से आता है इस पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। खेती करके, मछली पालन, लोहा निकाल कर तथा प्रकार से जमीन से

> जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित एक होटल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अंतर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

पैसा कमाया जा सकता है और प्रोडक्ट बनाकर उसे बेचकर एवं उत्पाद और सेवाओ से भी पैसा कमाया जा सकता है। मन्त्री जी ने कहा कि कन्नौज के इत्र की मांग बड़ रही है। इसकी क्षमता को और बढ़ा सकते है। हम लोग अच्छे माहौल में है। मुर्गी पालन, बकरी पालन, गाय और भैंस पालन से भी अपनी आय बढ़ा सकते है। गंगा के किनारे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। जब प्राकृतिक खेती 3 साल कर लेते है तब आर्गेनिक खेती शुरू कर सकते हैं। गंगा के प्रदूषण को रोकना सबका महत्वपूर्ण दायित्व है। पर्यावरण



के प्रति सबको सजग रहना होगा, तभी हम लोगों को स्वच्छ हवा एवं स्वच्छ पानी मिलेगा। कहा कि 300 हेक्टेयर पर पार्क डेवलप का कार्य प्रस्तावित है। जनपद में इंडिस्ट्ररियल को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया जा रहा है। नये औद्योगिक क्षेत्र आने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होने कहा कि अधिकारियों द्वारा भी नये-नये तरीके से कार्य किये जा रहे है और जो लोगों की परेशानियां आती है उसको समय से निस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि किसी प्रकार की रिश्वत लेने की शिकायत मिलती है तो ऐसे भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। सबको ईमानदारी के साथ सच्चा काम करना होगा, जिस कार्य को शुरू किया जाये, वह पक्के तौर पर किया जाये। कहा कि




हमें अपने जनपद कन्नौज के विषय में सोचना होगा जो विकसित भारत में विकसित रूप में दिखे। कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा 16 हजार नये पेंशनर को जोड़ने का कार्य किया है और जो पेंशनर छूट गये है उन्हे भी अभियान चलाकर जोड़ा जाये। कहा कि मजदूर की भी चिन्ता उतनी करनी है जितनी मालिकानों की कर रहे हैं। ऐसी व्यवस्था बनानी है कि कोई पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। सभी को लाभ मिले। यह सपना डबल इंजन की सरकार में होता हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0) 2024 कार्यक्रम का बृहद स्तर से पूरे प्रदेश में एक साथ हो रहा है। कहा कि भारत देश पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है जिसमें सबसे ज्यादा युवा की औसत आयु 35 वर्ष है। इस दिशा में केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने विकास के लिए रोड मैप तैयार किया है। महंगाई स्थिर है और इन्वेस्टमेंट के लिए माहौल अच्छा बन रहा है। विदेशी निवेश तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जापान, ब्रिटेन आदि बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा रही है लेकिन हमारा भारत देश प्रत्येक क्षेत्र में ग्रोथ कर रहा है। कहा कि जनपद में 129 प्रस्ताव आए, जिसमें 67 कार्यों का क्रियान्वयन हो गया है और शेष प्रोजेक्ट को भी जल्द शुरू हो जाएंगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे/जीटी रोड से शहर कनेक्ट है, रेल की भी कनेक्टिविटी है और मैनपावर की कोई कमी नहीं है। आप लोग जो उद्योग/व्यापार करना चाह रहे हैं, शुरू कर सकते हैं। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी और जो समस्याएं आएंगी उसका निस्तारण किया जाएगा।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण व व्यापारीगण मौजूद रहे।

# सरकारी तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे से उमड़ा रोष

> मामला कोर्ट में है विचाराधीन, लेखपाल की शह पर हो रहा निर्माण कार्य

**समधन, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**क्षेत्र के** कस्बा समधन नगर पंचायत के मोहल्ला अशफाक उल्लाह खान नगर में तालाब की सरकारी जमीन के आंशिक भाग पर दबंग लोगों द्वारा निर्माण कार्य कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। पंचायत प्रशासन के दखल एवं न्यायालय में चल रहे मुकदमे के आधार पर पुलिस द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने के कुछ समय बाद लेखपाल की हठधर्मिता के चलते दबंगों द्वारा पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

बताते चलें कि रविवार को नगर पंचायत कर्मी द्वारा प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया था



अवैध निर्माण कार्य पर विरोध करते पंचायत कर्मी — समृद्धि न्यूज

जिस पर पुलिस द्वारा अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया। लेकिन सोमवार को दबंगों द्वारा फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं पंचायत प्रशासन द्वारा भी अवैध कब्जा कर रहे लोगों को नोटिस भेज कर अवैध निर्माण कार्य पर भी नोटिस चस्पा किए जाने के बाबजूद भी दबंगों द्वारा धड़ल्ले से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं पूरे मामले में लेखपाल की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है। क्षेत्रीय लेखपाल अपना कार्य करने के बजाय अवैध कब्जेदारों का सहयोग कर नगर पंचायत के विरुद्ध रिपोर्ट लगाकर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रहा है। पंचायत कर्मी ने लेखपाल व अन्य उच्चाधिकारियो की सांठ-गांठ से नगर पंचायत की सरकारी तालावी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जो कि सरकार एवं नगर हित में नहीं है तथा उक्त सरकारी तालावी भूमि पर नक्शा दुरिस्तकरण का वाद न्यायालय जिलाधिकारी कन्नौज में विचाराधीन है।

# दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**सौरिख के** हूसेपुर कर्ण न में दबंगों की छेड़खानी से आहत होकर नाबालिग लड़की ने आत्महत्या करने की खबर सुनकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव पीड़ित परिवार को दिलासा देने उनके घर पहुंचे। पीड़ित परिवार ने बताया कि दबंगों ने इससे पहले भी कई बार लडकी से छेड़खानी की जब उसकी शिकायत करने उनके घर गए तो दबंगो द्वारा मारपीट की गई और हरिजन एक्ट का मुकदमा पीड़ितो पर लगवा दिया गया दबंग लोग पीड़ित परिवार को आए दिन जान से मारने की धमकी देते हैं पीड़ित परिवार की बात सुनने के बाद पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने पुलिस प्रशासन से आरोपित दबंगो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की और सरकार से पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की मांग करते हुए कहा यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी नहीं किया गया तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हम समाजवादी लोग थाने का घेराव करेंगे इस मौके पर सोनू यादव गोलू यादव जीतू विपिन आदि लोग मौजूद रहे।

# मदरसा दारुल उलूम गौसिया का सालाना जलसा बनाम रसूले आज़म कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**मदरसा** गौसिया का 23 वा सालाना जलसा अपनी पूरी शानो शौकत के साथ रविवार को संपन्न हुआ।जलसे में प्रदेश व देश भर के अन्य भागों से आये उलेमा ब जायरीन ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मुफ़्ती सगीर अहमद जोखनपुरी रिछा से तशरीफ लाये ।मुख्य वक्ता हज़रत मौलाना मुफ़्ती सगीर ने कहाकि इस्लाम धर्म अम्न व शांति का मज़हब है कुछ लोगो के कुकृत्यों के कारण अगर कोई इस्लाम पर उंगली उठता है तो वह मूर्ख ही कहलायेगा।मुंबई से आये मौलाना सिराज चिश्ती ने पैगम्बर साहब की शिक्षाओं की बातों को आम करने की हिदायत देते हुए कहा कहाकि इस्लाम में जुआ सट्टा, चोरी,ज़िना(व्यभिचार) व शराब आदि जैसी चीज़ों के लिए कोई स्थान नही है बल्कि जो व्यक्ति ऐसा करता है उसके लिए दुनिया में व उसके बाद कब्र में बहुत सख्त सज़ा है।उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे पहले डेमोक्रेसी पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम लेकर आये।नानपारा से आये मौलाना तबरेज़ साहब ने कहाकि आतंकवाद के लिए इस्लाम मे कोई जगह नहीं है।उन्होंने कहाकि हम सूफ़ीज़्म को मानने वाले लोग हैं जो हर तरह की हिंसा का विरोध करते हैं और शांति व सद्भाव के समर्थक हैं।उड़ीसा से शायरे इस्लाम गुलाम सरवर ने कलाम पढ़कर लोगो का दिल जीत लिया। इस दौरान नौजवान लब्बैक या रसूलल्लाह के नारे लगाते नज़र आये। इस दौरान मोहतमिम हज़रत मौलाना मुस्तकीम अहमद क़ादरी ने कहाकि मदरसा गौसिया से हमेशा अमन व शांति का पैगाम दिया गया है और मदरसा गौसिया अपनी खिदमात को बगैर किसी भेदभाव के अंजाम दे रहा है।इस साल 5 आलिम व 6 आलिमाओ का दीक्षांत (दस्तार ) हुआ।इस बार भारी भीड़ के कारण पंडाल में जगह कम गई और लोग सड़कों पर भी खड़े नजर आये।


# कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ संपन्न कराई जाएगी बोर्ड परीक्षाएंः डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**हाईस्कूल एवं** इण्टरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित कराए जाने को लेकर सोमवार को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कालेज के आडोटोरियम हाल में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एंव सचल दल प्रभारी एवं संकलन प्रभारी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगें। ड्यूटी पर लगाएं गए समस्त अधिकारीगण समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक केन्द्र-व्यवस्थापक, एक वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ती की गई है।, जिन्हें

> राजकीय मेडिकल कालेज के आडोटोरियम हाल में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट समेत सम्बन्धित अधिकारियों की हुई बैठक

जो दायित्व सौपा गया है, उसका पूर्ण निष्पक्षता के साथ पालन सुनिश्चित किया जाए। कहा कि प्रश्न पत्रों को लेकर सावधानी दिखाने की आवश्यकता है। इस बार अलमारियों की संख्या बढ़ा दी गई है। यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार की नकल सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ प्रवेश न कर पाये। डीएम ने कहा कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं उनके सुरक्षित व्यवहरण हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में स्ट्रॉग रूम स्थापित किया जाएगा। यह स्ट्रॉग रूम प्रधानाचार्य कक्ष




से पृथक एक अत्यन्त सुरक्षित कक्ष में ही बनाया जाना अनिवार्य होगा, जो 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। सीसीटीवी संखलन हेतु कम से कम दो से तीन लोगों की व्यवस्था की जाये, जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कहा कि जिला मुख्यालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम से पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्रों के सील्ड बाक्स को बन्द गाड़ी में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को हस्तगत कराया जाएगा। तत्पश्चात् इन्हें परीक्षा केन्द्र पर बने स्ट्रांग रूम में अनिवार्य रूप से केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में डबल लॉक आलमारी में सुरक्षित रखवाकर सील करवाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 में हाईस्कूल में 27145 एवं इण्टरमीडिएट में 24639 कुल 51784 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में 100 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिसमें 1 राजकीय विद्यालय, 44 सहायता प्राप्त विद्यालय एवं 55 वित्तविहीन विद्यालय सम्मिलित है। इसी के साथ 100 केन्द्र व्यवस्थापक, 100 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक सहित 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 100 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 3 जोनल मजिस्ट्रेट एंव 5 सचल दल को नियुक्त किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, सहित समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# भैनपुरा मैं अवैध नाले को बंद ना किया गया तो धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे

> जिसकी जिम्मेदारी अधिकारी गण व जनप्रतिनिधियों की होगी

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**शहर** के मोहल्ला भैनपुरा वार्ड नंबर 7 जवाहर नगर में इस समय नगर के मुख्य मार्ग से कालिका देवी मार्ग की ओर जाने वाली सड़क से कठेरिया समाज एवं बाल्मिक बस्ती से गुजर कर सतीश चंद्र चतुर्वेदी के मकान के किनारे से बहते हुए अवैध नाले से यहां रहने वाले तमाम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है नाले की वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों तरफ ऊंची ऊंची इमारतें बन जाने के कारण सफाई नाले की हो पाना संभव नहीं है जब कि थोड़ी लंबाई में नाले की सफाई कर खाना पूर्ति की जा रही है जिसमें नगर पालिका कर्मियों का शारीरिक श्रम व्यर्थ जा रहा है और मलवा सड़क के किनारे घरों के दरवाजों के सामने कई कई दिन पड़ा रहता है जिससे बदबू पूरे मोहल्ले में फैल जाती है यह सब स्थिति देखते हुए उस अवैध नाले को













नगर पालिका द्वारा क्यों नहीं बंद किया जा रहा है जब उसे नाले की सफाई नहीं हो पाती है तो नाले की गंदगी से वहां के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है जब नाले के चारों तरफ लंबी लंबी दिवारे बनी हुई है तो उसे अवैध नाले से गंदगी निकाल कर लोगों के दरवाजे पर क्यों रखी जाती है ऐसी स्थिति नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी इंतजार कर रहे हैं कि कोई बड़ा हादसा हो यह मामला भैनपुरा का है शहर के किसी मोहल्ले या वार्ड में सफाई बस नाम के लिए होती है शिकायत किस से की जाए जिस से शहर में सफाई हो सके क्योंकि नगर पालिका के अधिकारी व जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नहीं है जब कोई शहर में वीआईपी आ जाए तो पूरे शहर के कर्मचारी वहां पर लगा दिए जाते हैं जनता की कोई अधिकारी व कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं होते हैं क्योंकि अधिकारी अपने आवासों के सामने साफ सफाई करवा लेते हैं यही स्थिति जनप्रतिनिधियों की हैअपने-अपने आवासों के सामने साफ सफाई करवा लेते जनता तो बदबू सूंघने के लिए बनी हुई है सबको चुनाव में ही जनता याद आती है उसके बाद जनता की तरफ कोई देखने को तैयार भी नहीं होता है वही भैनपुरा मोहल्ले का बहुत बुरा हाल है इस अवैध नाले में कई बार बच्चे और जानवर गिरकर चुटैल हो चुके हैं इस विशाल अवैध नाले में जनप्रतिनिधि व नगर पालिका परिषद के अधिकारी कोई बात जनता की सुनने को तैयार नहीं होते हैं जनता चीख चीख कर पुकार रही है की नेताजी हमे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जनता की तरफ कोई प्रतिनिधि देखने को तैयार नहीं है शहर के मोहल्ला वार्ड नंबर 7 जवाहर नगर भाजपा नेता संजीव चौहान ने इस अवैध नाले की कई बार जनप्रतिनिधि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अधिकारी से लेकर माननीय विधायक जी से भी अपने मोहल्ले के अवैध नाले की शिकायत लिखित तौर से की मगर कोई सुनने को तैयार नहीं मोहल्ले के मनोज सिंह विजय चौहान सुषमा देवी टिंकू शाक्य रमेश शुक्ला दिवारी लाल बाल्मीकि धर्मेंद्र बाल्मिक सोनू कठेरिया आदि सैकड़ो लोगों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी व जनप्रतिनिधि से लिखित शिकायत की की वार्ड नंबर 7 जवाहर नगर में अवैध नाले को बंद कर दिया जाए क्योंकि इस नाले में मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा रहता है बाढ़ के सभी सम्मानित लोगों ने विधायक से लेकर वार्ड के सभासद तक अपनी फरियाद की मगर कोई सुनने को तैयार नहीं इन सभी लोगों ने बताया इस विशाल गंदे नाले से नागरिकों असाध्य बीमारियों के शिकार हो सकते हैं अथवा नाले में गिरकर किसी की भी मृत्यु हो सकती है उक्त अवैध नाले को बंद कर मुख्य मार्ग के किनारे से निकालने की व्यवस्था की जाए जिससे नागरिकों की परेशानी और स्वास्थ्य एवं जीवन पर खतरा समाप्त हो सके उन्होंने कहा कि कि हम सब वार्ड के निवासी है मेरी मांगे ना पूरी हुई तो धरना प्रदर्शन के करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि की होगी।

# खबरें चलते-चलते

## रामलला का जन्म होते ही होनें लगी पुष्पवर्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के तिर्वा रोड पर चल रहे श्रीजी महिला मंडल के तत्वाधान में संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम का जन्म होते ही समूचा पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्री रामकथा में पहुंची पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने भगवान श्री राम के बाल रूप की पूजा अर्चना की। सोमवार को नगर के तिर्वा रोड पर आयोजित श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास रतीश द्विवेदी मानस मंजरी ने कहा कि भगवान राम का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। उन्होनें बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथा व्यास ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस अवसर पर नवल गुप्ता मनोज गुप्ता दीपक चिक गंगा सिंह कुशवाहा कुलदीप बाथम सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्ति मौजूद रहे।

## सख्ती एवं सघन तलाशी के चलते 24 ने छोड़ी परीक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संस्कृत बोर्ड परीक्षा 2024 के परीक्षा केंद्र श्री राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरसहायगंज में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में चल रही परीक्षा का निरीक्षक दिनेश सिंह ने औचक निरीक्षण कर नकल विहीन परीक्षा संपन्न करने के निर्देश दिए। सोमवार को संस्कृत बोर्ड परीक्षा 2024 के परीक्षा केंद्र राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित परीक्षा से पूर्व केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र सिंह, सहायक केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी, पर्यवेक्षक अर्चना यादव ने सघन तलाशी के बाद परीक्षा प्रारंभ कराई। परीक्षा दौरान पहुंचे निरीक्षक दिनेश सिंह ने विद्यालय के कक्षों में भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय साहित्य के 63, उत्तर मध्यमा प्रथम के 80 पंजीकृत परीक्षार्थियों में क्रमशः 06 और 18 अनुपस्थिति रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## युवक से की मारपीट, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी हरिओम पुत्र रामबाबू गुप्ता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है। कि रविवार की सुबह वह ग्राम सियर मऊ स्थित अपनी जमीन देखने गया था। तभी ग्राम सियरमऊ निवासी प्रदीप यादव, प्रवीन कुमार यादव, शांति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## विवाहिता के उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों पूर्व किसी बात को लेकर विवाहिता के साथ ससुराली जनों द्वारा अभ्रदता व मारपीट करने सहित प्रताड़ित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना छिबरामऊ के मोहल्ला कटरा निवासी शिवराम जाटव पुत्र वीर सहाय द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 14 फरवरी की सुबह नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित उसकी पुत्री की ससुराल में उसके पति मोहित पुत्र राजकुमार जाटव ने उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## विवाहिता से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता के साथ अभ्रदता व मारपीट कर धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मिरगावां निवासी उजमा बानो पुत्री वकील अहमद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी पड़ोसी थाना इंदरगढ़ के ग्राम अगौस निवासी मो. जाकिर पुत्र सरफुद्दीन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन पति मो. जाहिद, जेठ जावेद, देवर शाहिद व राशिद, जेठानी नसरीन द्वारा अतिरिक्त दहेज में पॉच लाख रुपये एवं कार की मांग की गई। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। सोमवार को उसके ससुराली जनों ने मायके आकर उसके साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


## ग्राम पंचायत लेवा विकास खण्ड जैतपुर जिला महोबा

पत्रांकः/मेमो/मनरेगा योजना वर्ष 2023-24 — दिनांकः 18.02.2024

**अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

मनरेगा योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 19.02.2024 से से 24.02.2024 में सीलबंद निविदाएं 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन सीलबंद निविदाएं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री विवरण | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डब्ल्यू बी एम रोड निर्माण कर महेंद्र नायक के खेत से ह्देश पाठक के खेत तक | 6.51 लाख | रेड मोरम, जी एस बी 45-63 | 20 दिन |

**नियम व शर्तेः-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा। 5. आपूर्तिकर्ता जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है।

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**ग्राम पंचायत लेवा, विकास खण्ड जैतपुर, जिला महोबा**






# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का निवेशकों को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया

**बैठक के दौरान मोबाइल चलाने में व्यस्त रहे उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



निवेशकों को सम्मानित करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**कलेक्ट्रेट सभागार** में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का निवेशकों को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। 35 निवेशकों को जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व भाजपा विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने सम्मानित किया। जनपद में 142 परियोजना को रजिस्टर्ड किया गया। जिनमें से 48 परियोजना धरातल पर हैं। फर्रुखाबाद से 10 से अधिक निवेश करने वाले निवेशकों को लखनऊ में सम्मानित किया गया। 35 निवेशकों ने 106 करोड़ 65 लाख रुपए का निवेश किया। ऐसे 35 निवेशकों को जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट परिसर में निवेशकों ने अपने-अपने उत्पादों के काउंटर लगाये। डीएम ने निवेशकों के स्टॉल को देखकर उनसे जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, सुशासन, सम्मान का माहौल बनाया। जिससे निवेश बढ़ा। फर्रुखाबाद की नमकीन पूरे देश में अपनी पहचान बना चुकी हैं। नमकीन उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। फर्रुखाबाद में नर्सरी की सबसे बड़ी इंडस्ट्री है। यहाँ से पौधे पूरे देश और प्रदेश में भेजे जाते हैं। नर्सरी इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जायेगा जिससे देश में फर्रुखाबाद की नर्सरी इंडस्ट्री की पहचान बन सके। भाजपा विधायक मेजर सुनील दत्त ने कहा कि ओडीओपी योजना जिला कारागार में भी अच्छी तरह से चल रही हैं। जेल में बन्द बंदी छपाई कर रोजगार पा रहे हैं। जेल के बंदियों को सक्षम बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के लाइव संबोधन के दौरान कई अधिकारी मोबाइल चलाने में मस्त रहे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की बैठक में मोबाइल पर व्हाट्स एप चलाने में व्यस्त रहे उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन। मुख्यमंत्री डेस्कबोर्ड की रेटिंग में पिछड़ने के बाद भी अपने ढीले रवैए से सुधरने को तैयार नहीं है जिले के जिम्मेदार अधिकारी। शासन द्वारा प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री के द्वारा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट-2023 निवेश कुम्भ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था। निवेश कुम्भ के दौरान जनपद में कुल 142 एमओयू धनराशि 3967.58 करोड़ हस्ताक्षरित किये गये है। कुम्भ में हुए हस्ताक्षरित को धरातल पर लाने हेतु ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (भूमि पूजन) का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में 48 एमओयू (भूमि पूजन हेतु) कुल निवेश 564.58 करोड़ तैयार हुए है। 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले 13 निवेशकों द्वारा लखनऊ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जा रहा है, जिनका कुल निवेश 461.93 करोड़ है। 10 करोड़ के कम निवेश करने वाले 35 निवेशकों द्वारा जनपद मुख्यालय पर प्रतिभाग किया गया है, जिनका निवेश 106.65 करोड़ है।

# डीडीओ ने सोशल आडिट के अभ्यर्थियों का लिया साक्षात्कार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** कार्यालय पर डीडीओ ने सोशल ऑडिट के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जल्द ही ग्राम पंचायत में उनकी तैनाती की जायेगी।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर सोमवार को जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने बताया कि नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के 64 ग्राम पंचायत के लिए अभ्यर्थियों का सोशल आडिट टीम में चयन होना है। आज डीडीओ ने सभी का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार के बाद सभी अभ्यर्थियों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत के कामों की जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने बताया कि अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर लिया गया है। चयन प्रक्रिया अधिकारियों के पास पहुंचकर इनको ग्राम पंचायत में चयनित किया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत सोशल आडिट टीम के प्रभारी अभिषेक मिश्रा, सत्यवीर सिंह ने एक-एक अभ्यर्थी को अलग-अलग तरीके से साक्षात्कार हेतु जिला विकास अधिकारी के पास भेजा और उन्होंने अपने तरीके से उनसे जानकारियां जुटाकर उनका साक्षात्कार लिया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, सोशल आडिट टीम के प्रभारी अभिषेक मिश्रा, सत्यवीर सिंह, विकास खंड कार्यालय के एकाउंटेंट, आलोक दीक्षित, सुरेश चंद्र, मनरेगा के प्रभारी आलोक पाठक, राहुल चंदेल आदि लोग मौजूद रहे।


अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेते डीडीओ — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## बोलेरो की टक्कर से बालक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नव विवाहित की चौथी की विदा करने आए ससुरालीजनों की बोलेरो गाड़ी के चालक ने गांव के बच्चे को रौंद दिया। गंभीर हालत में परिजनों ने पुलिस को दी सूचना। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी विक्रम सिंह जाटव पुत्र झाडूलाल जाटव का 3 वर्षीय पुत्र वंश कुमार अपने मोहल्ले में खेल रहा था, तभी गांव के ही जगदीश बाथम के पुत्र की शादी बीते दिन हुई थी। ससुरालीजन सोमवार को चौथी की विदा कराने आए थे। जिसमें बोलेरो चालक जो शराब के नशे में था और गाड़ी को ठीक प्रकार से नहीं चला पा रहा था, ने वंश कुमार के टक्कर मार दी। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने घायल वंश कुमार को सीएचसी नवाबगंज लेकर आई। जहां से डॉक्टर ने हालात को गंभीर देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़िया निवासी राजेश यादव उम्र 30 वर्षीय पुत्र छविनाथ यादव अपनी माँ शिवरानी यादव को बाइक पर बैठालकर अपने मामा राकेश के यहाँ रम्पुरा थाना मऊदरवाजा जा रहा था। जैसे वह ग्राम पपड़ी थाना कायमगंज के निकट पहुँचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार माँ बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

## अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो क्षतिग्रस्त, कई सवारियां घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात ट्रैक्टर से टकराकर टेंपो क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें सवार कई सवारियां घायल हो गयीं। जिन्हें अमृतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बीती देर शाम ग्राम कलेक्टरगंज के पास टेंपो जिसका नंबर यू.पी.76के9265 को चालक मुन्ना लाल पुत्र रुस्तम उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी खानपुर फर्रुखाबाद और अन्य दो सवारी रामचंद्र पुत्र रामरतन निवासी कुमराबा थाना जलालाबाद शाहजहापुर, रामप्रसाद पुत्र श्रीराम निवासी पश्चिमी गोटिया थाना राजेपुर सवार थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टेंपो में टक्कर मार दी। जिससे टेंपो सवार उपरोक्त लोग घायल हो गये। घायलों को सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया गया।

## एफएसडीए ने मेला रामनगरिया से मिश्रित दूध का लिया नमूना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार व डा0 शैलेन्द्र रावत ने मेला राम नगरिया पांचालघाट स्थित बृजभान पुत्र वीरेन्द्र सिंह यादव के खाद्य प्रतिष्ठान शिव भोले डेयरी से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का 01 नमूना लिया। जिसे जांच हेतु संग्रह किया गया। इस छापेमारी से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

## बेवजह गाली-गलौज एवं मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रजीपुर निवासी राजू पुत्र प्यारेलाल ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 19 फरवरी को 11.00 बजे मैं मैच खेल रहा था। उधर से आए राहुल पुत्र करलो, जद्दू पुत्र लल्ला, शकुनी पुत्र नामालूम निवासीगण रजीपुर आये और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# भैया लाल रामवीर सिंह महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्मार्ट फोन

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



छात्रा को स्मार्ट फोन वितरित करते भाजपा जिलाध्यक्ष

**स्वामी विवेकानंद** युवा शक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनायें करते हुए कहा विद्यार्थी स्मार्टफोन के जरिए अग्रिम लक्ष्य हासिल करें। सफलता खुद ब खुद कदमों को चूमेगी।

जानकारी के अनुसार विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम नैगमा ललौर स्थित भैया लाल रामवीर सिंह महाविद्यालय में गणमान्य लोगों की उपस्थित में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण किया गया। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम को लेकर मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता ने स्मार्टफोन उपलब्ध कराते हुए कहा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत जो स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए सभी छात्र-छात्राएं समुचित उपयोग कर लक्ष्य हासिल करें, क्योंकि छात्र ही देश के कर्णधार, भाग्य विधाता और राष्ट्रीय निर्माता हैं। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में अमृतपुर के भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने भी सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं करते हुए कहा आधुनिक जानकारी के लिए स्मार्ट फोन आज के दौर में अहम भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्तास प्रबंधक महावीर सिंह राजपूत, चेयरमैन राजवीर सिंह राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, कोकिला देवी राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख बढ़पुर के अलावा कार्यक्रम संचालक अवनीश कुमार शाक्य उपस्थित रहे। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने कहा स्वामी विवेकानंद के सपनों को पूरा करने के लिए छात्र आगे बढ़ें और स्मार्टफोन के जरिए लक्ष्य हासिल करे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुलदीप कुशवाहा ने भी विचार रखे। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राम लखन राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।

# गंगा स्नान के दौरान अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से युवत की मौत

**मौत की सूचना मिलते ही घर परिवार में मचा कोहराम**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी जनपद शाहजहॉपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव नया गांव निवासी महावीर सिंह की सोलह वर्षीय पुत्री कुमारी रूबी जिसे अक्सर मिर्गी के दौरे आया करते थे। बताते हैं सोमवार को रूबी अपने परिवार के लोगों के साथ ढाईघाट शमशाबाद की गंगा नदी पर स्नान करने के लिए आई थी। जैसे ही रूबी स्नान के लिए गंगा में उतरी, उस दौरान मिर्गी का दौरा पड़ गया। देखते ही देखते युवती पानी में डूबने लगी। इस नजारे को देख मौके पर परिजनों के होश उड़ गए। चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुन आसपास के लोगों ने हिम्मत का परिचय देकर युवती को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बताते हैं युवती के परिजन खुशी के माहौल में गंगा स्नान के लिए ढाईघाट शमशाबाद आए थे।गंगा पूजन के बाद जब परिवार के सभी लोग स्नान के लिए गंगा में उतरे, तो रूबी भी स्नान के लिए गंगा में घुस गई। देखते ही देखते रूबी को मिर्गी का दौरा पड़ गया और हालत बिगड़ गई। जैसे-जैसे परिवार के लोगों ने एक दूसरे के सहयोग से रूबी को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच पड़ताल की। वहीं शमशाबाद पुलिस ने जब परिवार के लोगों से मृतक युवती का पोस्टमार्टम कराए जाने की बात की, तो परिवार के लोगों ने कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। फिलहाल परिजन रोते बिलखते मृतक युवती का शव लेकर घर चले गए।

# दिव्यांग पेंशन में किसी प्रकार की नहीं हुई गड़बड़ी: अनिल चन्द्रा

**2023-24 में 17332 दिव्यांगों पेंशन लाभार्थियों की है संख्या**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दिव्यांग पेंशन** में गड़बड़ी के मामले में अनिल चन्द्र जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा जारी की जाने वाली दिव्यांग पेंशन में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग का प्रारंभ सन् 1995 से हुआ है, तभी से दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। पूर्व में दिव्यांग पेंशन न्यूनतम 40 प्रतिशत, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जो मैनुअल एवं ई-डिस्ट्रिक द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से निर्गित किये जाते थे के आधार पर पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन प्रदान की जा रही है। वर्तमान सरकार की मंशानुरुप सभी दिव्यांगजनों को अपने पुराने दिव्यांगता प्रमाण पत्र का डिजिटाइजेशन कराकर यूडीआईडी कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अब तक मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी किये गये दिव्यांग प्रमाण पत्रों की संख्या 1995 से 2011 तक दिव्यांग प्रमाण पत्रों की संख्या यूडीआईडी पोर्टल के अनुसार 31497, 2011 से अब तक निर्गत नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र 9149, 1995 से अब तक कुल 40646 है। पोर्टल के अनुसार 17146 है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिव्यांग विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों की संख्या 17332 है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार से कोई भी पेंशन फर्जी नहीं है।

# जस्ट डायल एप के माध्मय से फर्जी ट्रांसपोर्ट कंपनी बनाकर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**मोबाइल, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत एक हांडा सिटी कार बरामद**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


पकड़े गये गिरोह के सदस्य — समृद्धि न्यूज

**पुलिस नें** जस्ट डायल एप से फर्जी खातों में पैसा ट्रांसफर कराने वाले गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत काफी मात्रा में सामान बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष कादरीगेट विनोद कुमार शुक्ला, एसओजी प्रभारी अमित गंगवार व सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार की टीम नें संयुक्त रूप से आरोपी वरुण उर्फ सुबोध मिश्रा पुत्र वेद प्रकाश मिश्रा निवासी बालाजीपुरम कादरी गेट, संजय मिश्रा उर्फ छोटू पुत्र बाल कृष्ण मिश्रा व संदीप मिश्रा उर्फ पिंटू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी अम्बेडकर नगर नरकसा व रजत पुत्र हरीओम यादव निवासी मोहल्ला मेमरान रेलवे स्टेशन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल, 9 एटीएम कार्ड, 2 पेन कार्ड., एक ड्राइविंग लाइसेंस, 2 सिम कार्ड, 134 वर्क स्क्रीन शार्ट के साथ नमूना मोहर व एक हांडा सिटी कार नंबर यू.पी.डीएल3सीबीई3413 बरामद की। पकड़े गये आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चारों लोग मिलकर मोबाइल पर जस्ट डायल एप पर ट्रांसफोर्ट के लिए डील करते थे। उसको कप्यूटर के माध्यम से फर्जी कूटरचित दस्तावेज को एप व व्हाट्सएप के माध्यम से दिखाकर फर्जी खुलवाये खाते में पैसा डलवाते थे। जिसके एटीएम आरोपियों के पास ही रहते थे। एटीएम के माध्यम से पैसा निकालकर आपस में बाँट लेते थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्त वरुण उर्फ सुबोध, संजय मिश्रा उर्फ छोटू, संदीप कुमार मिश्रा उर्फ पिन्टू पर क्रमशः एक-एक मुकदमा तथा अभियुक्त रजत पर दो मुकदम पंजीकृत हैं।

# बस का कट लगने से अनियंत्रित टेंपो पलटा, आधा दर्जन यात्री घायल

**टेम्पो में लगभग एक दर्जन यात्री सवार थे, चालक टेंपो छोड़कर भागा**

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज


मौके पर खड़ा दुर्घटनाग्रस्त टेंपो — समृद्धि न्यूज

**रोडवेज की** अनुबन्धित बस का कट लगने से सवारियां लेकर जा रहा टेंपो पलट गया। जिससे करीब आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयीं। सभी घायलों को सीएचसी भेजा गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम खिनमिनी के निकट एक अनियंत्रित टेंपो फर्रुखाबाद से कायमगंज जा रही अनुबंधित बस से टकराकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। बताया गया है कि टेंपो में लगभग एक दर्जन यात्री सवार थे। चीख पुकार सुन मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ में कुछ लोगों ने मानवता का परिचय देकर घायलों को संभाला। किसी ने 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को आने की सूचना दी, तो किसी ने डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को आने की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल करते हुए सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौन भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने आशाराम को गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल रेफर किया। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में देशराज उम्र 80 वर्ष निवासी दलेलगंज थाना शमशाबाद, राजवीर उम्र 60 वर्ष निवासी नगला समाधान, भैयालाल उम्र 60 वर्ष निवासी ममापुर कोतवाली कायमगंज, आसाराम निवासी ललोर थाना शमशाबाद उम्र 70 वर्ष, सुनीता पत्नी भैयालाल निवासी ममापुर कोतवाली कायमगंज बताए गए। टेंपो सवार सभी लोग आवश्यक कार्य से फर्रुखाबाद जा रहे थे। ग्राम खिनमिनी के सामने गुजरते समय हादसा हो गया। हालांकि इस दुर्घटना में एक साइकिल सवार के भी घायल होने का समाचार मिला। दुर्घटना के बाद घबराया टेंपो चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। जबकि बस भी मौके से जा चुकी थी।

**अवैध खनन** | **पुलिस ने खनन माफिया के चालक को ट्रैक्टर ट्राली समेत पकड़ा**

# एक रात में दस हजार जमा करो, चाहे जितना बालू का खनन करो

कंपिल, समृद्धि न्यूज


थाने में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली व मशीन — समृद्धि न्यूज

**कटरी क्षेत्र** के खेतों से अवैध बालू खनन का कारोबार रुक नहीं रहा है। दिन हो या रात बालू माफियाओं की ट्रैक्टर ट्रालियां आने लगती हैं। अवैध बालू खनन का खेल लंबे समय से चल रहा है। यह आम चर्चा है कि एक रात में दस हजार जमा करो फिर चाहे जितना खनन करो। सूत्रों के मुताबिक रात में खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं। गंगा घाट से रातोंरात भारी मात्रा में बालू का खनन कर लिया जाता है। क्षेत्र में निर्बाध रूप से जारी है अवैध खनन। क्षेत्र में नूरपुर, नसरुल्लाहपुर, तलफी नगला, कारव, पहाड़पुर, निजामुद्दीनपुर, सिवारा, बिल्सड़ी, जिजौटा बुजुर्ग, बहलोलपुर, राईपुर चिनहटपुर आदि गांवों में अवैध खनन का काम जोरों पर है। नूरपुर गांव में खेतों से निकाल कर बालू के ऊंचे ऊंचे टीले बना लिए गए हैं। जिस पर आज तक किसी भी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी है। बालू माफिया की व्यवस्था इतनी चौकस है कि खनन विभाग प्रशासनिक अधिकारियों के छापे की सूचना पहले ही माफियाओं को हो जाती है। जिससे कुछ समय के लिए खनन रोक दिया जाता है। सोमवार दोपहर थाना पुलिस ने कंपिल बाईपास मार्ग पर बालू माफिया मोहम्मद शमी के ट्रैक्टर का पीछा किया। चालक ने बालू को सड़क पर ही पलट दिया। हालांकि पुलिस ने ट्रैक्टर को चालक सहित दबोच लिया। पुलिस उसे थाने ले आयी। जहां बालू माफिया ट्रैक्टर को छुड़ाने के लिए थाने पहुंच गए।

## सपा बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी की बैठक 29 को लखनऊ में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल आर्यन ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के सभी जिलाध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों को आने वाली 29 फरवरी को सुबह 10.00 बजे लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के साथ बैठक होना निर्धारित हुई है। आप सभी जिलाध्यक्ष तथा महानगर अध्यक्ष उपरोक्त दिनांक को पार्टी कार्यालय लखनऊ में उपस्थित होकर बैठक में प्रतिभाग करें तथा संगठन से सम्बन्धित अपने सुझाव अखिलेश यादव के सम्मुख रखकर पार्टी एवं संगठन को सकारात्मक दिशा में बढ़ाने का कार्य करें। आने वाले लोकसभा चुनाव चुनाव के लिए किस तरह बूथ स्तर तक के वोटर को पार्टी नीतियों से अवगत कराना है। इस पर भी चर्चा करेंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के संबंध में आप मुझसे अथवा प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष कुमार जाटव से संपर्क कर सकते हैं।

# मछली पकड़ने गया युवक हुआ गायब, परिजनों ने डूबने की जताई आशंका

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के ग्राम परतापुर कला में 25 वर्ष से रह रहे युवक बुलाकी पुत्र कालिका 50 निवासी ग्राम बेलसर हिलन थाना पचदेवरा जिला हरदोई रिश्ते की बुआ के यहां आकर रहने लगा था। अविवाहित युवक मछली पकड़कर अपना जीवन यापन करता था। युवक शनिवार की शाम को अपना जाल और और ट्यूब लेकर सोता नाला में मछली पकड़ने आया था। किनारे पर उसने अपना शाल और गमछा, पजामी, जूता रख दिए। जब शाम को ग्रामीणों ने देखा कि कपड़े सोता नाला के किनारे रखे हैं, लेकिन युवक का कोई पता नहीं है। ग्रामीणों के बीच चर्चा चली, तो रिश्तेदारों ने युवक के परिजनों को गायब होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी को सूचना दी तथा बताया की 18 फरवरी को रिश्तेदार हेमराज द्वारा सूचना परिजनों को दी गई थी। सूचना मिलते ही मां बिटोली देवी, बहन छोटी बिटिया, सुदामा, बिट्टन, भाभी गुड्डी, भाई नन्हें, भैया मटरुलाल आदि घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी व नायब तहसीलदार अतुल कुमार सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल वरुण व आदिल खां घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष द्वारा गोताखोरों को बुलाया गया। 6 घंटे तक गोताखोरों की टीम के द्वारा खोजबीन की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी ने बताया है कि पानी ठंडा होने के कारण गोताखोर ज्यादा देर तक ठंडे पानी में नहीं रख पा रहे हैं। प्रयास किया जा रहा है। शव बरामद कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व परिजन — समृद्धि न्यूज

# सपा की सदर ब्लाक कमेटी घोषित



नवीन पदाधिकारियों के साथ सदर ब्लाक कमेटी के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** के ब्लाक अध्यक्ष मुख्तार आलम ने अपनी 31 सदस्यीय ब्लाक कमेटी की पार्टी कार्यालय पर घोषणा की। कमेटी की घोषणा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रेश राजपूत की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। ब्लाक अध्यक्ष मुख्तार आलम ने ब्लाक उपाध्यक्ष सूर्या, हुकुम सिंह, सर्वेश कुमार, नजीबुल हसन, अभिषेक, रुखसार, वसीम अंसारी को बनाया है। कोषाध्यक्ष शिव कुमार बने। महासचिव विमलेश बनाये गये। सचिव पद की जिम्मेदारी कृष्णा गोपाल, संदीप यादव, अमित कुमार, रंजीत, अमित कुमार, मोहम्मद आसिफ, सुधीर यादव, फहीम अंसारी को बनाया है। सदस्य अजीत कुमार, रजनेश, एके सिंह, अमित कुमार, विपिन, ज्ञान सिंह, रजनीश, विशाल यादव, मनोज कुमार, रामू यादव, मोती सिंह आदि को जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# सरदार पटेल युवा वाहिनी व मंच द्वारा मनाया गया छत्रपति शिवाजी का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सरदार पटेल** युवा वाहिनी एवं सरदार पटेल युवा मंच के तत्वाधान में वीर छत्रपति शिवाजी महाराज का 394वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 फुट लंबा कैलेंडर प्रदर्शित किया गया। पुष्प वर्षा के साथ शिवाजी महाराज के जयकारों से मसेनी चौराहा गुंजायमान हो गया। साथ ही शिवाजी महाराज भव्य दरबार भी देखते ही बन रहा था। जिस पर सभी प्रबुद्धजन निरंतर पुष्प अर्पण करते दिखे। सामूहिक पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। नेकपुर स्थित शिवाजी संस्थान पहुंचे जहां पर सभी ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर एवम केक काट कर जन्मोत्सव भव्य रुप से मनाया। दोनों संगठनों के अध्यक्ष पवन कटियार, गौरव कटियार ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, वरिष्ठ संरक्षक हर्षवर्धन कटियार, कुलदीप कटियार, वीरेंद्र सिंह कटियार, विजय कटियार, राहुल गंगवार, रिंकू कटियार, कृष्णमोहन कटियार, मधुर कटियार, प्रमोद कटियार, अशोक कटियार, अजय कटियार, गुरदीप कटियार, संजय कटियार, राजीव कटियार, शिव कुमार कटियार, शिवम मोहन कटियार, अनूप कटियार, अजय कटियार, सौरभ कटियार, रीटू कटियार, पंकज कन्नौजिया, अंशुल कटियार, शरद कटियार, शशांक कटियार, विजय, धनंजय, हेमंत, प्रशांत, शिवम पटेल, प्रवेश, विनीत, ऋत्विक सनी, निखिल, मनीष, प्रशांत, अवनीश, शुभम, सौरभ, क्षितिज, उत्कर्ष, टीटू गंगवार, वतन गंगवार, बंटी ठाकुर, आशीष कटियार, नवीन कटियार, अमित, सरोज कटियार, हनी, बंटी कटियार, नवीन, प्रदीप कटियार, अतुल कटियार, पवित्र, शुभम, सौरभ, आलोक आर्यंश, सचिन, शिवांशु, रितेंद्र, अंकुर आदि लोग उपस्थित रहे।



शिवाजी जन्मोत्सव मनाते लोग — समृद्धि न्यूज

# बीना शर्मा बनी सपा की वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** की बैठक महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में उनके आवास पर सम्पन्न हुई। संचालन खुर्शीद खान ने किया। राघव दत्त मिश्रा ने वरिष्ठ नेत्री बीना शर्मा को वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष मनोनित किया है। राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि उनकी लगन शीलता एवं निष्ठा को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है और वह पार्टी में निष्ठा रखते हुए संगठन को मजबूत करेंगी। बीना शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए पूरे दमदारी से दायित्व का निवाह्न करुंगी। इस मौके पर ठा0 जयवीर सिंह, अभिषेक गुप्ता, कुलदीप भारद्वाज, डॉ0 शिवम अवस्थी, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, उरूज खान, रिंकू यादव, अमित यादव आदि ने बीना शर्मा का माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी।



बीना शर्मा को मनोनयन पत्र देते राघव दत्त मिश्रा

## खबरें एक नजर में

### भाकियू स्वराज के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में जाकर उपजिलाधिकारी यदुवंश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि स्वामी नाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर गठन किया जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गारन्टी का कानून लागू किया जाए, किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ किया जाए, आन्दोलन के समय किसानों पर जो मुकदमे लिखे गये उन्हें समाप्त किया जाए, सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश मे आवारा पशुओं से किसान परेशान अधिकारियों की तानाशाही रवैये से किसान बदहाल हैं। जनपद में आवारा साडों के आंतक से पिछले एक महीने मे पाँच लोगों की मृत्यु हो चुकी है, आपसे निवेदन है कि उक्त समस्याओ का संज्ञान लेकर उन्हें हल करवाने की कृपा करे अन्यथा भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता एक माह के बाद कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन व जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला महामन्त्री मंजेश यादव, उपाध्यक्ष विपिन ठाकुर, उपाध्यक्ष हेतराज राजपूत आदि मौजूद रहे।

### प्रेमिका की बेवफाई से क्षुब्ध प्रेमी ने पिया जहर



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रेमिका की बेवफाई से क्षुब्ध प्रेमी ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार कायमगंज नवाबगंज थाना क्षेत्र के अठसैनी पहाड़पुर निवासी दिलीप जाटव पुत्र जगदीश जाटव के अनुसार उसका गॉव की युवती रेशमा से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दिलीप के परिजन इस बात को लेकर काफी परेशान है। बीते दिन दिलीप ने अपनी प्रेमिका को गॉव के युवक के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़ लिया, तभी प्रेमी दिलीप प्रेमिका के साथ गाली-गलौज करने लगा। प्रेमिका ने नवाबगंज थाने पहुँचकर प्रेमी दिलीप पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस जब प्रेमी को पकड़ने आई, तो दिलीप नहीं मिला। तब उसके पिता को थाने ले गई। ग्राम प्रधान थाने पहुंचकर जगदीश को छुड़वाकर घर लेकर आये। प्रेमी ने बसन्तापुर के पास जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

### ई-रिक्शा से गिरकर बालक घायल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़िया कोटमऊ रसीदाबाद निवासी अनिकेत यादव उम्र 7 वर्ष पुत्र देवेन्द्र अपनी माँ सोनी के साथ पिता के ई-रिक्शे में बैठकर ढाईघाट मेले में घूमने गया था। वापस घर लौटते समय रास्ते में ई-रिक्शे से नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### युवक जहर खुरानी गिरोह का शिकार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी अरुन केरी उम्र 19 वर्षीय पुत्र भूरेलाल कोरी दिल्ली के खुरेजी में बेकरी पर काम करता है। सोमवार को वह रोजवेज बस द्वारा अपने घर वापस लौट रहा था। रास्ते में किसी जहर खुरानी गिरोह ने नशीला पदार्थ सुघांकर उसे अपना शिकार बना लिया। बेहोशी की हालत में उसे कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ होश आने पर उसने बताया की मेरे पास लगभग पाँच हजार रुपए व सामान था, जिसे जहर खुरानी गिरोह के सदस्य लूट ले गये।

### रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 20 फरवरी को 10 बजे डीबीएस विद्या मंदिर राठौरा ताजपुर कमालगंज में होगा। जिसमें 22 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 2200 रिक्तियों संबंधित अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपने प्रपत्रों के साथ रोजगार मेले में भाग ले। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# डीएम ने लोकसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0** सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में व्यय अनुवेक्षण से संबंधित उड़नदस्ता टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, निर्वाचन काल सेंटर टीम इत्यादि टीमों की समीक्षा की। डीएम ने निर्देशित किया गया कि ये सुनिश्चित कर लिया जाये कि जो कार्मिक जिस क्षेत्र में तैनात है उसकी ड्यूटी उस क्षेत्र में न लगाई जाये। सभी टीमों के व्हाट्सएप ग्रुप बना लिए जाये। सभी लोग चुनाव को निष्पक्ष कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में बच्चे ज्यादा से ज्यादा दीर्घ लघु उत्तरीय प्रश्न याद करें: संदीप कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बोर्ड परीक्षा** में छात्र तैयारी हेतु रिवीजन पर विशेष ध्यान दें। बोर्ड परीक्षा में तैयारी हेतु बच्चे विज्ञान विषय की एनसीईआरटी किताबों के जो भी प्रश्न है उन प्रश्नों के उत्तर को अच्छे ढंग से तैयार कर लें।

मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज के जीव विज्ञान के सहायक अध्यापक संदीप कुमार ने बताया कि पिछली वर्ष बोर्ड परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्नों की संख्या 20 रखी हुई थी। इस बार भी बहुविकल्पीय प्रश्न आयेंगे। उन 20 प्रश्नों को करने के लिए बच्चे एनसीईआरटी किताब के प्रश्नों को अवश्य तैयार करें। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न याद करने चाहिए। इन प्रश्नों से लघु उत्तरीय और अति लघु उत्तरीय और कभी-कभी बहुविकल्पीय प्रश्न भी बनते है। विज्ञान के ज्यादातर प्रश्न चैप्टर-2 और 4 रसायन विज्ञान से और विज्ञान के चैप्टर-1 जैव प्रक्रम, चैप्टर-3 जीव जनन कैसे करते है और अनुवंशिकता वाले चैप्टर्स को बहुत अच्छे से याद कर लें। इन सभी चैप्टर से बहुत से प्रश्न बनते ही जिनसे बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक ला सकते है। हाईस्कूल के बच्चों को क्रम से कम से कम 8 घंटे नींद लेना चाहिए और जो भी विषय बच्चे पढ़े उनका एक निर्धारित समय बना लें कि हमें इस विषय को कितने समय तक पढ़ना है। प्रत्येक विषय को पढ़ने के लिए बच्चे अलग-अलग समय बनाये। जो भी विषय का आप चैप्टर पढ़ रहे हो तब उसी विषय से संबंधित नोट्स और किताब आपके पास हो। बांकी विषय की किताओं और नोट्स पर नजर न पढ़े, इसलिए उनको वहां से हटा लें। बोर्ड परीक्षा के लिए सभी बच्चों को मन लगाकर याद करना चाहिए और मोबाइल एवं सोशल मीडिया से भी दूरी बनाकर रखें, ताकि बच्चे बोर्ड परीक्षा में अच्छे नम्बर ला सकें।



संदीप कुमार, सहायक अध्यापक जीव विज्ञान

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नेहरू युवा** केंद्र के द्वारा आयोजित पुलिस लाइन में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 2024 की चैंपियनशिप आराध्या यादव व अभय को मिली। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान 100 मीटर जूनियर, 400 मी0 सीनियर व वॉलीबॉल, लॉन्ग जंप, बालिका लॉन्ग जंप, बालक खो-खो, कबड्डी व अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्वयं सेविका रचना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद वर्मा ने पुरस्कार पाने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। सेवा पांचाल नगरी संस्थापक राहुल वर्मा ने कहा कि खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते है। पीटीआई जगदीश बघेल, पीटीआई सुरेश ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर अमित कुमार, शिव, ऋषभ, वरुण, अभय, आर्यन, आराध्या यादव, सेजल शाक्य, अर्पित आदि मोजूद रहे। ब्लैक कोऑर्डिनेटर रचना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।




प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

# दरगाह मौलवी बदनशाह के 116वें उर्स में अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़



उर्स में मौजूद कमेटी के लोग व अकीदतमंद — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हजरत यहदा** शाह रह0 मौलवी बदन शाह रह0 का 116वां सलाना उर्स सम्पन्न हुआ। मौलवी जिलानी शाह रह0 का वाद नवाजे जौहर कुरान ख्वानी के साथ नवाजे असरकुल व फातिया के साथ सम्पन्न हुआ। अकीदतमंदों ने गुस्ल व चादरपोशी के साथ दुआ की। दूर दराज से आये लोगों ने तबरुख तकसीम किया। बजरिया मौलवी बदनशाह स्थित दरगाह पर इंतिजामिया कमेटी ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर छोटे भाई तनवीर, शब्बू, आफताब आलम कादरी, जुगनू, आफिज, समीम, काजी जरफ शाह रिजवी आदि लोगों ने उर्स मुबारक मौके पर भाग लिया।

# गांधी विचार मंच गोष्ठी में आला सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** के सांस्कृतिक पाण्डाल में आला गायक मुन्नालाल राठौर ने अपनी आला की गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गांधी विचार मंच व स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत गंगा स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, सबका विकास, सबका साथ, भारत में रामराज आधारित आला प्रस्तुत किया गया। जिले के आला सम्राट मुन्नालाल राठौर ने आला के माध्यम से जागरण किया और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गांधीवादी विचारों को अवगत कराते हुए स्व0 महरम सिंह को याद किया गया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्षता ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने की। उन्होंने मेले में सर्वे भवन्तु सुखना का संदेश देते हुए स्वच्छता पर जोर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कल्पवासी व गांधी विचारधारा के लोग मौजूद रहे।




सांस्कृतिक पाण्डाल में आला प्रस्तुत करते मुन्नालाल राठौर

**बैठक** — शाखा प्रबंधकों से बोले सभी का काम समय से निपटायें

# एलडीएम ने बीएलएम तथा समूह की महिलाओं के साथ की बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी के** निर्देशन में एलडीएम ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर बीएलएम महिला समूह सखी के साथ बैठक की।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर जिला अधिकारी के निर्देशन में पहुंचे बैंक के आलाधिकारी एलडीएम राजेंद्र प्रसाद ने बीएलएम तथा समूह की महिलाओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान क्षेत्र की सभी ग्रामीण तथा बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं व बीएमएम ममता को कई जानकारियां दीं। वहीं उन्होंने बैंक में होने वाले कार्यों में या सुविधाओं के बारे में सभी से जानकारी ली और सभी शाखा प्रबंधकों को बताया कि वह किसी भी समूह की महिला तथा बैंक के कर्मचारी किसी भी ब्लॉक के कर्मचारी या आम जनमानस को परेशानी ना होने दें और समय-समय पर उनके कार्यों को निपटाएं। जिससे कि कोई भी बैंक शाखाओं के ऊपर उंगली ना उठा सके। ऐसी कई अहम जानकारियां दीं।


इस मौके पर एलडीएम राजेंद्र प्रसाद तिवारी, प्रभारी विकास खंड अधिकारी, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, बीएमएम ममता तथा समूह की महिलाएं व विकास खंड क्षेत्र के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।



समूह की महिलाओं के साथ बैठक करते एलडीएम — समृद्धि न्यूज

# पीएम के नेतृत्व में देश आज किसी भी आपदा से निपट सकता है : अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आपदा प्रतिरोधी भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बहुआयामी आपदा प्रबंधन योजना लेकर आए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है।

मिशन शून्य-हताहत के कारण, बिपरजॉय चक्रवात की विनाशकारी शक्ति भी किसी की जान नहीं ले सकी। एक्स प्लेटफॉर्म पर आपदा प्रबंधन पर पोस्ट की एक श्रृंखला में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक बहुआयामी आपदा प्रबंधन योजना पेश की। इस दृष्टिकोण के तहत मोदी सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया बल बनाए और सतर्क प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित की, जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री ने कहा कि आपदा प्रतिरोधी भारत के निर्माण के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदाओं के प्रति हमारी प्रतिक्रिया में शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपनाया है। आज हमारी आपदा प्रतिक्रिया टीमें हर जीवन को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पूरी तरह से पेशेवर ताकतों के रूप में काम करती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक आपदा प्रतिरोधी राष्ट्र के निर्माण के लिए भारत के युवाओं की शक्ति का उपयोग किया।

### ट्रिपल आईटी भवन का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**भागलपुर।** भागलपुर में 50 एकड़ जमीन पर विकसित 128 करोड़ की लागत से बने आधुनिक सुविधाओं से लैस 1000 छात्रों के पढ़ने और रहने के लिए निर्मित ट्रिपल आईटी भवन का ऑनलाइन उद्घाटन कल मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू कश्मीर से करेंगे। उल्लेखनीय है कि एक साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 संस्थाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही नरेन्द्र मोदी के साथ भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रहेंगे। वहीं कल होने वाले इस भवन के उद्घाटन में उपमुख्यमंत्री विजय सिंह और सांसद अजय मंडल कार्यक्रम स्थल ट्रिपल आईटी सबौर में उपस्थित रहेंगे। वहीं वर्चुअल मोड में बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और राज्यपाल भी उपस्थित रहेंगे।

### मोदी राष्ट्रवाद के प्रतीक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इंडिया गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवाद का, जबकि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं। सिंह ने पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में पहले दिन ही लोकतंत्र के मंदिर की सीढ़ी को प्रणाम किया था। उनको क्या है। वो संत आदमी हैं। उनके अकाउंट में पैसा नहीं है। उनके पास कोई जमीन नहीं। कोई मकान नहीं है। वे सिर्फ राष्ट्र के लिए जीते हैं और राष्ट्र के लिए ही मरते हैं। दूसरे राजनीति दल, सिर्फअपने वंश को बढ़ाने में लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि लालू प्रसाद अपने बेटे को सीएम बनाने में लगे हैं, मुलायम सिंह बेटे को सीएम बना दिए। ममता बनर्जी अपने भतीजे को, स्टालिन अपने बेटे में लगे हैं।

# ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए अरविंद केजरीवाल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में सोमवार को एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय समक्ष पेश नहीं हुए।

ईडी ने केजरीवाल को छठी बार समन भेजा है, लेकिन वह एक बार भी उपस्थित नहीं हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने समन को असंवैधानिक करार दिया है, जबकि फिलहाल ईडी के सामने पेश होने की वैधता की अदालत जांच कर रही है। आप के सूत्रों ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि ईडी ने इस मामले को खुद अदालत में लाने की पहल की है। लगातार समन जारी करने की बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए, जिससे उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू हो सके। इससे पहले, ईडी ने 31 जनवरी को केजरीवाल को समन जारी किया था और उन्हें 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था। यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था। वित्तीय जांच एजेंसी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते हैं और इसके लिए उल्टे-सीधे बहाने बनाते हैं। एजेंसी ने कहा था, अगर उनके जैसे उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी ने कानून की अवज्ञा की, तो यह आम लोगों के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित करेगा। ईडी द्वारा 17 फरवरी को समन का पालन न करने के खिलाफ दिल्ली की अदालत में जाने के बाद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष पेश हुए।

## खबरें एक नजर में

### फ्रांस के सीनेट अध्यक्ष लार्चर भारत की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर, पांच अन्य सीनेटर के प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों और संसदीय सहयोग को बढ़ाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आये हुये हैं। यह उनकी भारत में पहली आधिकारिक यात्रा है। फ्रांसीसी दूतावास ने सोमवार को बताया कि श्री लार्चर और उनका प्रतिनिधिमंडल 19 और 20 फरवरी को अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी सीनेट और भारत की संसद के बीच एक समर्पित समझौते सहित सहयोग और आपसी समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। इस दौरान, श्री लार्चर को नए संसद भवन का निर्देशित दौरा भी कराया जाएगा। श्री लार्चर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले, उन्होंने गत वर्ष 14 जुलाई को श्री मोदी की पेरिस यात्रा के दौरान उनसे तब मुलाकात की थी, जब उन्होंने और सभी प्रमुख संसदीय समूहों के नेताओं ने फ्रांसीसी सीनेट में प्रधानमंत्री का स्वागत किया था।

### शाहजहां शेख को बचा रही है ममता सरकार : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार बलात्कार के आरोपित शाहजहां शेख को बचा रही है। पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी के लोग सिर्फ 30 फीसदी वोट पाने के लिए खोज-खोज कर हिन्दू महिलाओं को उठाते थे और उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करते थे। संदेशखाली में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा के प्रतिनिधियों को वहां जाने से रोका जा रहा है। चटर्जी ने आरोप लगाया है कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शेख को ममता सरकार अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी दिखाती है कि वह किस तरह से अपराधियों के साथ खड़ी हैं। चटर्जी ने कहा कि पीड़ित महिलाओं की एफआईआर तक नहीं लिखी जा रही है। उन्हें धमकियां मिल रही हैं। शेख और उनके लोग महिलाओं पर अत्याचार कर रहे थे और रात को फोन कर उन्हें बुलाते थे।

### पीएम 27 को तिरुपुर में एनमनएन मक्कल पदयात्रा का करेंगे समापन

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां 27 फरवरी को एन मन एन मक्कल पदयात्रा के अंतिम दिन इसमें भाग लेंगे और 28 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई दिल्ली में भाजपा की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के बाद सोमवार को चेन्नई पहुंचे। चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए अन्नामलाई ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 27 फरवरी को पल्लादम में एन मन एन मक्कल पदयात्रा के अंतिम दिन में भाग लेने के लिए तमिलनाडु आने वाले हैं। दूसरे दिन 28 फरवरी को वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके नेतृत्व में पदयात्रा 27 फरवरी को तिरुपुर जिले में अपने 234 वें निर्वाचन क्षेत्र पल्लदम में प्रवेश करेगी, जो इस यात्रा का आखिरी पड़ाव होगा।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 को जाएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 फरवरी को छत्तीसगढ़ आएंगे। वे बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोंडागांव में पार्टी द्वारा गठित कलस्टर क्षेत्र में शामिल तीन लोकसभा क्षेत्रों के वरिष्ठ पदाधिकारियों, प्रभारी और सहप्रभारी के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों को चार कलस्टर में विभाजित किया है। बस्तर, महासमुंद और कांकेर एक कलस्टर में शामिल हैं। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव की बैठक में अमित शाह इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा कर लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण निर्देश देंगे।

### पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव व डीजीपी तलब

**नई दिल्ली।** भाजपा के लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार द्वारा दुर्व्यवहार, क्रूरता और जानलेवा चोट पहुंचाने के मामले में की गई शिकायत को लेकर लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका, पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, उत्तर 24 परगना के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट शरद कुमार द्विवेदी, बशीरहाट जिले के पुलिस अधीक्षक हुसैन मेहदी रहमान और अतिरिक्त एसपी पार्थ घोष को आज तलब किया हुआ है। गौरतलब है कि, पश्चिम बंगाल से भाजपा के लोकसभा सांसद एवं पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखकर ममता बनर्जी सरकार में पुलिस और सुरक्षा बलों पर अपने साथ दुर्व्यवहार एवं क्रूरता करने और जानलेवा चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए बतौर सांसद अपने विशेषाधिकार के उल्लंघन और प्रोटोकॉल मानदंडों के उल्लंघन की शिकायत की थी।

# बजाज आलियांज ने अयोध्या में खोला नया कार्यालय

समृद्धि न्यूज




**अयोध्या।** भारत की अग्रणी प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में अपना नया कार्यालय खोला। उत्तर प्रदेश राज्य के अग्रणी बीमाकर्ता के लिए अयोध्या में ऑफिस खोला जाना कंपनी के रणनीतिक विस्तार और राज्य में बीमा अंतर को पाटने तथा साथ ही साथ इसके आर्थिक विकास को और मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विश्व पटल पर छाये धार्मिक शहर अयोध्या अब समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था में अभिन्न भूमिका निभाने जा रहा है। ऐसे में अब बजाज आलियांज का लक्ष्य अपने नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करके अयोध्या के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में रोजाना लाखों भक्त और पर्यटक आ रहे हैं और इस सूरत में अयोध्या एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर चुका है।

इन परिस्थितियों ने अयोध्या और आसपास के इलाकों में हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए बीमा सलूशन की डिमांड जनरेट करेगा और ऐसे में बजाज आलियांज अपने विभिन्न प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के जरिये इन उभरती जरूरतों को पूरा कर अयोध्या के चहुंमुखी आर्थिक विकास में में योगदान देने वाला है। अयोध्या में कार्यालय का खोला जाना यह दर्शाता है कि बजाज आलियांज राज्य भर में बीमा कवरेज को बढ़ाने के प्रयासों को शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई नेताओं को सीआईडी ने भेजा समन

**गुवाहाटी।** असम पुलिस की अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईडी) ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों को कथित रूप से नष्ट करने के आरोप में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित कई कांग्रेस नेताओं को समन भेजा है। इन सभी कांग्रेस नेताओं को 23 फरवरी को सीआईडी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, पिछले दिनों राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में राहुल गांधी समेत कई कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध राज्य के गुवाहाटी, जोरहाट तथा गहपुर शहर में मामले दर्ज किए गए थे। इस मामले में अब सीआईडी ने राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, जितेंद्र सिंह, भूपेन बोरा, गौरव गोगोई, देबब्रत सैकिया, जाकिर हुसैन सिकदर और रमेन कुमार शर्मा को समन भेजा गया है। सीआईडी ने इन नेताओं को 23 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है।

# उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी की संभावना

- हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में 21 फरवरी तक बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। ऐसे में 500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर सड़कें बंद रहेंगी। बर्फ जमने से सड़कें फिसलन भरी होंगी। कहीं-कहीं अवरोध भी उत्पन्न हो सकता है। बिजली-पानी की समस्या भी परेशान कर सकती है।

हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों के नजदीक प्रतिष्ठानों और बस्तियों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। बारिश और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने एवं ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी इलाकों में कुछ स्थानों पर शीत दिवस की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आज उत्तराखंड में 2800 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी के आसार हैं तो 20 से 21 फरवरी तक 2500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। आम लोगों को सलाह दी गई है कि वे पहाड़ों में बिजली की विफलता और ठंड की स्थिति को सहने के लिए पावर बैकअप की वैकल्पिक व्यवस्था करें। साथ ही भोजन और दवा, प्राथमिक चिकित्सा किट का भी पर्याप्त भंडार रखने की सलाह दी है।



### इन जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना

19 फरवरी को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर जिले में भारी बारिश की संभावना है, तो 21 फरवरी को टिहढ़ी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार जिले में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि की संभावना है।

### मौसम विभाग की सलाह, तैयार रखें बर्फ हटाने वाली मशीन

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने मौसम के पांच दिवसीय पूर्वानुमान का अलर्ट जारी किया है। राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों को सलाह दी है कि वे लगभग 2500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फ हटाने वाली मशीन तैयार रखें। लोग वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, क्योंकि बर्फ के कारण सड़कें फिसलन भरी होंगी।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन की वजह से बंद

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। इस वजह से राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मेहद, तबेला चामलवास और बनिहाल में भूस्खलन के कारण राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई है। विभाग ने लोगों को मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक एनएच-44 पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि लोग यात्रा शुरू करने से पहले ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट (टीसीयू) से संपर्क करें। जम्मू-कश्मीर में सोमवार को ताजा बर्फबारी होने के साथ बारिश शुरू हो गई है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और हिमालयी क्षेत्र में तापमान में गिरावट आई है।

# 22 जिलों में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की शुरूआत

समृद्धि न्यूज

Digital Doctor Clinic

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में धरातल पर उतरी डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना

**लखनऊ।** ओब्डू ग्रुप अपनी सहायक कंपनी ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड माध्यम से उत्तर प्रदेश में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की पूरी परियोजना को धरातल पर उतारने की घोषणा की गयी। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लेने पहुंचे कम्पनी के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित बुलन्दशहर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोण्डा, बहराइच, कन्नौज, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, मिर्जापुर, गाजीपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, बांदा, हमीरपुर, प्रतापगढ़, भदोई, कौशाम्बी, चित्रकूट और गोरखपुर में धरातल पर उतारी जा रही है और जल्द ही यह परियोजना पूरे उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में शुरू कर दी जायेगी।

इस परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये सीईओ संजय कुमार ने बताया कि पूरी परियोजना के क्रियान्वयन में लगभग दस हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा है और परियोजना के माध्यम से राज्य के एक लाख नब्बे हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक टेलीमेडिशन सिद्धांत पर कार्य करनेवाला भारत का पहली परियोजना है जो गांव और सुदूर क्षेत्र में मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए टेलीमेडिशनके साथ-साथ एक स्वास्थ्य से संबंधित कर्मचारीकी उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए धरातल पर उतरा है। नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए उच्च तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकी का उपयोग ग्रामीण तथा सुदूर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करना तथा अशिक्षित (झोलाछाप) डॉक्टर की लापरवाही से इलाज के दौरान होने वाली मृत्यु दर को कम करना डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्देश्य है। प्रदेश सरकार तथा ओब्डू ग्रुप के इस समझौता ज्ञापन के प्रथम चरणमें 350 करोड़ का निवेश के लिए एमओयू किया गया था। जिसकी धरातल पर मांग और सफलता को देखते हुये एमओयू की राशि को बढाकर 3,350 करोड़ कर दिया गया है कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरी परियोजना के माध्यम से प्रदेश में 10,000 करोड़ से अधिक का निवेश होगा।

### विधायक मरेंद्रजीत मालवीया बीजेपी में हुए शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस को सोमवार को उस समय झटका लगा जब चार बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। बांसवाड़ा जिले की बागीदौरा सीट से विधायक मालवीया ने इस अवसर पर कहा कि वह वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। दक्षिण राजस्थान के आदिवासी इलाके को वागड़ कहा जाता है जिसमें बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिले शामिल हैं। पूर्व सांसद एवं बागीदौरा सीट से लगातार चार बार के विधायक मालवीया जयपुर में भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे जहां पार्टी के राज्य प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी और अन्य नेताओं ने उनका पार्टी में स्वागत किया। मालवीया ने कहा कि वह कल दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मिले और पार्टी की राष्ट्रीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी के संबोधन से प्रभावित हुए।

# पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आलू का करें इस्तेमाल



किचन में मौजूद आलू न सिर्फ खाने के स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह कई स्किन संबंधी समस्याओं से भी राहत देने का काम करता है। चेहरे पर दाग-धब्बे, मुंहासे, पिगमेंटेशन और ऑयली स्किन जैसे कई समस्याओं में आलू काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। क्योंकि आलू में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो आपकी सेहत के साथ ही सुंदरता को भी बढ़ाने का काम करता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको आलू से स्किन प्रॉब्लम्स से छुटकारा पाने और खूबसूरती बढ़ाने के कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**मुंहासों से छुटकारा :** फेस पर मुंहासे होने पर आप मार्केट से महंगी क्रीम अप्लाई करने की जगह आलू का इस्तेमाल कर सकती हैं। एक चम्मच आलू के रस में एक चम्मच टमाटर का रस और शहद मिलाकर फेस पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। सप्ताह में तीन बार इस फेसपैक को लगाने से आपको जल्द ही मुंहासों से छुटकारा मिलता है।

**ऑयली स्किन के लिए आलू :** ऑयली त्वचा के पर धूल-मिट्टी जम जाती है और मुंहासों की समस्या होने लगती है। ऐसे में आलू स्किन का एक्स्ट्रा ऑयल कम करने के लिए आपके बहुत काम आएगा। इसके लिए 2 आलू को उबालकर मैश कर लें। फिर 1 चम्मच ओट्स पीसकर पाउडर बना लें। मैश किए आलू और ओट्स पाउडर में 2 चम्मच दूध और 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। फिर इसको सप्ताह में दो बार फेस पर अप्लाई करें। इससे त्वचा का एक्स्ट्रा ऑयल कम होता है और फेस की चमक बढ़ती है।

**दाग-धब्बे होंगे दूर :** दाग-धब्बे और मुंहासे चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ने का काम करता है। वहीं इन दागों के लंबे समय तक रहने से चेहरे की रंगत कम हो जाती है। ऐसे में फेस के दाग-धब्बों को हटाने के लिए आलू का इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि 1 चम्मच आलू के रस में आधा चम्मच गुलाबजल और 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। अब इस फेसपैक को चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। जब फेसपैक सूख जाए, तो चेहरा धो डालें। सप्ताह में दो बार इस फेसपैक को लगाने से चेहरे के दाग-धब्बे गायब हो जाती हैं और आपकी त्वचा सॉफ्ट नजर आती है।

**पिगमेंटेशन :** कई लोगों की त्वचा सेंसिटिव होती है, तो पिगमेंटेशन की समस्या हो जाती है। वहीं उम्र बढ़ने के साथ भी पिगमेंटेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप आलू का इस्तेमाल कर सकती हैं। 1 चम्मच आलू के रस में 1 चम्मच चावल का आटा, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच नींबू का रस मिलाकर फेस स्क्रब बना लें। फिर इसको गर्दन और फेस पर अप्लाई करें। जब यह सूख जाए, तो फेस पर हल्का सा पानी लगाकर रगड़ते हुए इसे साफ कर लें। सप्ताह में दो से तीन बार इस फेस स्क्रब को लगाने से पिगमेंटेशन की समस्या से बचा जा सकता है। जिससे आपकी त्वचा साफ होती है और चेहरे का निखार बढ़ता है।

**स्किन का रूखापन :** आलू की सब्जी बनाने के दौरान हम सभी आलू का छिलका फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलू के छिलकों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की चमक को बढ़ाता है। आलू के छिलके का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्राईनेस दूर होती है। स्किन की ड्राईनेस को दूर करने के लिए आलू के छिलकों को पीसकर उसमें बेसन और दही का पेस्ट बनाकर इसको चेहरे पर लगाएं। फिर 15 मिनट तक सूखने के फेस को पानी से धो डालें। इससे आपकी त्वचा सॉफ्ट और शाइनी होगी साथ ही स्किन का रूखापन भी दूर होगा।

**ऐसे बढ़ाएं चेहरे की चमक :** धूल-मिट्टी, तनाव, प्रदूषण, गलत खानपान, नींद की कमी से चेहरे की चमक को फीका करता है। चेहरे का निखार वापस लाने के लिए आप महंगे प्रोडक्ट की जगह किचन में मौजूद आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं। बता दें कि 3 चम्मच आलू के रस में 2 चम्मच शहद मिलाकर फेस और गर्दन पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट तक लगाए रहने के बाद चेहरे को पानी से धो डालें। रोजाना इस फेसपैक को लगाने कुछ ही दिनों में चेहरे की चमक बढ़ जाएगी।

# स्वास्थ्य के लिए वरदान है प्रोटीन से भरपूर कुलथी दाल

दाल प्रोटीन का सबसे अच्छा सोर्स मानी जाती है। कुछ लोग शरीर में से प्रोटीन की कमी पूरी करने के लिए अरहर, मसूर, उड़द, चना और मटर जैसी दालों का सेवन करते हैं। परंतु इन सभी के अलावा भी कुलथी दाल भी स्वास्थ्य को ढेरों फायदे देती है। इस दाल के बारे में बहुत से कम लोग जानते हैं लेकिन यह भी प्रोटीन का बहुत अच्छा स्रोत मानी जाती है। यह कई तरह की गंभीर बीमारियों से लड़ने में भी मदद करती है। इस दाल में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फास्फोरस जैसे गुण मौजूद होते हैं। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कुलथी दाल खाने के फायदे।



हार्ट रहेगा हेल्दी

पोषक तत्वों से भरपूर कुलथी दाल हार्ट के लिए भी बेहद फायदेमंद मानी जाती है। यह दिल को दुरुस्त रखने में मदद करती है। नियमित तौर पर कुलथी दाल का सेवन करने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है।

डायबिटीज रहेगी कंट्रोल

कुलथी दाल में पाए जाने वाले गुण ब्लड शुगर लेवल कम करने में मदद करते हैं। इससे शरीर में इंसुलिन रेसिस्टेंट भी सुधारता है। ऐसे में यदि आप डायबिटीज के रोगी है तो इस दाल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आप कुलथी दाल का सेवन कर सकते है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल घटाता है।

### वजन होगा कम

यदि आप मोटापे से परेशान हैं और वजन कम करना चाहते हैं तो इस दाल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसका सेवन करने से आपको वजन कम करने में मदद मिलेगी। यह फाइबर से भरपूर होती है ऐसे में इसका सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है।

### सीजनल फ्लू से होगा बचाव

बदलते मौसम में सीजनल फ्लू जैसे सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार जैसी समस्या आम है ऐसे में आप इस दाल का सेवन कर सकते हैं क्योंकि कुलथी दाल की तासीर गर्म होती है यह सीजनल फ्लू से छुटकारा दिलवाने में मदद करती है। इसके अलावा सर्दियों में यह शरीर को गर्म रखने में मदद करती है।

### कब्ज होगी दूर

इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। कुलथी दाल का सेवन करने से कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है।